Azadi Ka Amrit Mahotsav

SPICES BOARD 35 Glorious Years 1987- 2022

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2021-22

स्पाइसेस बोर्ड भारत

स्पाइसेस बोर्ड भारत
SPICES BOARD INDIA
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
Ministry of Commerce & Industry
भारत सरकार
Government of India
कोचिन / Cochin – 682 025

Export of Indian Spices
1987 - 2022



1987-88
Rs. 298 Cr
0.7 lakh MT

2010-11
Rs. 6841 Cr
5.26 lakh MT

2014-15
Rs. 14900 Cr
8.94 lakh MT

2020-21
Rs.30973 Cr
17.58 lakh MT

2021-22
Rs.30576 Cr
15.31 lakh MT

TREND IN EXPORT OF CARDAMOM (SMALL) FOR LAST 3 DECADES

Between 2013-2022,
India's spices exports increased by 87 % in volume and 123% in value (Rs.) & 81% in value (USD) – CAGR of 8% in volume, and 10.5% in value (Rs.) & 8% in value (USD)

Spices export now contributes 9% to the total Agri-export basket and over 40% of India's horti exports

50% share of value added products in exports.

6500 + exporters
(750 + manufacturers)

Mission Clean Spices
Collaborative projects for promotion of INDGAP Certification through QCI, NSSP with Industry, STDF (WTO and FAO) project on improving spice value chain.

The Indian Cardamom Research Institute (ICRI) - release of superior varieties of small (8) & large cardamom (2)

Weather Based Crop Insurance Scheme for Cardamom
Project to support the cardamom farmers initiated in 2021-22 in the cardamom tracts of Idukki district.

Large Cardamom
Increase in Productivity– 96 kg/ha in 1987 to 279.45 kg/ha in 2021-22

Increase in Production – 3250 MT in 1987 to 8812 MT in 2021-22

Small Cardamom
Increase in Productivity – 46 kg/ha in 1987 to 500.59 kg/ha in 2021-22

Increase in Production – 3200 MT in 1987 to 23340 MT in 2021-22

GI Tag for Indigenous Spices

Codex Committee
on Spices and Culinary Herbs

स्पाइस्तेस्त बोर्ड
भारत

वार्षिक रिपोर्ट 2021-22

स्पाइसेस बोर्ड
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
सुगंध भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 2277, पालारिवट्टम पी.ओ.,
एरणाकुलम - 682 025
www.indianspices.com



संकलन एवं संपादन

श्री जोजी मात्यू
उप निदेशक

श्री नितिन जो
उप निदेशक

श्री टी. पी. प्रत्यूष
उप निदेशक

श्री बिजू डी. षेणाई
वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक

सुश्री अनीनामोळ पी.एस.
संपादक

तकनीकी समर्थन
श्री आर. जयचंद्रन
ईडीपी सहायक

विषय सूची

स्पाइसेस बोर्ड की प्रवाल जयंती - एक पुनर्कथन 05

कार्यकारी सारांश 08

1. संघटन और प्रकार्य 13
2. प्रशासन 16
3. वित्त और लेखा 22
4. निर्यातोन्मुख उत्पादन 23
5. निर्यात विकास और संवर्धन 33
6. व्यापार सूचना सेवा 53
7. प्रचार एवं संवर्धन 61
8. कोडेक्स सेल और हस्तक्षेप 64
9. गुणवत्ता में सुधार 66
10. निर्यातोन्मुख अनुसंधान 70
11. सूचना प्रौद्योगिकी और इलैक्ट्रोनिक डाटा प्रक्रमण 75
12. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन 77

भविष्य की ओर 78

परिशिष्ट

1. सांविधिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2021-22 के खंड 80

स्पाइसेस बोर्ड की प्रवाल जयंती-एक पुनर्कथन
राष्ट्र की सेवा में स्पाइसेस बोर्ड 35 यशस्वी वर्ष पूरा कर रहा है

स्पाइसेस बोर्ड इंडिया, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने वाली अग्रणी संगठन, 1987 में अपनी स्थापना के बाद से अंतर्राष्ट्रीय मसाला आयातकों और भारतीय निर्यातकों के बीच संबंध जोड़ने वाली कड़ी के रूप में कार्य करता है। छब्बीस फरवरी 2022 को, स्पाइसेस बोर्ड इंडिया ने राष्ट्र की सेवा में 35 यशस्वी वर्ष पूरे किए।

मसाला बोर्ड का गठन मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत भूतपूर्व इलायची बोर्ड और मसाला निर्यात संवर्धन परिषद के विलयन से किया गया था। तब से बोर्ड, भारतीय मसालों और मसाला उद्योग की उत्कृष्टता के लिए और मसाला क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेशों के आयातकों के बीच एक प्रभावी कड़ी रहा है। पिछले कुछ वर्षों में बोर्ड ने अपनी पहुंच का विस्तार किया और मसाले क्षेत्र की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक अखिल भारतीय उपस्थिति के साथ फैल गया। वर्ष 2020 में सफल पुनसंरचना के साथ बोर्ड एक लीन और सक्षम संगठन में बदल गया है।

विश्व स्तर पर, भारतीय मसाले अपने उत्कृष्ट सुवास, स्वाद, सुगंध और कुछ मामलों में, उनके औषधीय और न्यूट्रास्यूटिकल गुणों के कारण सबसे अधिक लोकप्रिय बने हुए हैं। भारत की ताकत मसालों में उनके विविध उत्पादन आधार है। भारत अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन द्वारा सूचीबद्ध 109 मसालों में से 75 का उत्पादन करता है, जिसे दुनिया का मसाला कटोरा कहा जाता है। भारतीय मसाले निर्यात बास्केट भी 225 मसाले एवं मसाला उत्पादों के साथ विविध और जीवंत है जो 180 से अधिक देशों को निर्यात किए जाते हैं। भारतीय मसाला निर्यात भारत के कुल कृषिनिर्यात का नौ प्रतिशत और भारत का उद्यानिकी निर्यात का 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान करता है।

बोर्ड के सक्रिय एवं नव प्रवर्तनकारी हस्तक्षेप विश्व मसाला व्यापार में भारत का नेतृत्व बनाए रखने एवं सुदृढ बनाने में योगदान दिया। भारत मसालों और मसाला उत्पादों का प्रमुख उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक बना हुआ है और मसालों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में एक वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। बोर्ड पणधारियों की सभी श्रेणियों; मसाला उत्पादक, निर्यातक, आयात करने वाले देशों के व्यापार संवर्धन और नियामक निकाय, अंतरसरकारी संगठन आदि के साथ मिलकर काम करता है। भारतीय मसाला उद्योग का लक्ष्य मसालों के प्रसंस्करण एवं मूल्य वर्धन के लिए वैश्विक केंद्र और औद्योगिक और खुदरा क्षेत्रों के स्वच्छ एवं सुरक्षित और मूल्य वर्धित मसाले और मसाला उत्पादों के प्रमुख प्रदायक बनना है।

भारतीय मसाला उद्योग का उद्देश्य मसालों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए वैश्विक केंद्र और वैश्विक मसाला बाजार के औद्योगिक और खुदरा क्षेत्रों में स्वच्छ, सुरक्षित और मूल्य वर्धित मसालों और मसालों के उत्पादों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनना है।

मसाला क्षेत्र में स्पाइसेस बोर्ड द्वारा पिछले 35 वर्षों में प्राप्त /किए गए कुछ प्रमुख उपलब्धियां/हस्तक्षेप इस प्रकार हैं:

- भारत से मसालों का निर्यात पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़ा है। निर्यात ने पहली बार 2020-21 के दौरान 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक सीमा चिह्न को पार किया। मसाला निर्यात वर्ष 1987 के 229.90 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। रुपये के संदर्भ में,

यह वृद्धि वर्ष 1987 में 300 करोड़ से वर्ष 2022 में 30576 करोड़ हो गया है। इस अवधि के दौरान, भारत मसाला प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरा है।

- एक ही हब में किसानों और निर्यातकों कि निर्यात इकाइयों के लिए सामान्य प्रसंस्करण/मूल्य संवर्धन सुविधाएं लाने के लिए पूरे भारत में आठ अत्याधुनिक मसाना पार्कों की स्थापना की।
- उत्पादन/निर्यात केंद्रों के दरवाज़े पर सामान्य प्रसंस्करण सुविधाएँ लाने के लिए पूरे भारत में आठ अत्याधुनिक मसाला पार्कों की स्थापना की।
- आयातक देशों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निर्यात के लिए मसालों की गुणवत्ता आकलन करने एवं प्रमाणित करने के लिए प्रमुख अत्पादन/ प्रसंस्करण/ निर्यात केंद्रों में आठ गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएँ स्थापित की।
- अंतर्राष्ट्रीय मसाला उद्योग के लिए व्यापार अभिसरण के अग्रणी मंच, 'वॉल्ड स्पाइस कॉन्ग्रेस' एक द्विवार्षिक कार्यक्रम, प्रारंभ किया और भारत के विभिन्न शहरों में अभी तक 13 संस्करण आयोजित किया।
- बोर्ड के अथक प्रयास के परिणामस्वरूप 2014 में मसाले एवं शाकों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों, दिशानिर्देशों और प्रथाओं के कोड विकसित करने के लिए एफएओ और डबल्यूएचओ के तहत अंतर्राष्ट्रीय संगठन कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग, रोम के तहत मसाले एवं पाक शाकों पर एक विशिष्ट कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच) की स्थापना हुई। भारत समिति की अध्यक्षता करता है और बोर्ड इसके सचिवालय के रूप में कार्य करता है। अब तक, पाँच सीसीएससीएच सत्रों में, आठ मसालों के लिए गुणवत्ता मानक विकसित किए गए ह काली/सफेद/हरी कालीमिर्च, जीरा, थाइम, लहसुन, लौंग, ओरगेनो, तुलसी और अदरक।
- भारतीय मसाला क्षेत्र 26 स्वदेशी मसाला किस्मों के लिए भौगोलिक संकेत (जीआई) पंजीकरण का दावा करता है और कई अन्य के लिए क्षमता रखता है। स्पाइसेस बोर्ड ने पाँच मसालों के लिए जीआई पंजीकरण प्राप्त किया है; एलेप्पी ग्रीन कार्डमम, कुर्ग ग्रीन कार्डमम, मलबार पेप्पर, गुंटूर सन्नम मिर्च और ब्यादगी मिर्च।
- मसालों की उन्नति के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेन्सियों के साथ प्रमुख सहयोगी उत्पाद प्रारंभ किया जैसे भारतीय गुणवत्ता परिषद के साथ आईएनडीजीएपी (अच्छी कृषि प्रथाएँ); भारत में मसाला मूल्य श्रृंखला को मज़बूत करना और डबल्यूटीओ और एफएक्यू के एसटीडीएफ के साथ क्षमता निर्माण एवं नव प्रवर्तनकारी हस्तक्षेप के द्वारा बाज़ार पहुंच सुधार करना; विश्व मसाला संगठन (डबल्यीएसओ), अखिल भारतीय मसाला निर्यातक फोरम (एआईएससीएफ), आईडीएच और जीआईज़ेड, जर्मनी के सहयोग से राष्ट्रीय सतत मसाला कार्यक्रम; यूएनडीपी की एक्सेलेरेटर लैब आदि के सहयोग से मसालों के लिए ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म का विकास।
- भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान, बोर्ड की अनुसंधान शाखा, ने छोटी और बड़ी इलायची की निम्नलिखित श्रेष्ठ किस्में जारी की:

  छोटी इलायचीः केरल क्षेत्र के लिए आई सी आर आई 1, आई सी आर आई 2, आई सी आर आई 5, आई सी आर आई 6, आई सी आर आई 7, कर्नाटक क्षेत्र के लिए आईसीआरआई 3, आईसीआरआई 8; तमिलनाडु क्षेत्र के लिए आईसीआरआई 4

  बडी इलायचीः आईसीआरआई सिक्किम 1 और आईसीआरआई सिक्किम 2
- वर्ष 1987 से 2022 के बीच की अवधि में छोटी और बड़ी इलायची के उत्पादन और उत्पादकता में भी वृद्धि देखी गई। छोटी इलायची का उत्पादन वर्ष 1987 के 3200 मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2022 में 23340 मीट्रिक टन हो गया, जबकि इसकी उत्पादकता वर्ष 1987 के 46 किलोग्राम / हेक्टेयर से बढ़कर वर्ष 2022 में 500.59 किलोग्राम/हेक्टेयर हो गई। इस अवधि के दौरान बड़ी इलायची के उत्पादन में 3250 मीट्रिक टन से 8812 की वृद्धि हुई। इसकी उत्पादकता वर्ष 1987 के 96 किग्रा / हेक्टेयर से बढ़कर वर्ष 2022 में 279.45 किग्रा / हेक्टेयर हो गई।
- भारतीय मसाला क्षेत्र के हितार्थ तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए बोर्ड हमेशा सबसे आगे रहा है। पुट्टडी, केरल और बोडिनायकनूर, तमिलनाडु में अपने नीलामी

केंद्रों में छोटी इलायची के लिए कार्यान्वित ईनीलामी प्रणाली जिसे बाद में क्लाउड आधारित ईनीलामी में अपग्रेड किया गया, नीलामी केंद्रों को डिजिटल रूप से जोड़ा गया।

- बोर्ड ने अपने कार्यालयों के माध्यम से तेजी से और अधिक पारदर्शी अंतर सरकारी और सरकार के भीतर संचार प्राप्त करने के लिए 2013 में ईऑफिस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू किया।
- भारत के मसाला निर्यातकों को दुनिया भर के खरीददारों से जोड़कर स्पाइस एक्सचेंज इंडिया का प्रारंभ किया, जो एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो निर्यात सरणीकरण के लिए मसाले व्यापार डेटा एवं एआई आधारित मैचमेकिंग के एकीकरण का दावा करता है।

स्पाइसेस बोर्ड अपनी बहुविध गतिविधियों के साथ मसाला क्षेत्र में सफलता का संश्लेषण कर रहा है जिसका उद्देश्य समग्र विकास और निर्यात में वृद्धि करना है। इन 35 वर्षों में स्पाइसेस बोर्ड की उत्तेजित यात्रा फलदायी रही है। बोर्ड लचीला एवं सक्षम कार्यक्रमों और हस्तक्षेपों के द्वारा देश से मसालों के निर्यात बढ़ाने का इच्छुक है और इसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हुए दुनिया भर के विभिन्न उपभोक्ताओं की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उच्च अंत मूल्यवर्धन और नए उत्पाद विकास पर अतिरिक्त जोर के साथ भारतीय मसाला उद्योग का प्रतिस्पर्धात्मक धार बनाए रखना है। बोर्ड के आने वाले वर्ष भारतीय मसाला क्षेत्र के लिए और अधिक गौरव और सफलता की शुरुआत करने वाले उत्प्रेरक बनें।

स्पाइसेस बोर्ड का प्रवाल जयंति समारोह

बोर्ड का कोरल जयंती समारोह 26 फरवरी 2022 को एक हाइब्रिड कार्यक्रम में शुरू हुआ, जिसका उद्घाटन श्री पीयूष गोयल, माननीय कपड़ा, वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री, भारत सरकार ने किया। उद्घाटन समारोह में देश भर के मसाला किसानों और निर्यातकों ने भाग लिया और मंत्री के साथ बातचीत की, भारतीय मसाला उद्योग के भविष्य के विकास के लिए चर्चा और विचारविमर्श को बढ़ावा दिया।

श्री पीयूष गोयल ने इस आयोजन के दौरान डाक टिकट और मौसम आधारित फसल बीमा योजना दोनों का शुभारंभ किया, जिसे मसाला बोर्ड के अधिकारियों, निर्यातकों, किसानों और मसाला उद्योग के विभिन्न अन्य हितधारकों की उपस्थिति में होटल मानसून एम्प्रेस, कोच्चि में समन्वयित किया गया था। मंत्री ने कोच्चि निज़ामाबाद, वारंगल, मुंबई, उंझा, जोधपुर, गुवाहाटी, गंगटोक और कश्मीर सहित देश के विभिन्न हिस्सों के मसाला किसानों और निर्यातकों के साथ हितकर बातचीत की।

श्री पीयूष गोयल ने उद्घाटन भाषण के दौरान अपनी शुरुआत से दुनिया भर में भारतीय मसालों को बढ़ावा देने में मसाला बोर्ड की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, स्पाइस बोर्ड, जो दुनिया भर में भारतीय निर्यातकों और आयातकों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है, ने अंतरराष्ट्रीय निर्यात को बढ़ावा देने में मदद की है। 2014-21 के बीच पिछले 7 वर्षों में निर्यात मात्रा में 115 प्रतिशत और मूल्य में 84 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और पिछले साल 4.18 अरब अमेरिकी डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई तक पहुंच गया है जिससे पूरे देश में हमारे अन्नदाता, हमारे किसानों की आय में वृद्धि हुई है।

मंत्री ने इस क्षेत्र को और भी अधिक मसालेदार बनाने के लिए मसाला उद्योग के सामने 4 मसाले भी रखे

- भारतीय मसाले गुणवत्ता के ब्रांड एंबेसडर होंगे।
- ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के लिए पैकेजिंग पर ध्यान दें।
- मसाला पर्यटन को बढ़ावा देना।
- मसाला क्षेत्र में यूनिकॉर्न बनाएँ।

अपने भाषण का समापन करते हुए मंत्री ने स्पाइसेस बोर्ड से 2027 तक निर्यात को दोगुना करके 10 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य निर्धारित करने और फिर अगले पांच वर्षों 2032 में इसे और दोगुना करने का लक्ष्य रखा। उन्होंने मसाला उद्योग से 2047 अमृत काल भारतीय स्वतंत्रता के 100 साल की तैयारी करने का आग्रह किया, और बोर्ड से मसाला क्षेत्र को भारत के निर्यात का ध्वजवाहक बनाने के लिए एकत्र होकर काम करने के लिए कहा ताकि दुनिया हमारे स्वादिष्ट मसाले उत्पादों के साथ ब्रांड इंडिया को पहचान सके।

स्पाइस बोर्ड अपनी प्रवाल जयंति कई कार्यक्रमों के साथ मना रहा है जिसमें मसाला समुदाय के सभी प्रमुख हितधारकों जैसे कि मसाला उत्पादक, किसान, व्यापारी, नीलामीकर्ता और निर्यातक शामिल हैं।

कार्यकारी सारांश

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी संवर्धन के लिए एक अग्रणी संगठन है। बोर्ड भारतीय मसालों की उत्कृष्टता के लिए संचालित गतिविधियों की अगुवाई कर रहा है, ताकि भारतीय मसाला उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय प्रसंस्करण केंद्र बनने तथा वैश्विक मसाला बाजार के औद्योगिक, खुदरा और खाद्य सेवा क्षेत्रों में स्वच्छ और मूल्यवर्धित मसालों और शाकों के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित होने में मदद मिल सके। बोर्ड ने अपने विकास और प्रचार रणनीतियों के लिए गुणवत्ता और स्वच्छता को आधार बनाया है

वर्ष 2021-22 के दौरान कोविड 19 महामारी के प्रकोप जारी रहने के बावजूद, भारत से मसालों के निर्यात में वृद्धि बनाए रखी है और इसने 4.10 बिलियन अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार कर लिया है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान के 30,973.32 करोड़ रु. (4,178.80 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्यवाले 17,58,985 टन निर्यात की तुलना में, वर्ष 2021-22 के दौरान अनुमानित निर्यात 30,576.44 करोड़ रु. (4,102.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्यवाला 15,31,154 टन रहा। रीपोर्टाधीन अवधि के दौरान भारतीय मसाला निर्यात बास्केट में 225 मसाले और मसाले उत्पाद शामिल हैं जिनका निर्यात विश्व स्तर पर 180 गंतव्य स्थानों में किया गया। उनमें से प्रमुख देश चीन, अमेरिका, बांग्लादेश, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, मलेशिया, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और जर्मनी हैं।

वर्ष 2021-22 में, छोटी व बड़ी इलायची के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में मात्रा में 63 प्रतिशत की घातीय वृद्धि हुई। मसाला तेल और तैलीराल के निर्यात में मात्रा में 29 प्रतिशत और मूल्य में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मात्रा में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए, भारत ने 444,144.10 लाख रुपये मूल्य के 36,254 मीट्रिक टन पुदीना व पुदीना उत्पादों का निर्यात किया। मूल्य के संदर्भ में, भारतीय कालीमिर्च के निर्यात में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई और रिपोर्ट के तहत अवधि के दौरान कालीमिर्च का कुल निर्यात 21,863 मीट्रिक टन था जिसका मूल्य 75,331.23 लाख रुपये था। बड़ी सौंफ, लहसुन, अजवाइन और हींग, दालचीनी, कैसिया, कैम्बोज, केसर, मसाले (एनईएस) आदि सहित अन्य मसाले जैसे मसालों का निर्यात भी बढ़ गया है। मूल्य के हिसाब से मिर्च, मसाला तेल और तैलीराल, पुदीना उत्पाद, जीरा और हल्दी सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली वस्तुएं थीं।

दिनांक 01 अप्रैल 2021 से प्रभावी नई अवधि के लिए, बोर्ड मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण प्रमाण पत्र (सीआरईएस) ऑनलाइन जारी करता है। यह प्रमाण पत्र मसाला बोर्ड (निर्यातकों का पंजीकरण) (संशोधन) विनियम, 2021 के अनुसार जारी होने की तारीख से तीन साल के लिए वैध है। बोर्ड ने सीआरईएस शुल्क के भुगतान के लिए एक ऑनलाइन गेटवे प्रणाली भी शुरू की है। वर्ष के दौरान, बोर्ड ने मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण के 5,662 प्रमाण पत्र जारी किए, जिनमें से 5,027 व्यापारी श्रेणी में और 635 विनिर्माता श्रेणी में थे। बोर्ड ने 01 नवंबर 2021 से छोटी इलायची की नीलामी के लिए क्लाउड बेस्ड लाइव ईनीलामी प्रणाली भी शुरू की, जो पुट्टडी, केरल और बोडिनायकनूर, तमिलनाडु में दो नीलामी केंद्रों को जोड़ते हुए एक साथ ईनीलामी आयोजित करने में सक्षम है।

रिपोर्ट के तहत अवधि के दौरान, बोर्ड ने पूरे भारत में 526 इलायची ब्यौहारी लाइसेंस जारी किए, जिनमें से 489 लाइसेंस छोटी इलायची के लिए और 37 बड़ी इलायची के लिए थे। वर्ष 2020-23 की ब्लॉक अवधि के लिए पुट्टडी और बोडिनायकनूर में ईनीलामी और कर्नाटक व महाराष्ट्र में मैनुअल नीलामी आयोजित करने के लिए कुल 12 ईनीलामीकर्ता लाइसेंस और चार मैनुअल नीलामीकर्ता लाइसेंस जारी किए गए थे। जुलाई 2021 अगस्त 2022 के दौरान पुट्टडी, केरल और बोडिनायकनूर, तमिलनाडु में बोर्ड की ईनीलामी सुविधाओं के माध्यम से कुल 28730 मीट्रिक टन छोटी इलायची बेची गई थी। वर्ष 2021-22 के दौरान

छोटी और बड़ी इलायची का उत्पादन, छोटी इलायची में 500.58 किलोग्राम/हेक्टेयर और बड़ी इलायची में 279.45 किलोग्राम/। हेक्टेयर उत्पादकता के साथ, क्रमशः 23,340 मीट्रिक टन और 8,812 मीट्रिक टन था।

वर्ष 2021-22 के दौरान बोर्ड के लिए अनुमोदित बजट 11,550.00 लाख रुपये था। अनुदान के लिए 6,896.00 लाख रुपये, इमदाद के लिए 3,055.00 लाख रुपये, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रावधान की ओर से 849.00 लाख रुपये की राशि; अनुसूचित जाति उपयोजना के प्रावधान की ओर से 400.00 लाख रुपये; और वर्ष 2021-22 के दौरान भारत सरकार से जनजातीय उपयोजना के प्रावधान की ओर से 350.00 लाख रुपये बोर्ड को प्राप्त हुए थे। बोर्ड ने गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला द्वारा प्रदान की जाने वाली गुणवत्ता जांच सेवाओं के लिए विश्लेषणात्मक शुल्क, अनुसंधान फार्मों की नर्सरी और कृषि उत्पादों से रोपण सामग्रियों की बिक्री, सदस्यता और विज्ञापन शुल्क, निर्यातकों के पंजीकरण शुल्क, अग्रिम पर ब्याज, अल्पकालिक जमा पर ब्याज आदि से 2,323.44 लाख रुपये का आंतरिक और अतिरिक्त बजटीय संसाधन (आईईबीआर) उत्पन्न किया है। वर्ष 2021-22 के दौरान बोर्ड का कुल व्यय 12,061.49 लाख रुपये था।

मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, बोर्ड ने वर्ष 2021-22 के दौरान सात घरेलू क्रेताविक्रेता बैठकें और 12 अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित कीं। मसाला व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए प्रगतिशील पणधारियों को आकर्षित करने, प्रेरित करने और लैस करने के लिए, मसाला बोर्ड उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, जिसमें पूरे भारत के प्रतिभागी शामिल हैं। वर्ष के दौरान, बोर्ड ने आठ उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे 800 से अधिक प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

वर्ष 2021-22 के दौरान, बोर्ड ने वैश्विक स्तर पर भारतीय मसालों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 17 घरेलू व्यापार मेलों और दो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों में भाग लिया। महामारी द्वारा बाजार लिंकेज के निर्माण में हुए अंतर को दूर करने के लिए, भारतीय मसाला उद्यमियों को लाभान्वित करने के लिए, व्यापार के अवसर प्रदान करने के लिए मसाला बोर्ड के 3 डी वर्चुअल पोर्टल स्पाइस एक्सचेंज इंडिया को विकसित और लॉन्च किया गया था। इस पोर्टल का शुभारंभ भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री सोम प्रकाश ने 20 जनवरी 2022 को किया था। पोर्टल से व्यापार करने में आसानी होने की उम्मीद है और यह भारतीय मसाला ब्रांडों के लिए 24x7 वर्चुअल ऑफिस स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिफारिश मॉडल, बाजार की जानकारी, वैश्विक मसाला व्यापार डेटा तक पहुंच और अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठकों सहित विभिन्न निर्यात संवर्धन गतिविधियों को व्यवस्थित करने के लिए बोर्ड के प्रावधान जैसी सुविधाओं से लैस है।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) भारत की एक्सेलेरेटर लैब और मसाला बोर्ड ने व्यापार में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए भारतीय मसालों के लिए ब्लॉकचेन आधारित ट्रेसेबिलिटी इंटरफेस बनाने के उद्देश्य से 5 अप्रैल 2021 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। मसाला किसानों को निर्यातकों से जोड़ने के लिए मसाला बोर्ड भारत द्वारा विकसित ई-स्पाइस बाजार पोर्टल के साथ ब्लॉकचेन आधारित ट्रेसेबिलिटी इंटरफेस को एकीकृत किया जा रहा है।

मसाला बोर्ड ने किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर मूल्य प्राप्ति और व्यापक बाजार प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने की दृष्टि से प्रमुख उत्पादन/बाजार केंद्रों में आठ फसल विशिष्ट मसाला पार्क स्थापित किए हैं। पार्क का उद्देश्य मसालों और मसाला उत्पादों के प्रसंस्करण, मूल्य वर्धन, पैकेजिंग और भंडारण के लिए एक एकीकृत संचालन करना है। सफाई, ग्रेडिंग, पैकिंग, भाप विसंक्रमण आदि के लिए सामान्य प्रसंस्करण सुविधाएं किसानों को उपज की गुणवत्ता में सुधार करने और बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद करेंगी।

वर्ष 2021-22 के दौरान पुनःरोपण/नव रोपण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के माध्यम से, बोर्ड ने इमदाद के रूप में 430.17 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ 431.59 हेक्टेयर छोटी इलायची के पुनःरोपण में सहायता की, जिससे 1337 उत्पादक लाभान्वित हुए। कुल 766.77 हेक्टेयर बड़ी इलायची के पुनःरोपण/नव रोपण के लिए भी सहायता दी गई और इमदाद के रूप में 521.09 लाख रुपये की व्यवस्था की गई, जिससे 2976 उत्पादक लाभान्वित हुए।

बोर्ड की विभागीय नर्सरियों ने 1,55,010 इलायची रोपण सामग्री, कालीमिर्च की 1,03,647 मूल लगाई कतरनें और

कालीमिर्च की 8,631 न्यूक्लियस रोपण सामग्री का उत्पादन किया और उत्पादकों को वितरित किया। प्रमाणित नर्सरी योजना के अंतर्गत 10878 लाख की वित्तीय सहायता से 198 छोटी इलायची इकाइयां (19,80,000 रोपण सामग्री) और 1715 बड़ी इलायची इकाइयां (17,15,000 रोपण सामग्री) स्थापित की गई थीं। सिंचाई और भूमि विकास योजना के तहत, 24 जल भंडारण संरचनाओं और 16 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया था, इसके अलावा 101 सिंचाई पंप सेट और चार सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियाँ स्थापित की गई। वर्ष 2021-22 में 28.33 लाख रुपए की वित्तीय सहायता के साथ 145 किसान लाभान्वित हुए।

फसल कटाई पश्चात गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत 66.63 लाख रुपये की कुल इमदाद पर छोटी इलायची के लिए 49 उन्नत इलायची उपचार उपकरण और बड़ी इलायची के लिए चार उन्नत इलायची उपचार उपकरण स्थापित किए गए थे। बड़ी इलायची के उपचार के लिए 10.68 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से 49 संशोधित भट्टी इकाइयों का निर्माण किया गया। बोर्ड ने 66.46 लाख रुपये की कुल खर्च इमदाद पर 83 बिजली चालित बीजीय मसाला थ्रेशर; 59.89 लाख रुपये की कुल इमदाद पर 339 काली मिर्च थ्रेशर; 181.96 लाख रुपये की वित्तीय सहायता पर 116 हल्दी भाप उबलते इकाइयां, 165.80 लाख रुपये की वित्तीय सहायता पर 188 मसाले पॉलिशिंग इकाइयां और 55.23 लाख रुपये की 200 जायफल/लौंग ड्रायर स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान की। इसके अलावा, पांच पुदीना आसवन इकाइयों, पांच मसालों की ग्रेडिंग मशीनों और 30 मसालों की वाशिंग मशीनों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की गई थी, जिसका कुल वित्तीय निहितार्थ 25.65 लाख रुपए था। गुणवत्ता गैप ब्रिजिंग ग्रुप्स के तहत, मसाला क्षेत्र के अधीन 15 कृषक समूहों को 110.75 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ विभिन्न फसल कटाई उपरांत मशीनों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान की गई, जिससे 3178 किसान लाभान्वित हुए। इसके अलावा, पूरे भारत में मसाला उत्पादकों को 26,940 तिरपाल और 1,400 सिलपॉलिन शीट की आपूर्ति की गई और 293.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

मसालों के जैविक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 32.28 लाख रुपये की कुल वित्तीय सहायता पर 322 उत्पादकों को लाभान्वित करते हुए 335 वर्मीकम्पोस्ट इकाइयां स्थापित की गईं और 3.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ अदरक और हल्दी के लिए तीन जैविक बीज बैंक स्थापित किए गए। वर्ष 2021-22 के दौरान 186 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत 17.26 लाख रुपये के कुल व्यय के साथ 8695 कर्मियों को गुणवत्ता सुधार प्रशिक्षण प्रदान किए गए। वर्ष 2021-22 के दौरान केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और, पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग और दार्जिलिंग जिलों में इलायची (छोटी और बड़ी) और संबंधित उत्पादक क्षेत्रों में अन्य मसालों के लिए कुल 16,100 विस्तार दौरे किए गए और 1663 समूह बैठकें / अभियान आयोजित किए गए। वर्ष 2021-22 के दौरान विस्तार सलाहकार सेवा के तहत कुल व्यय 1,741 लाख रुपये था।

मसाला बोर्ड ने इलायची उत्पादकों की बेहतरी के लिए फरवरी 2022 में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के सहयोग से मौसम आधारित फसल बीमा योजना प्रारंभ की थी। यह योजना प्रारंभ में केरल के इडुक्की जिले में प्रायोगिक आधार पर कार्यान्वित की जाती है जिसका उद्देश्य छोटी इलायची उत्पादकों को प्रतिकूल मौसम की घट नाओं जैसे कि कम या अधिक वर्षा, गर्मी (तापमान) और सापेक्ष आर्द्रता से बचाना है, जिन्हें उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला माना जाता है। इस योजना के तहत, 808 कृषकों से आवेदन प्राप्त हुए और बोर्ड के हिस्से के रूप में 52.99 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई।

वर्ष 2021-22 के दौरान, व्यापार संवर्धन योजनाओं के तहत, विभिन्न घटकों के तहत पात्र निर्यातकों को 100.13 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई थी। खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन तंत्र/प्रमाणन के कार्यान्वयन के लिए सहायता योजना के तहत पात्र निर्यातक को 1.01 लाख रुपये के वित्तीय निहितार्थ के साथ सहायता प्रदान की गई थी।

कोच्ची, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, गुंटूर, तूतीकोरिन और कांडला में बोर्ड की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं (क्यूईएल) ने वर्ष के दौरान चुनिंदा मसालों की निर्यात खेपों के विश्लेषणात्मक सेवाएं और अनिवार्य परीक्षण और प्रमाणन प्रदान करना जारी रखा। बीजीय मसालों के लिए मसाला

पार्क, जोधपुर, राजस्थान में और पुदीने के तेल के परीक्षण के लिए रायबरेली में प्रस्तावित क्यूईएल स्थापित किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, प्रयोगशाला ने एफ्लाटॉक्सिन, अवैध रंजक, कीटनाशक अवशेष, साल्मोनेला एसपीपी आदि सहित कुल 1,27,467 मापदंडों का विश्लेषण किया।

मसालों और पाक शाकों पर कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच 5), जिसे भारत द्वारा आतिथ्य और अध्यक्षता की जाती है और मसाला बोर्ड भारत इसका सचिवालय है, का पांचवां सत्र 2029 अप्रैल, 2021 के दौरान आभासी रूप से आयोजित किया गया था। सत्र में 65 सदस्य देशों, एक सदस्य संगठन (यूरोपीय संघ) और 11 अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संगठनों के 275 पंजीयकों के साथ अब तक की सबसे अधिक भागीदारी देखी गई। सीसीएससीएच 5 चार और नए मसालों, अर्थात लौंग, ऑरगेनो, तुलसी और अदरक के लिए गुणवत्ता मानकों को अंतिम रूप देते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग ने नवंबर 2021 में आयोजित अपने चालीसवें सत्र के दौरान मानकों को अपनाया।

छोटी इलायची में संकरण कार्यक्रम के भाग के रूप में, भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआई) ने दो संकर विकसित किए जो इडुक्की जिले के इलायची क्षेत्रों के लिए आशाजनक और उपयुक्त थे। इन दो संकरों का विकास किया जाता है, लगातार चार वर्षों तक मूल्यांकन किया जाता है और बागान फसलों के लिए केरल राज्य किस्म रिलीज समिति को किस्म रिलीज प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कार्रवाई शुरू की जाती है। इलायची क्षेत्र के भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित मृदा उर्वरता आकलन और जलवायु लचीली इलायची की खेती के लिए ऐप आधारित उर्वरक सिफारिशों को एकीकृत करने पर सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजना के तहत, बारह मापदंडों के लिए 1,076 मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण किया गया था, कुल 12,912 पैरामीटर और भूसंदर्भित डेटा का डिजिटलीकरण किया गया था।

आईसीआरआई, मैलाडुंपारा द्वारा अठारह वेबिनार आयोजित किए गए और 1374 किसानों ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया। तीन मोबाइल मसाला क्लिनिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और नैदानिक क्षेत्र के दौरे और कृषि सलाहकार सेवाओं के माध्यम से 65 किसान इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुए। केरल के इडुक्की जिले के इलायची हिल रिजर्व और तमिलनाडु से 1734 मिट्टी के नमूनों के लिए प्राथमिक, माध्यमिक और सूक्ष्म पोषक तत्वों को कवर करने वाले 20 हजार आठ सौ आठ (20,808) मिट्टी की उर्वरता मापदंडों का परीक्षण किया गया और उर्वरक सिफारिशें दी गईं।

मसाला बोर्ड की 90 वीं और 91 वीं बोर्ड बैठकें कोच्ची में क्रमशः 7 मई 2021 और 22 सितंबर 2021 को हाइब्रिड मोड में आयोजित की गईं।

बोर्ड का प्रवाल जयंती समारोह 26 फरवरी 2022 को एक हाइब्रिड कार्यक्रम में संपन्न हुआ, जिसका उद्घाटन भारत सरकार के माननीय कपड़ा, वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री पीयूष गोयल ने किया। उद्घाटन समारोह में देश भर से मसाला किसान और निर्यातक समारोह में शामिल हुए और मंत्री के साथ बातचीत की, जिससे भारतीय मसाला उद्योग के भविष्य के विकास के लिए चर्चा और विचारविमर्श को बढ़ावा मिला।

आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के भाग के रूप में, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तहत वाणिज्य विभाग ने व्यापार और निर्यात के लिए भारत की क्षमता को उजागर करने के लिए 2026 सितंबर 2021 के दौरान देश भर में वाणिज्य सप्ताह मनाया। मसाला बोर्ड को केरल और सिक्किम राज्यों में आयोजित कार्यक्रमों के समन्वय की जिम्मेदारी दी गई थी। समारोहों के साथ तालमेल बिठाते हुए मसाला बोर्ड ने वाणिज्य उत्सव निर्यातकों और उद्योग जगत के नेताओं के सम्मेलन, 75,000 किलोग्राम छोटी इलायची की विशेष ईनीलामी, उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम, सुगंधोत्सव पूरे भारत में मसाला रोपण सामग्रियों का रोपण और जनता को प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले मसाले के पाउच के वितरण सहित आर्थिक विकास और निर्यात को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने वाले कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करने की पहल की।

बोर्ड ने राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम तैयार किए हैं और उन्हें समुचित रूप से संचालित किया है तथा बोर्ड के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शन दिया है और इस कार्य की निगरानी भी की है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय

द्वारा राजभाषा के रूप में हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में जारी किए जाने वाले वार्षिक कार्यक्रम और अन्य आदेशों के अनुसार, बोर्ड ने राजभाषा नीति के कार्यान्वयन को और अधिक उपयोगी और प्रभावी बनाने के लिए अपने प्रयासों को वर्ष 2021-22 के दौरान भी जारी रखा है।

मसाला बोर्ड ने आरटीआई अधिनियम, 2005 को प्रभावी ढंग से लागू किया और इस संबंध में सरकार के सभी निर्देशों का पालन किया। बोर्ड ने स्वत संज्ञान लेते हुए प्रकट की जाने वाली प्रत्येक जानकारी का खुलासा ऐसे रूप और तरीके से किया है, जो बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जनता के लिए सुलभ है आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 4(1)। 2021-22 के दौरान, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से और भौतिक रूप से कुल 66 आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए थे। आरटीआई अधिनियम के तहत तेरह अपीलें भी प्राप्त हुईं और निर्धारित समय के भीतर सभी मामलों में जानकारी प्रसारित की गई।

बोर्ड ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम 2005 को प्रभावी रूप से लागू किया है और वर्ष 2021-22 के दौरान इस संबंध में सरकार के सभी निर्देशों का अनुपालन किया है। बोर्ड ने स्वत प्रकट किए जाने के लिए अपेक्षित प्रत्येक सूचना को उस रूप और तरीके से आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 4(1) प्रदर्शित किया है कि वह बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जनता के लिए सुलभ है। वर्ष 2021-22 के दौरान, सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अंतर्गत भौतिक और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कुल 66 आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए। तेरह अपीलें प्राप्त हुई थीं तथा सभी मामलों में निर्धारित समय के भीतर सूचना प्रदान कर दी गई।

की जाए, अनुज्ञप्तियां प्रदान करें;

(ix) यदि निर्यात के संवर्धन के हित में आवश्यक समझे तो किसी मसाले का विपणन करें;

(x) मसालों केलिए विदेशों में भंडारकरण की सुविधाओं की व्यवस्था करें;

(xi) संकलन एवं प्रकाशन केलिए मसालों के बारे में आंकड़ों का संग्रह करें;

(xii) केंद्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से बिक्री केलिए किसी भी मसाले का आयात करें; तथा

(xiii) मसालों के आयातनिर्यात संबंधी किसी विषय पर केंद्रीय सरकार को सलाह दें ।

ख) साथ ही, बोर्ड

(i) इलायची कृषकों के बीच सहकारिता प्रयासों को बढ़ावा दें;

(ii) इलायची कृषकों केलिए लाभकारी पारिश्रमिक सुनिश्चित करें;

(iii) इलायची की खेती और प्रसंस्करण के उन्नत तकनीकों केलिए इलायची पुनरोपण तथा इलायची खेती इलाकों के विस्तारण केलिए वित्तीय एवं अन्य सहायता की व्यवस्था करें;

(iv) इलायची के विक्रय और इलायची की कीमतों के स्थिरीकरण का विनियमन करें;

(v) इलायची की जाँच तथा उसके श्रेणीमानदण्ड नियत करने में प्रशिक्षण की व्यवस्था करें;

(vi) इलायची के उपभोग में वृद्धि और उस प्रयोजन केलिए प्रचार करें ;

(vii) इलायची के दलालों (जिनके अंतर्गत नीलामकर्त्ता हैं) एवं इलायची के कारोबार में लगे व्यक्तियों को रजिस्ट्रीकृत और अनुज्ञप्त करें;

(viii) इलायची के विपणन में वृद्धि करें;

(ix) कृषकों, व्यापारियों और अन्य व्यक्तियों से जो विहित किए गए जाए, इलायची उद्योग से संबंधित किसी विषय पर आँकडों का संग्रह करें; ऐसे संगृहीत आंकड़ों या उनके भागों या उनसे उद्धरणों का प्रकाशन भी करें;

(x) कर्मचारियों केलिए अधिक अच्छी कार्यकारी दशाओं और सुविधाओं की व्यवस्था तथा प्रोत्साहन को भी सुनिश्चित करें और

(xi) वैज्ञानिक, तकनीक और आर्थिक अनुसंधान आरंभ करें, उसमें प्रोत्साहन या सहायता प्रदान करें।

ग) बोर्ड के अधिकार क्षेत्र के अधीन आनेवाले मसाले

स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम की अनुसूचि में निम्नलिखित 52 मसाले आते है।

1	इलायची	27	पीपला
2	कालीमिर्च	28	स्टार एनीज़
3	मिर्च	29	घोड बच (स्वीट फ्लैग)
4	अदरक	30	महा गलेंजा
5	हल्दी	31	होर्सरैडिश
6	धनिया	32	केपर
7	जीरा	33	लौंग
8	बडी सौंफ	34	हींग
9	मेथी	35	केंबोज
10	अजवाइन	36	हिस्सप
11	सौंफ	37	जूनिपर बेरी
12	अजोवन (मसाले का पौधा)	38	बेपत्ता
13	काला जीरा	39	लूवेज
14	सोआ	40	मर्जोरम
15	दालचीनी	41	जायफल
16	अमलतास (कैसिया)	42	जावित्री(मेस)
17	लहसुन	43	तुलसी
18	करी पत्ता	44	खसखस
19	कोकम	45	ऑलस्पाइस
20	पुदीना	46	रोज़मेरी
21	सरसों	47	सेज
22	अजमोद	48	सेवरी
23	अनारदाना	49	थाइम
24	केसर	50	ओरगेनो
25	वैनिला	51	टेरागन
26	तेजपात	52	इमली

[करी पाउडर, मसाले तेल, तैलीराल एवं अन्य मिश्रण सहित किसी भी रूप में हो, जहाँ मसाला घटक प्रमुख है]

स्पाइसेस बोर्ड का ऑर्गेनोग्राम



स्वीकृत स्टाफ की संख्या -379
वर्तमान स्थिति - 270 (जैसे कि 31.03.2022 को है)

02

प्रशासन

अ) प्रशासन

वर्ष 2021-22 के दौरान, श्री ए.जी. तंकप्पन ने 09 सितंबर, 2021 को श्री डी. सत्यन आईएफएस सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, जो अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर रहे थे, से कार्यभार ग्रहण किया। श्री डी. सत्यन आईएफएस ने रिपोर्ताधीन अवधि के दौरान सचिव, स्पाइसेस बोर्ड के रूप में कार्य करना जारी रखा।

डॉ. रमा श्री ए.बी. निदेशक (अनुसंधान) के रूप में बनी रही और इस अवधि के दौरान उन्होने निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार संभाला और 03 मई, 2021 तक निदेशक (विकास) का अतिरिक्त प्रभार संभाला ।

श्री देवानंद षेणाई, उप निदेशक (विकास) ने 08 जुलाई, 2021 से 31 जुलाई, 2021 तक की अवधि केलिए निदेशक (विकास) का कार्यभार संभाला। श्री बी. वेंकटेसन, उप निदेशक (विकास) ने रिपोर्टधीन बाकी की अवधि के लिए निदेशक (विकास) का कार्यभार ग्रहण किया।

श्री पी.एम. सुरेष कुमार रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान 31 जुलाई, 2021 तक निदेशक (प्रशासन) के रूप में बने रहे और निदेशक (विपणन) का अतिरिक्त प्रभार संभाला। श्री जिजेष टी. दास, उप निदेशक (ईडीपी) तथा श्री बी.एन.झा, उप निदेशक(विपणन) ने 02 अगस्त, 2021 से क्रमशः निदेशक (प्रशासन) तथा निदेशक (विपणन) का प्रभार संभाला।

स्पाइसेस बोर्ड ने पहले ही पुनर्गठन प्रस्ताव में स्वीकृत लक्षित कर्मचारियों की संख्या हासिल कर ली है। जैसेकि 31 मार्च, 2022 को है, 379 की स्वीकृत संख्या के मुकाबले, स्पाइसेस बोर्ड के कर्मचारियों की संख्या 270 है जिसमें 76 ग्रुप क, 87 ग्रुप ख और 107 ग्रुप ग शामिल हैं।

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान बोर्ड ने 28 कर्मचारियों को पदोन्नति दी है और 11 कर्मचारियों को एमएसीपी के तहत वित्तीय उन्नयन प्रदान किया है। बोर्ड ने निर्यात संवर्धन गतिविधियों के समर्थन के लिए पाँच विपणन सलाहकारों को नियुक्त किया है।

बोर्ड ने स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर पर अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग के 167 से अधिक बेरोजगार युवाओं को गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं में विश्लेषणात्मक सेवाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों और अनुसंधान स्टेशनों में कृषि विस्तार सेवा और लेखा विभाग, प्रचार विभाग तथा पुस्तकालय में शासकीय कार्यों के लिए प्रशिक्षुओं के रूप में नियुक्त किया है।

क) नियुक्तियों एवं पदोन्नतियों में अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व. के लिए आरक्षण

बोर्ड अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व. के लिए पदआधारित आरक्षण रोस्टर का उचित रूप से कार्यान्वयन करता है। सरकार द्वारा समयसमय पर इस संबंध में जारी अनुदेशों का भी कडाई से अनुपालन किया जा रहा है। जैसे कि 31 मार्च, 2022 को है, अ.जा/अ.ज.जा और अ.पि.व. की श्रेणियों में 152 पदाधिकारी (अ.पि.व.84, अ.जा38 और अ.ज.जा30) थे। स्पाइसेस बोर्ड के भर्ती विनियम की स्वीकृति लम्बित होने के कारण वाणिज्य विभाग से प्राप्त निदेशों के अनुसार, रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान कोई नियुक्ति नहीं हुई है। मंत्रालय ने पत्र संख्या 5/6/2018-प्लांट-डी दिनांक 04.02.2020 के माध्यम से बोर्ड को निदेश दिया है कि जब तक मंत्रालय द्वारा भर्ती नियम को मंजूरी नहीं दी जाती है, तब तक वह कोई भर्ती न करें ।

ख) महिला कल्याण

जैसे कि 31 मार्च 2022 को है, बोई की 'क', 'ख' व 'ग' श्रेणियों की महिला पदाधिकारियों की कुल संख्या 73 है। महिला पदाधिकारियों की शिकायतों पर समय पर और उचित तौर पर ध्यान दिया जाता है। बोर्ड की वर्ग क स्तर की एक महिला अधिकारी को महिला कल्याण अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है, ताकि महिलाओं की परेशानियां/समस्याएं, यदि कोई हो, तो उन्हें जानने और संभव समाधान के लिए सुझावों के साथ उच्च अधिकारियों के ध्यान में लाया जा सके।

ग) अ.जा/अ.ज.जा/अ.पि.व. कल्याण

बोर्ड द्वारा अ.जा/अ.ज.जा व अ.पि.व. के कर्मचारियों के कल्याण की देखभाल और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु समितियों का गठन किया गया है। बोर्ड द्वारा अ.जा/अ.ज.जा व अ.पि.व. से संबंधित आरक्षण मामलों के लिए एक संपर्क अधिकारी को पदनामोद्दिष्ट किया जा है।

घ) दिव्यांग व्यक्तियों का कल्याण

बोर्ड द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याण की देखभाल और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु समितियों का गठन किया गया है। बोर्ड द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों से जुडे आरक्षण मामलों के लिए एक संपर्क अधिकारी को पदनामोद्दिष्ट किया है। सरकार के निदेशानुसार बोर्ड द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को पदोन्नति में आरक्षण भी लागू किया गया है।

ङ) मसाला बोर्ड का कार्यात्मक नेटवर्क

बोर्ड का मुख्यालय केरल के कोच्ची में स्थित है। बोर्ड के देश भर में कार्यालय हैं जिनमें निर्यात संवर्धन कार्यालय, छोटी व बड़ी इलायची के लिए विकास कार्यालय, गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएँ (गु.मू.प्र.), अनुसंधान स्टेशन और मसाला पार्क शामिल हैं।

वर्ष 2021-22 के दौरान बोर्ड के निम्नलिखित कार्यालय प्रवृत्त रहे

i) निर्यात संवर्धन कार्यालय :

क्रम सं.	स्थान	राज्य/संघ शासित प्रदेश
1	पडेरू	आंध्र प्रदेश
2	वारंगल	आंध्र प्रदेश
3	गुंटूर	आंध्र प्रदेश
4	गुवाहटी	असम
5	पटना	बिहार
6	जगदलपुर	छत्तीसग़ढ
7	नई दिल्ली	दिल्ली
8	पोंडा	गोआ
9	अहमदाबाद	गुजरात
10	उँझा	गुजरात
11	उना	हिमाचल प्रदेश
12	श्रीनगर	जम्मू व कश्मीर
13	बैंगलूरू	कर्नाटक
14	मुंबई	महाराष्ट्र
15	शिलाँग	मेघालय
16	आइज़ॉल	मिज़ोरम
17	कोरापुट	उडीसा
18	जोधपुर	राजस्थान
19	चेन्नई	तमिलनाडु
20	नागरकोविल	तमिलनाडु
21	निज़ामाबाद	तेलंगाना
22	हैदराबाद	तेलंगाना
23	अगरतला	त्रिपुरा
24	बाराबंकी	उत्तर प्रदेश
25	कोलकाता	पश्चिम बंगाल

ii) विकास कार्यालय/फार्म

छोटी इलायची का अनुसंधान व विकास		
क्रम सं.	स्थान	राज्य/संघ शासित प्रदेश
1	अडिमाली	केरल
2	एलप्पारा	केरल
3	कल्पेट्टा	केरल
4	कट्टप्पना	केरल
5	कुमली	केरल
6	नेडुंकण्डम	केरल
7	पांपाडुम्पारा	केरल
8	पीरमेड	केरल
9	पुट्टडी	केरल
10	राजाक्काड	केरल
11	राजकुमारी	केरल
12	शांतनपारा	केरल
13	उडुन्पनचोला	केरल
14	बोडिनायकन्नूर	तमिलनाडु

15	इरोड	तमिलनाडु
16	बल्लगुंडु	तमिलनाडु
17	आइगूर (फार्म)	कर्नाटक
18	बेलगोला (फार्म)	कर्नाटक
19	बेलिगेरी (फार्म)	कर्नाटक
20	बेट्टडामने (फार्म)	कर्नाटक
21	सकलेशपुर	कर्नाटक
22	हावेरी	कर्नाटक
23	कोप्पा	कर्नाटक
24	मडिक्केरी	कर्नाटक
25	मुडिगेरे	कर्नाटक
26	शिवमोगा	कर्नाटक
27	सिरसी	कर्नाटक
28	सोमवारपेट	कर्नाटक
29	वनगूर	कर्नाटक
30	येसलूर (फार्म)	कर्नाटक

बड़ी इलायची का अनुसंधान व विकास

क्रम सं.	स्थान	राज्य/संघ शासित प्रदेश
1	इटानगर	अरुणाचल प्रदेश
2	नमसाई	अरुणाचल प्रदेश
3	पासीघाट	अरुणाचल प्रदेश
4	रोइंग	अरुणाचल प्रदेश
5	ज़िरो	अरुणाचल प्रदेश
6	दीमापुर	नागालैंड
7	कोहिमा	नागालैंड
8	गान्तोक	सिक्किम
9	गेयसिंग	सिक्किम
10	जोरथांग	सिक्किम
11	मंगन	सिक्किम
12	कलिम्पोंग	पश्चिम बंगाल
13	सुखियापोखरी	पश्चिम बंगाल

(iii) अनुसंधान स्टेशन

1	मैलाडुंपारा	केरल
2	डोनिगल-सकलेशपुर	कर्नाटक
3	ताडियनकुड़िशि	तमिलनाडु
4	तादोंग	सिक्किम

(iv) गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं (क्यू ई एल)

1	गुंटूर	आंध्र प्रदेश
2	काण्डला	गुजरात
3	कोच्ची	केरल
4	मुम्बई	महाराष्ट्र
5	नरेला	नई दिल्ली
6	चेन्नई	तमिलनाडु
7	तूतिकोरिन	तमिलनाडु
8	कोलकाता	पश्चिम बंगाल

(iv) मसाला पार्क

1	गुंटूर	आंध्र प्रदेश
2	पुट्टडी	केरल
3	छिंदवाडा	मध्य प्रदेश
4	गुना	मध्य प्रदेश
5	जोधपुर	राजस्थान
6	रामगंज मंडी (कोटा)	राजस्थान
7	शिवगंगा	तमिलनाडु
8	राय बरेली	उत्तर प्रदेश

च) वर्ष 2021-22 के दौरान उपलब्धियां

(i) उत्पादों व सेवाओं की अधिप्राप्ति

सुरक्षा, हाउसकीपिंग, इलेक्ट्रीशियन आदि सभी आउटसोर्स की गई सेवाएँ, सरकारी ई-बाज़ार, जेम (GeM) के ज़रिए

अधिप्राप्त की गईं। कम्प्यूटर, प्रिंटर, लेखनसामग्रियाँ आदि जैसे उत्पाद भी जेम के ज़रिए खरीदे गए हैं (कुल खरीद का 80 प्रतिशत से अधिक जेम के ज़रिए किया गया)।

(ii) स्वच्छ भारत मिशन कार्यकलापों का कार्यान्वयन

स्पाइसेस बोर्ड में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन के भाग के रूप में मंत्रालय द्वारा अधिसूचित सभी कार्यकलाप सफलतापूर्वक कार्यान्वित किए गए और फोटो सहित रिपोर्टें मंत्रालय को अग्रेषित की गईं।

(iii) वर्ष 2020-21 के दौरान बोर्ड बैठकें

वर्ष के दौरान दो बोर्ड बैठकों का आयोजन किया जिनका विवरण नीचे दिया गया है

क) स्पाइसेस बोर्ड, मुख्यालय, कोच्ची में 07 मई, 2021 को 90 वीं बोर्ड बैठक

ख) स्पाइसेस बोर्ड, मुख्यालय, कोच्ची में 22 सितंबर, 2021 को 91 वीं बोर्ड बैठक

(iv) बाहरी कार्यालयों का अनुरक्षण

कोच्ची में स्थित स्पाइसेस बोर्ड के मुख्यालय और देश भर के 82 कार्यालयों, जिनमें निर्यात संवर्धन कार्यालय, विकास कार्यालय, आठ गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाएं (क्यूईएल), चार अनुसंधान स्टेशन और आठ स्पाइस पार्क शामिल हैं, का अनुरक्षण किया गया।

(v) राष्ट्रीय महत्ववाले दिनों का मनाया जाना

स्पाइसेस बोर्ड में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित राष्ट्रीय महत्व के दिन मनाए गए हैं। वर्ष 2021-22 के दौरान ऐसे निम्नलिखित दिन मनाए गए

क) राष्ट्रीय एकता दिवस

ख) आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग) योगा दिवस

घ) स्वतन्त्रता दिवस, गणतन्त्र दिवस, संविधान दिवस आदि राष्ट्रीय महत्व के अन्य दिवस

(vi) कोविड-19 के प्रसार को नियंत्रित करने के उपाय

कार्यालय में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए निम्नलिखित उपाय सुनिश्चित किए गए;

क) कार्यालय के प्रवेश द्वार पर तापमान की जाँच करना

ख) कार्यालय परिसर में हाथ सैनिटाइज़ करने की सुविधा

ग) सभी स्टाफ सदस्यों को सैनिटाइज़र का वितरण

घ) जब कार्यालय में कोविड पॉजिटिव होने के मामलों का पता चला तो कार्यालय परिसर का सैनिटाइजिंग

ई) यात्रा के बाद कार्यालय के वाहनों का सैनिटाइजिंग

च) कोविड-19 महामारी के संबंध में मंत्रालय के सभी नियमों और निदेशों का पालन

आ) राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय का राजभाषा अनुभाग, राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम बनाने और उनका संचालन करने में बोर्ड की सहायता करने और बोर्ड के कार्यालयों में राजभाषा नीति के मॉनीटरिंग और कार्यन्वयन हेतु उत्तरदायी नॉडल पॉइंट है। राजभाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग के संबंध में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम और आदेशों के अनुरूप, राजभाषा अनुभाग, सचिव और बोर्ड की राजभाषा कार्यन्वयन समिति की सहमति और अनुमोदन से वर्ष 2021-22 के दौरान भी राजभाषा नीति के कार्यन्वयन को अधिक कारगर और प्रभावी बनाने में राजभाषा अनुभाग प्रयासरत रहा।

प्रमुख कार्यकलाप और उपलब्धियां

(i) अनुवाद

निम्नलिखित का अनुवाद कार्य (अंग्रेजी से हिन्दी और उल्टे) किया गया

- राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेज जैसे कि सामान्य आदेश (परिपत्र), निविदा दस्तावेज, विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्ति, अधिसूचना, वीआईपी संदर्भ आदि
- वर्ष 2020-21 केलिए वार्षिक रिपोर्ट व लेखापरीक्षा रिपोर्ट और संसद के समक्ष प्रस्तुत बोर्ड की अन्य प्रशासनिक रिपोर्टें
- हिन्दी में प्राप्त पत्र और उनके हिन्दी में उत्तर
- सेवारत कार्मिकों के लिए विजिटिंग कार्ड, रबड़ मुहर

और बोर्ड की सेवा से सेवानिवृत होने वाले कार्मिक को स्मृतिचिह्न के लिए सामग्री

- बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न सरकारी समारोहों के लिए सामग्रियाँ जैसेकि बैनर, बैकड्रोप, निमंत्रणकार्ड, कार्यक्रम शीट आदि

(ii) राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

1) राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

प्रत्येक तिमाही में एक बैठक आयोजित करने के अनुरूप चार बैठकें क्रमश 28 जून, 2021 (अप्रैल जून, 2021), 22 सितंबर, 2021 (जुलाई सितंबर, 2021), 06 जनवरी, 2022 (अक्तूबर दिसंबर, 2021) और 21 मार्च, 2022 (जनवरी मार्च, 2022) को आयोजित की गईं। इन सभी बैठकों की अध्यक्षता सचिव महोदय द्वारा की गई ।

2) हिन्दी कार्यशाला

गंगटोक क्षेत्र के सभी कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारी सदस्यों के लिए दिनांक 12, जूलाई 2021 को ऑनलाइन माध्यम से हिन्दी अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र के सभी कार्यालयों के प्रभारी अधिकारी ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन उप निदेशक, गंगटोक प्रादेशिक कार्यालय द्वारा किया गया। दिनांक 10, दिसंबर 2021 को मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारी सदस्यों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहभागियों को कार्यालय में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने की नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उन्हें राजभाषा नीति के साथसाथ राजभाषा नीति को कार्यान्वित करने के लिए बोर्ड की गतिविधियों से अवगत कराया गया, ताकि जांचबिन्दु का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

3) हिन्दी समाचार पत्र/पत्रिकाओं के लिए चंदा

बोर्ड ने, हिन्दी अखबार डेली हिन्दी मिलाप और सरिता व वनिता नामक हिन्दी पत्रिकाओं के लिए चंदा ज़ारी रखा।

4) राजभाषा निरीक्षण

बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालय, गंगटोक, सिक्किम का दिनांक 28, दिसंबर 2021 को माननीय संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उपसमिति द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण बैठक में बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, मुख्यालय एवं मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समिति द्वारा दिए गए सुझावों को नोट कर लिया गया है और उन पर कार्रवाई की जा रही है। श्री बद्री यादव, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), प्रादेशिक कार्यान्वयन कार्यालय (एनईआर), गुवाहाटी द्वारा 09, मार्च 2022 को स्पाइसेस बोर्ड प्रादेशिक कार्यालय, गुवाहाटी का राजभाषा निरीक्षण किया गया था। प्रभारी अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी ने कार्यालय में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन पर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी, जिसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की गई।

5) हिन्दी दिवस/पखवाड़ा समारोह 2021

बोर्ड में सितंबर 14, 2021 को हिंदी दिवस के रूप में मनाया गया। 14 से 28 सितंबर 2021 तक हिंदी पखवाड़ा समारोह 2021 का उद्घाटन सत्र उसी दिन सुबह 11.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें बोर्ड के सभी पदधारियों ने भाग लिया। हिंदी पखवाड़ा समारोह 2021 के सिलसिले में कर्मचारी सदस्यों के लिए ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयेजित की गई। बोर्ड के पदधारियों की अच्छी प्रतिक्रिया के साथ यह बहुत सफल हुई।

सितंबर 2021 के हिंदी दिवस / सप्ताह / पखवाड़ा / महीने के संबंध में, गृहमंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार,सभी केंद्र सरकार कार्यालयों से हिंदी में महत्वपूर्ण उद्दरण प्रदर्शित करने वाले कम से कम दस पोस्टर/बैनर/स्टैंडी या दो डिजिटल डिस्पले बनाने को कहा। तदनुसार, बोर्ड ने प्रख्यात व्यक्तित्वों के उद्धरण वाले दस पोस्टर तैयार किए और उसे प्रमुख स्थानों में प्रदर्शित किए ताकि बोर्ड के अधिकारी को हिंदी के प्रति सांविधिक एवं संसदीय दायित्व की याद दिलाई जा सके,अधिकारियों को अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा सके। इस संबंध में अधीनस्थ कार्यालयों को भी निर्देश दिए गए हैं।

हिंदी पखवाड़ा और आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में हिंदी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन।

हिंदी पखवाड़ा 2021 के एक विशेष कार्यक्रम के रूप में और आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, बोर्ड ने कोच्ची केंद्रित स्कूलों के छात्रों के लिए "स्वतंत्रता संग्राम के विस्मृत नायक (1857-1947)" विषय पर एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। प्रतियोगिता में लगभग 35 स्कूलों के 400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर विजेताओं को ट्राफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

हिंदी पखवाड़ा समारोह का समापन समारोह 08, मार्च 2021 को आयोजित किया गया। श्री सुबोध कुमार, निदेशक (राजभाषा), वाणिज्य विभाग, भारत सरकार सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि थे। समारोह के दौरान मुख्यालय के स्टाफ सदस्यों केलिए आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं एवं स्टाफ द्वारा हिन्दी में किए गए सराहनीय काम केलिए ट्रॉफीयाँ / नकद पुरस्कार / प्रमाणपत्र, राजभाषा प्रतिभा पुरस्कार, अनुभागों केलिए राजभाषा रोलिंग ट्रॉफीयाँ / रन्नर अप ट्रॉफी, वर्ष 2020-21 में राजभाषा नीति के कार्यन्वयन में विशेष प्रयास केलिए पुरस्कार आदि प्रदान किए गए। बाहरी कार्यालयों के विजेताओं के प्रमाण पत्र डाक द्वारा कार्यालय प्रमुखों को भेजे गए।

6) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता

सचिव एवं वरिष्ठ हिंदी अनुवादक ने दिनांक 16, अक्तूबर 2021 को ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (सरकारी कार्यालय), कोच्चि की बैठक में भाग लिया।

7) सेवाकालीन प्रशिक्षण

हिन्दी शिक्षण योजना द्वारा आयोजित जनवरीमई 2022 सत्र के लिए पारंगत प्रशिक्षण हेतु बारह पदाधिकारियों का नामांकन किया गया। साथ ही एक कर्मचारी को प्रज्ञा प्रशिक्षण के लिए नामांकित किया गया।

(iii) स्पाइस इंडिया (हिन्दी)

इस अवधि के दौरान राजभाषा अनुभाग द्वारा बोर्ड की मासिक हिंदी पत्रिका स्पाइस इंडिया के विमोचन केलिए सहायता प्रदान की गई ।

इ) पुस्तकालय एवं प्रलेखन सेवा

बोर्ड के पुस्तकालय में कंप्यूटरीकृत ग्रंथसूची डाटा सहित पुस्तकों व पत्रिकाओं का एक अच्छा संग्रहण है। पुस्तकालय व प्रलेखन इकाई को मजबूत बनाने की प्रक्रिया, नई पुस्तकों व पत्रिकाओं को जोड़कर जारी रखा गया। वर्ष 2021-22 के दौरान, 223 नई पुस्तकें जोडी गईं और करीब 155 पत्रिकाओं के लिए चंदा ज़ारी रखा गया। पुस्तकालय ने किताबें जारी करना तथा वापस लेना, दस्तावेज़ों व पत्रिकाओं का परिचालन, करंट एवेयरनेस सेवा, दैनिक सूचना सेवाएं, ईसमाचारपत्र पठन और जर्नलों को मुक्त अभिगम्यता और स्पाइसेस समाचार सेवा जैसी नियमित सेवाएं ज़ारी रखीं। विविध संस्थाओं के लगभग 10 छात्रों तथा शोधकर्ताओं को मार्गदर्शन सहित संदर्भ सुविधाएं प्रदान की गईं। नियमित कार्यकलापों के अलावा जैविक कृषि, जलवायु परिवर्तन, भारतीय कृषि, कालीमिर्च, इलायची, अदरक, हल्दी, मिर्च, लहसुन, पुदीना, बीजीय मसाले, वृक्ष मसाले, तेल व तैलीराल पर सूचना समेकित की गई।

03

वित्त और लेखा

बोर्ड की योजनाओं, परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों के लिए वित्तीय व्यवस्था भारत सरकार से प्राप्त अनुदान एवं आर्थिक सहायता द्वारा की जाती है। प्रशासन के खर्च मुख्यत सरकार से प्राप्त सहायताअनुदान और बोर्ड के विविध कार्यकलापों से अर्जित आन्तरिक एवं अतिरिक्त बजटीय संसाधन (आईईबीबार) के जरिए जाते हैं।

वर्ष 2021-22 के दौरान बोर्ड के लिए अनुमोदित बजट 11,550.00 लाख रुपए है। वर्ष 2021-22 के दौरान भारत सरकार से अनुदान के लिए 6,896.00 लाख रुपए, इमदाद के लिए 3,055.00 लाख रुपए, उत्तरपूर्वी क्षेत्र के लिए प्रावधान के रूप में 849.00 लाख रुपए और एस सी उपप्लान के लिए प्रावधान के रूप में 400.00 लाख रुपए और जनजातीय उपप्लान के लिए प्रावधान के रूप में 350.00 लाख रुपए बोर्ड को प्राप्त हुए। बोर्ड ने 2021-22 के दौरान गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान की गई गुणवत्ता जांचसेवाओं के विश्लेषण चार्ज, पौधशालाओं से पादपों, अनुसंधान फार्मों के फार्मउत्पादों की बिक्री, चंदा एवं विश्लेषण शुल्क, निर्यातकों का रजिस्ट्रीकरण शुल्क, अग्रिम पर ब्याज, अल्पकालीन जमा पर ब्याज आदि से 2,323.44 लाख रुपए का आईईबीआर अर्जन किया। वर्ष 2021-22 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड का कुल व्यय 12,061.49 लाख रुपए था, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है।

लेखा शीर्ष	व्यय (लाख रूपयों में)
निर्यातोन्मुख उत्पादन	4,040.43
निर्यात विकास एवं संवर्धन	2,500.92
निर्यातोन्मुख अनुसंधान	757.90
गुणवत्ता सुधार	1,271.44
एच आर डी व निर्माणकार्य	246.49
स्थापना	3,244.31
कुल	**12,061.49**

बोर्ड अन्य सरकारी विभागों एवं राष्ट्रीय अभिकरणों, जैसे कि आईसीएआर, एएसआईडीई और अन्य से प्राप्त अनुदानों से कुछ चालू परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों का कार्यान्वयन भी करता आ रहा है। वर्ष 2021-22 के दौरान ऐसी परियोजनाओं से प्राप्त अनुदानों एवं किए गए व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है

कार्यक्रम	प्राप्त अनुदान (लाख रूपयों में)	व्यय (लाख रूपयों में) (*)
ए एस आई डी ई आई आई पी एम	0.00	3.89
आई सी ए आर ए आई सी आर पी एस	13.96	33.49
बेयर परियोजना	16.80	0.00
एसएचएम केरला परियोजना आईसीआरआई	194.00	0.00
डब्ल्यूटीओ एसटीडीएफ़	25.84	31.36
अरुणमला जनजातीय अधिवास परियोजना	0.00	4.11
महिला वैज्ञानिक योजना	5.50	6.55
डीयूएस जांच केंद्र	1.00	0.98
कुल	**257.10**	**80.38**

(*) व्यय में, पिछले वर्षों में प्राप्त अनुदान एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान उपयोग में लाया गया अनुदान शामिल है।

स्पाइसेस बोर्ड पर वैधानिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट 2021-22 के अनुच्छेद परिशिष्ट में दिए गए हैं।

04

मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादन और फसल कटाई पश्चात् सुधार

स्पाइसेस बोर्ड, इलायची (छोटी और बड़ी) के उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार तथा समग्र विकास के लिए उत्तरदायी है। बोर्ड, निर्यात हेतु गुणवत्तायुक्त मसालों के उत्पादन के लिए फसलोत्तर सुधार कार्यक्रम भी कार्यान्वित कर रहा है। बोर्ड के विभिन्न विकास कार्यक्रमों और फसलोत्तर गुणवत्ता सुधार कार्यक्रमों को निर्यातोन्मुख उत्पादन के अंतर्गत शामिल किया गया है।

विकास कार्यक्रम, बोर्ड के विस्तार नेटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित किए जाते हैं, जिनमें प्रादेशिक कार्यालय, मंडल कार्यालय और क्षेत्र कार्यालय शामिल हैं। बोर्ड ने मसाला उत्पादकों की गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री की अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए कर्नाटक के प्रमुख इलायची उत्पादक क्षेत्रों में पांच विभागीय पौधशालाओं का अनुरक्षण जारी रखा है।

मसाला विकास एजेंसियां(एस.डी.ए)

स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों के विकास और विपणन को बढ़ावा देने और राज्य में उगाए जाने वाले मसालों के अनुसंधान, उत्पादन, विपणन, गुणवत्तासुधार और निर्यात कार्यक्रमों को लागू करने में विभिन्न राज्य, केंद्र और संबद्ध एजेंसियों/संस्थानों के साथ बेहतर समन्वय करने के लिए निम्नलिखित 11 मसाला विकास एजेंसियों (एसडीए) की स्थापना की। मंत्रालय ने बोर्ड को 17 सितंबर, 2021 से, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा निगरानी किए जाने वाले जिला निर्यात हब (डीईएच) योजना के साथ एसडीए का विलय करने का निदेश दिया है।

केसर उत्पादन एवं निर्यात विकास एजेंसी (एस.पी.ई.डी.ए)

स्पाइसेस बोर्ड ने श्रीनगर, जम्मू व कश्मीर में केसर के विकास, विपणन, गुणवत्ता, निर्यात और घरेलू खपत को बढ़ावा देने के लिए श्रीनगर में केसर उत्पादन और निर्यात विकास एजेंसी (एसपीईडीए) की स्थापना की है। एसपीईडीए की सहअध्यक्षता वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव और जम्मू व कश्मीर के मुख्य सचिव करते हैं।

मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादन

वर्ष 2021-22 के दौरान मसालों का निर्यातोन्मुख उत्पादन योजना के अंतर्गत लागू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों का विवरण नीचे दिया जाता है

अ) इलायची (छोटी)

छोटी इलायची मुख्य रूप से केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु के पश्चिमी घाट में उगाई जाती है। अधिकांश इलायची जोत क्षेत्र छोटी और सीमांत होती है। वर्ष 2021-22 के दौरान छोटी इलायची का कुल क्षेत्रफल 72,298 हेक्टेयर (एचए) था जिसमें 24,154 मीट्रिक टन का अनुमानित उत्पादन हुआ। छोटी इलायची के विकास के लिए लागू किए गए कार्यक्रम नीचे दिए गए हैं।

क) पुनरोपण

इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोगग्रस्त, पुराने, जीर्णशीर्ण और अलाभकर बागानों के व्यवस्थित पुनरोपण के ज़रिए उत्पादकों को उत्पादन और उत्पादकता में सुधार करने के लिए प्रेरित करना है और केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में सीमांत उत्पादकों को प्रोत्साहित करके छोटी इलायची के क्षेत्र में विस्तार करना और उन्हें पुनरोपण/नए वृक्षारोपण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। केरल और तमिलनाडु में सामान्य कृषकों को प्रति हेक्टेयर 1,00,000/ रुपए और अनूसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति कृषकों को 2,10,000/ रुपए प्रति हेक्टेयर तथा

कर्नाटक में सामान्य को प्रति हेक्टेयर 75,000/ रुपए और अनूसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति को 1,68,000/ रुपए प्रति हेक्टेयर की इमदाद की पेशकश की जाती है, जो पक्वनावधि के दौरान पुनरोपण और अनुरक्षण की लागत के क्रमशः 33.33 प्रतिशत और 75 प्रतिशत के रूप में, जो दो समान वार्षिक किस्तों में देय है। आठ हेक्टेयर तक के पंजीकृत छोटे और सीमांत इलायची कृषक इस योजना के अंतर्गत लाभ उठाने के लिए पात्र हैं।

वर्ष 2021-22 के दौरान, विकास अनुभाग ने इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन के ज़रिए 431.59 हेक्टयर छोटी इलायची के पुनरोपण केलिए सहायता प्रदान की है। इस योजना के तहत इमदाद के रूप में 430.17 लाख रुपये (जिसमें वर्ष 2021-22 की पहली किस्त और वर्ष 2020-21 की दूसरी किस्त शामिल हैं) की वित्तीय सहायता प्रदान की गई जिससे 1337 कृषक लाभान्वित हुए।

ख) गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्रियों का उत्पादन और वितरण

बोर्ड की विभागीय पौधशालाओं द्वारा रोगमुक्त, स्वस्थ और गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री का उत्पादन और वितरण किया गया। पांच विभागीय पौधशालाओं में उत्पादित रोपण सामग्रियाँ नाम मात्र दर पर उत्पादकों को वितरित की गई थीं।

वर्ष 2021-22 के दौरान, कर्नाटक क्षेत्र के बोर्ड की पांच विभागीय पौधशालाओं से 1,55,010 इलायची रोपण सामग्री, 1,03,647 कालीमिर्च की मूल लगाई कतरनें, 8,631 कालीमिर्च न्यूक्लियस रोपण सामग्री का उत्पादन किया गया और उन्हें 849 कृषकों को वितरित किया गया था।

ग) रोपण सामग्री का उत्पादन

आगामी मौसम के लिए रोगमुक्त, स्वस्थ और गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री के उत्पादन के लिए किसानों को अपने स्वयं के खेत में इलायची अंतर्भूस्तरियों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया। प्रमाणित पौधशालाओं में उत्पादित रोपण सामग्रियों का उपयोग (50 प्रतिशत से अधिक नहीं) आवेदकों द्वारा पुनःरोपण/अंतराल भरण के लिए किया जाएगा और शेष की आपूर्ति पड़ोसी/जरूरतमंद किसानों के बीच इष्टतम मूल्य पर की जाएगी जिसकी कीमत बाजार मूल्य से अधिक न हो ।

वर्ष 2021-22 के दौरान, इस कार्यक्रम के तहत 198 यूनिट (यानी 19,80,000 रोपण सामग्री) स्थापित की गई थी जिसमें 399 लाभार्थी किसानों को 45.27 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई थी।

घ) सिंचाई और भूविकास

अधिक उपज प्राप्त करने के लिए इलायची के बागानों में गर्मी के महीनों के दौरान सिंचाई अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फार्म तालाबों, टैंकों, कुओं, वर्षा जल संभरण उपकरणों, सिंचाई उपकरणों की स्थापना और मृदा संरक्षण कार्यों जैसे सिंचाई संरचनाओं का निर्माण करके इलायची के बागानों में जल संसाधनों में वृद्धि करके इलायची के बागानों में सिंचाई को बढ़ावा देना है। बोर्ड केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में कार्यक्रम लागू कर रहा है।

(i) भंडारण संरचनाओं का निर्माण

पंजीकृत इलायची उत्पादक जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, भण्डारण संरचनाओं की निर्माण योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए, एक व्यक्ति के लिए इमदाद केवल एक निर्माण अर्थात् फार्म तालाब / कुएं / भंडारण टैंक के लिए प्रतिबंधित है। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकतम इमदाद प्राप्त करने के लिए सिंचाई संरचना की न्यूनतम क्षमता 25 क्यूबिक मीटर होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत दी जाने वाली इमदाद सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अथवा 30,000/ रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 45,000/ रुपए हैं, जो भी कम हो।

(ii) सिंचाई उपकरणों की संस्थापना

पंजीकृत इलायची उत्पादक, जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, आईपी सेट/ग्रेविटी सिंचाई उपकरणों के लिए लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। स्प्रिंक्लर/ड्रिप/सूक्ष्म सिंचन के मामले में इलायची उत्पादक जिनके पास 0.40 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है और पंजीकृत है, वे आर्थिक सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के लिए ग्रेविटी सिंचन की लागत का 50 प्रतिशत अथवा 5,000/ रुपए; सिंचाई पंपसेट के लिए 15,000/ रुपए;

स्प्रिंक्लर/ड्रिप/सूक्ष्म सिचाई के लिए 32,000/ रुपए, जो भी कम हो और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा ग्रेविटी सिंचाई के लिए 11,250/ रुपए; सिचाई पंपसेट के लिए 45,000/ रुपए; स्प्रिंक्लर/ड्रिप/सूक्ष्म सिंचाई के लिए 95,000/ रुपए ,जो भी कम हो, प्रदान किया जाता है।

(iii) वर्षा जल संचयन संरचना का निर्माण

पंजीकृत इलायची उत्पादक, जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। कोई भी किसान, जिसने पहले इसका लाभ उठाया है, वह लाभ प्राप्त करने का पात्र नहीं है। दो सौ घन मीटर क्षमता टैंक के निर्माण के लिए सामान्य श्रेणी के लिए, वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत अथवा 18,000/ रुपए; और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए, वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 40,000/ रुपए, जो भी कम हो, की इमदाद दी जाती है।

वर्ष 2020-21 के दौरान कुल 24 जल भंडारण संरचनाओं और 710 वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया। साथ ही, 23 सिंचाई पंपसेट और चार सूक्ष्म (माइक्रो) सिंचाई प्रणालियां स्थापित की गईं, जिससे 61 किसानों को 13.28 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है ।

आ) उत्तरपूर्व के लिए विकास कार्यक्रम

इलायची (बड़ी)

बड़ी इलायची मुख्य रूप से सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों के उपहिमालयी इलाकों में उगाई जाती है। वर्ष 2021-22 के दौरान पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों और सिक्किम में बड़ी इलायची का कुल क्षेत्रफल 26,617 हेक्टेयर था जिसमें 6,034 टन का अनुमानित उत्पादन हुआ। वर्ष 2021-22 में अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और नागालैंड के अंतर्गत बड़ी इलायची का कुल उत्पादन क्षेत्र 18,422 हेक्टेयर था जिसमें 2,778 टन उत्पादन हुआ था। गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री की अनुपलब्धता, जीर्ण, पुराने और अलाभकर पौधों की उपस्थिति और अंगमारी (चित्ती) रोग बड़ी इलायची उत्पादन को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियां हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, बोर्ड बड़ी इलायची के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम लागू कर रहा है।

क) बड़ी इलायची पुनरोपण / नवरोपण

बड़ी इलायची मुख्य रूप से समाज के कमजोर वर्गों के छोटे और सीमांत किसानों द्वारा उगाई जाती है। इस योजना का उद्देश्य उत्पादकों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उन्हें व्यवस्थित तरीके से पुनरोपण करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इलायची उगाने वाले किसान, उच्च निवेश के कारण पुनरोपण/नव रोपण की लागत को पूरा कर पाने की स्थिति में नहीं हैं।

गैरपारंपरिक क्षेत्रों में नए रोपण और परंपरागत क्षेत्रों में पुनरोपण के साथसाथ पक्वनावधि (अर्थात् 1 और 2 वर्ष) के दौरान रखरखाव केलिए, इमदाद के रूप में, सामान्य श्रेणी के लिए लागत की 33.33 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 75 प्रतिशत, बशर्तेकि अधिकतम प्रति हेक्टेयर क्रमश अधिकतम 33,600/ रुपए और 75,000/ रुपए हो, जो दो समान वार्षिक किस्तों में देय है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, विकास स्कंध (विंग) ने अपनी क्षेत्रीय (फील्ड) इकाइयों के माध्यम से इस कार्यक्रम को लागू किया और बडी इलायची के 766.77 हेक्टेयर (जिसमें पिछले बकाया मामले अर्थात् वर्ष 2018-19 की दूसरी किस्त और वर्ष 2019-20 की पहली तथा दूसरी किस्त और वर्ष 2020-21 की पहली तथा दूसरी किस्त) के पुनरोपण/ नवरोपण के लिए सहायता प्रदान की और इमदाद के रूप में 521.09 लाख रुपये (जिसमें पिछले बकाया मामले अर्थात् वर्ष 2018-19 की दूसरी किस्त और वर्ष 2019-20 की पहली तथा दूसरी किस्त और वर्ष 2020-21 की पहली तथा दूसरी किस्त शामिल हैं) की व्यवस्था की गई थी, जिससे 2976 कृषक लाभान्वित हुए।

ख) रोपण सामग्री उत्पादन

आगामी मौसम के लिए रोगमुक्त, स्वस्थ और गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री के उत्पादन के लिए किसानों को अपने स्वयं के खेत में इलायची अंतर्भूस्तरियों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत वर्ष 2021-22 के दौरान 171.5 यूनिट (यानी 17,15,000 रोपण सामग्री) स्थापित की गई थी जिसमें 400 लाभार्थी किसानों को 63.51 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई थी ।

ग) सिंचाई योजनाएं

बड़ी इलायची मुख्य रूप से वर्षा आधारित फसल के रूप में उगाई जाती है। जलवायु की अनियमितता अक्सर उत्पादन को प्रभावित करती है। नवंबर से मार्च तक की अवधि भीषण सर्दियों वाला लंबा शुष्क मौसम होता है जिसके परिणामस्वरूप विकास मंद हो जाता है और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जल संसाधनों को बढ़ाने के साथसाथ सर्दियों के महीनों के दौरान लंबे शुष्क समय से निपटने के लिए सिंचाई को सक्षम बनाने और उत्पादकता और गुणवत्ता बढ़ाने हेतु बड़ी इलायची बागानों में सिंचाई उपकरण स्थापित करने के लिए बोर्ड उत्तरपूर्वी क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में कार्यक्रमों को लागू कर रहा है ।

घ) भंडारण संरचनाओं का निर्माण

पंजीकृत इलायची उत्पादक, जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक उत्पादकों को लाभ पहुंचाने के लिए, एक व्यक्ति के लिए आर्थिक सहायता केवल एक निर्माण अर्थात् फार्म तालाब / कुएं / भंडारण टैंक के लिए प्रतिबंधित है। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिकतम आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए सिंचाई संरचना की न्यूनतम क्षमता 25 क्यूबिक मीटर होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत दी जाने वाली इमदाद सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अथवा 30,000/ रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 45,000/ रुपए हैं, जो भी कम हो।

(i) सिंचाई उपकरणों की संस्थापना

पंजीकृत इलायची उत्पादक जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, आईपी सेट / ग्रेविटी सिंचाई उपकरणों के अंतर्गत इस योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक उत्पादकों को लाभ देने के लिए, किसी व्यक्ति को केवल एक इकाई के लिए आर्थिक सहायता प्रतिबंधित है। योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता की राशि सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अथवा 15,000/ रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 20,000/ रुपए हैं, जो भी कम हो।

(ii) वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण

पंजीकृत इलायची उत्पादक जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से लेकर 8.00 हेक्टेयर तक भूमि है, इस योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। कोई भी किसान जिसने पहले इस लाभ का लाभ उठाया है, वह लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं है। दो सौ क्यूबिक मीटर क्षमता वाले टैंक के लिए दी जाने वाली इमदाद की दर सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत अथवा 18,000/ रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 40,000/ रुपए हैं, तक सीमित है।

वर्ष 2021-22 के दौरान कुल छह वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण किया गया था और बड़ी इलायची के लिए 78 सिंचाई पंपसेट लगाए गए थे, जिसमें 84 किसानों को 15.05 लाख रुपये का वित्तीय समर्थन प्रदान किया गया।

इ) उत्तरपूर्व में पहचाने गए मसालों के निर्यात योग्य अधिशेष को बढ़ावा देना

क) लकडोंग हल्दी की खेती

इस योजना का उद्देश्य निर्यात के लिए लकडोंग हल्दी की खेती को बढ़ावा देना है। उत्तरपूर्व भारत के हल्दी उत्पादक जिनके पास 0.10 से 8 हेक्टेयर भूमि है, वे सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। यह योजना रोपण सामग्री की लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम 30,000/ रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से सहायता प्रदान करती है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, विकास स्कन्ध ने अपनी क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से इस कार्यक्रम को लागू किया और उत्तरपूर्वी राज्यों के 219 किसानों को 88.66 हेक्टेयर हल्दी क्षेत्र शामिल करने के लिए सहायता प्रदान की।

ख) उत्तरपूर्वी अदरक की खेती

इस योजना का उद्देश्य निर्यात के लिए उत्तरपूर्वी अदरक की खेती को बढ़ावा देना है। उत्तरपूर्व के अदरक उत्पादक जिनकी भूमि का आकार 0.10 से 8 हेक्टेयर है, वे सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। यह योजना रोपण सामग्री की लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम रु. 30,000 प्रति हेक्टेयर, की सहायता प्रदान करती है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, विकास स्कन्ध ने अपनी क्षेत्रीय

इकाइयों के माध्यम से इस कार्यक्रम को लागू किया और उत्तरपूर्वी अदरक क्षेत्र के 47.65 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल करते हुए पूर्वोत्तर राज्यों के 131 किसानों को सहायता प्रदान की।

ई) मसालों की फसल कटाई पश्चात् सुधार

क) छोटी इलायची के लिए सुधरी इलायची क्यूरिंग उपाय की आपूर्ति।

इस योजना का उद्देश्य उत्पादकों को निर्यात के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली इलायची का उत्पादन करने के लिए इलायची को सुखाने हेतु सुधरी इलायची क्यूरिंग उपकरणों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। योजना के अंतर्गत ड्रायर के लिए इमदाद की दर सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत है, बशर्तेकि अधिकतम क्रमशः 1,50,000/ रुपए और 3,37,500/ रुपए हो, है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, 57.68 लाख रुपये की कुल इमदाद पर 49 सुधरी इलायची क्यूरिंग उपाय स्थापित किए गए थे, जिससे 49 उत्पादक लाभान्वित हुए।

ख) बड़ी इलायची के लिए उन्नत इलायची उपचार उपकरणों की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य उत्पादकों को निर्यात के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली इलायची का उत्पादन करने के लिए इलायची सुखाने हेतु उन्नत इलायची उपचार उपकरणों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह योजना पूर्वोत्तर / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के किसानों को दक्षिण भारत से परिवहन सहित ड्राइयर की लागत की 75 प्रतिशत, जो इमदाद के रूप में अधिकतम 3,75,000/ के अधीन है, की सहायता प्रदान करती है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, लगभग 8.95 लाख रुपए की वित्तीय सहायता से चार उन्नत इलायची उपचार उपकरण स्थापित किए गए जिससे चार उत्पादक लाभान्वित हुए।

ग) बड़ी इलायची ड्रायर (सावो ड्रायर / संशोधित भट्टी / अनुमोदित समकक्ष ड्रायर)

इस योजना का उद्देश्य बड़ी इलायची की गुणवत्ता में सुधार के लिए किसान समुदाय को वैज्ञानिक उपचार विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यह योजना सामान्य के लिए कुल लागत का 33.33 प्रतिशत और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति किसानों के लिए 75 प्रतिशत की दर से इमदाद प्रदान करती है, जो सामान्य के लिए अधिकतम 16,000/ प्रति यूनिट और उत्तरपूर्व / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के कृषकों के लिए 28,000/ यूनिट है।

वर्ष 2021-22 के दौरान 10.68 लाख रुपये के वित्तीय समर्थन के साथ कुल 49 संशोधित भट्टी इकाइयों का निर्माण किया गया, जिससे 49 कृषक लाभान्वित हुए।

घ) बीजीय मसाला थ्रेशरों की आपूर्ति

आम तौर पर बीजीय मसाला उत्पादकों द्वारा अपनाई जाने वाली कटाई और फसल कटाई पश्चात् की प्रथाएं अस्वास्थ्यकर होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप उत्पाद डंठल, गंदगी, रेत, तनों के टुकडे इत्यादि बाहरी सामग्री से संदूषित होते हैं। काटी गई फसल और सूखे पौधों को बांस के टुकड़ों से पीट कर या पौधों को हाथों से रग़डकर बीजों को अलग किया जाता है। बोर्ड द्वारा सूखे पौधों से बीज को अलग करने और स्वच्छ मसालों का उत्पादन करने के लिए, थ्रेशरों का उपयोग लोकप्रिय बनाया जा रहा है, जिन्हें हाथों से या बिजली का उपयोग करके चलाया जाता है।

बोर्ड इमदाद के रूप में थ्रेशर की लागत का सामान्य कृषकों को 50 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कृषकों को 75 प्रतिशत उपलब्ध कराता है, जो कि क्रमशः सामान्य कृषक के लिए अधिकतम 75,000/ रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 1,12,000/ रुपए है।

वर्ष 2021-22 के दौरान विभाग ने किसानों के खेतों में 83 विद्युत चालित थ्रेसर स्थापित करने के लिए सहायता प्रदान की और कुल 66.46 लाख रुपये की इमदाद प्रदान की गई, जिससे 83 कृषक लाभान्वित हुए।

ङ) कालीमिर्च के थ्रेशरो की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य, कालीमिर्च के उत्पादकों को, डंठलों से कालीमिर्च की फलियों को स्वच्छता के साथ अलग करने हेतु कालीमिर्च के थ्रेशर्स स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर, निर्यात के लिए अच्छी गुणवत्तावाली कालीमिर्च का उत्पादन करना है। इमदाद की दर सामान्य कृषक को थ्रेशर की लागत का 50 प्रतिशत और अनुसूचित

जाति व अनुसूचित जनजाति के कृषकों को 75 प्रतिशत, बशर्तेकि सामान्य कृषक को अधिकतम 19,000/ रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के कृषकों को 28,000/ रुपए है।

वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 50.89 लाख रुपये की इमदाद पर 339 थ्रेशर लगाए गए थे, जिससे 330 कृषक लाभान्वित हुए।

च) भाप से हल्दी उबालने वाली इकाइयों की आपूर्ति

कार्यक्रम का उद्देश्य भाप से हल्दी उबालने वाली इकाइयों का उपयोग करके हल्दी प्रसंस्करण के लिए बेहतर वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने में हल्दी उत्पादकों की सहायता करना है। यह अंतिम उपज को बेहतर रंग और गुणवत्ता प्रदान करता है। स्पाइसेस बोर्ड निर्यात के लिए उपयुक्त गुणवत्तायुक्त हल्दी के उत्पादन के लिए कृषकों में हल्दी उबालने वाली इकाइयों के उपयोग को, बड़े पैमाने पर लोकप्रिय बना रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हल्दी उबालने वाली इकाई की वास्तविक लागत का सामान्य कृषक को 50 प्रतिशत और उत्तरपूर्व / अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कृषकों के लिए 75 प्रतिशत अथवा सामान्य कृषक के लिए 1,88,000 लाख रूपए और उत्तरपूर्व / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के कृषकों के लिए 2,28,000/ रुपए, जो भी कम हो, इमदाद के रूप में दी जाती है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, 181.96 लाख रूपये की वित्तीय सहायता पर भाप से हल्दी उबालने वाली 116 इकाइयों की आपूर्ति की गई, जिससे 116 कृषक लाभान्वित हुए।

छ) हल्दी पॉलीशर की आपूर्ति

कार्यक्रम का उद्देश्य हल्दी उत्पादकों / उत्पादकों के समूह / मसाला उत्पादक सोसाइटियों / मसाला किसान उत्पादक कंपनी आदि को प्रेरित करना और उनकी सहायता करना है, ताकि निर्यात के लिए उपयुक्त गुणवत्ता वाली हल्दी का उत्पादन करने के लिए रियायती दरों पर सुधारित पॉलिशर्स की आपूर्ति करके हल्दी की आपूर्ति की जा सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य कृषक के लिए बॉयलिंग इकाई की वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अथवा 94,000/ रुपए और उत्तरपूर्व / अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के कृषकों के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत अथवा 1,40,000/ रुपए, जो भी कम है, की इमदाद प्रदान की जाती है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, 188 हल्दी पॉलिशिंग इकाइयों को 165.80 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे 188 कृषक लाभान्वित हुए ।

ज) जायफल/लौंग ड्रायर

इस योजना का उद्देश्य गुणवत्ता वाले जायफल, जावित्री और लौंग का उत्पादन करने के लिए उत्पादकों में यांत्रिक ड्रायर को लोकप्रिय बनाना है। इमदाद की दर, सामान्य कृषक को ड्रायर की लागत का 50 प्रतिशत और उत्तरपूर्व / अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति श्रेणी के कृषकों के लिए 75 प्रतिशत अथवा क्रमश सामान्य कृषक को अधिकतम 37,500/ रुपए और उत्तरपूर्व / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति श्रेणी के कृषकों के लिए 56,000/ रुपए है ।

वर्ष 2021-22 के दौरान 200 जायफल/लौंग ड्रायर की संस्थापना के लिए 55.23 लाख रुपये की सहायता दी गई, जिससे 200 कृषक लाभान्वित हुए।

झ) पुदीना आसवन इकाई की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य पुदीना उत्पादकों को आसवन इकाई की क्षमता बढ़ाने के साथसाथ निर्यात के लिए तेल की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए उनके खेतों में स्टेनलेस स्टील वाली आधुनिक आसवन इकाइयों को स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। इमदाद की दर, सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत बशर्तेकि क्रमश : 1,88,000/ रुपए और 2,80,000/ रुपए, जो भी कम हो, है ।

वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 7.55 लाख रुपये की इमदाद पर कुल पाँच पुदीना आसवन इकाइयां स्थापित की गई थीं, जिससे पाँच कृषक लाभान्वित हुए।

ञ) मसाला क्लीनर/ग्रेडर/स्पाइरल ग्रेविटी सेपरेटर्स

योजना का उद्देश्य मशीनीकरण के माध्यम से मसालों के उत्पादन में लाभप्रदता बढ़ाने और निर्यात के लिए मसालों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए मसाला क्लीनर/ ग्रेडर/सर्पिल ग्रेविटी सेपरेटर्स को लोकप्रिय बनाना है। यह योजना सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत और और पूर्वोत्तर / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत

बशर्तेकि क्रमशः 44,000/ रुपए और 66,000/ रुपए, जो भी कम हो, है।

वर्ष 2021-22 के दौरान 2.20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से कुल पांच मसाला ग्रेडिंग मशीनें लगाई गईं, जिससे पांच उत्पादकों को लाभ हुआ।

ट) मसाला धुलाई मशीनें

इस योजना का उद्देश्य मशीनीकरण के माध्यम से मसालों के उत्पादन में लाभप्रदता बढ़ाने और निर्यात के लिए मसालों की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए मसाला वाशिंग मशीनों को लोकप्रिय बनाना है। यह योजना सामान्य श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत और और पूर्वोत्तर / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लिए वास्तविक लागत का 75 प्रतिशत बशर्तेकि क्रमशः 53,000 रुपये प्रति यूनिट और 80,000 रुपये प्रति यूनिट, जो भी कम हो, है।

वर्ष 2021-22 के दौरान 15.90 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से कुल 30 मसाला वाशिंग मशीनें लगाई गईं, जिससे 30 कृषक लाभान्वित हुए।

ठ) क्वालिटी गैप ब्रिजिंग ग्रुप्स चिन्हित समूहों में मसाला उत्पादक समूह

इस योजना का उद्देश्य मसाला उत्पादकों को चिन्हित समूहों के माध्यम से गुणवत्ता, सुरक्षा और ट्रेसेबिलिटी के साथ मसालों का उत्पादन करने के लिए सक्षम बनाना है। यह योजना फसल कटाई के बाद मशीन/उपकरण बैंक की स्थापना, ट्रेसेबिलिटी पर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म में शामिल होने के लिए आईटी सहायता और मसाला उत्पादक समूहों द्वारा बिक्री की मात्रा में सुधार, अच्छी कृषि प्रथाओं (जीएपी) के लिए भूखंड की स्थापना और ऑनलाइन प्लेटफार्मों के रखरखाव हेतु तकनीकी जनशक्ति के लिए समर्थन, मसाला बोर्ड के साथ समझौता ज्ञापन के आधार पर जीएपी प्लॉट और मसाला उत्पादक समूहों का कार्यालय के लिए प्रति मसाला उत्पादक समूहों को अधिकतम 25 लाख रुपये की सहायता प्रदान करती है। मसाला क्षेत्र में सक्रिय रूप से लगे पंजीकृत एफपीओ, एफपीसी, एसएचजी, एसपीएस आदि जैसी कानूनी इकाई वाला समूह सहायता के लिए पात्र है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, मसाला क्षेत्र के तहत आने वाले 15 किसान समूहों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से लाभ उठाया और 110.75 लाख रुपये की वित्तीय सहायता के साथ विभिन्न फसल कटाई के बाद मशीनें स्थापित कीं, जिससे 3178 किसान लाभान्वित हुए।

ड) तिरपाल/सिलपॉलीन शीटों की आपूर्ति

इस योजना का उद्देश्य उत्पादकों को गुणवत्ता में सुधार के लिए मसालों के स्वच्छ सुखाने को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। मसाला उत्पादक जिनके पास 0.20 से 8 हेक्टेयर तक जोत वाले जमीन है, वे सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। यह योजना सामान्य श्रेणी के लिए लागत की 50 प्रतिशत, हैअधिकतम 2,000.00 रूपये प्रति शीटऔर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के किसानों के लिए लागत की 75 प्रतिशत, अधिकतम 3,000.00 रुपये प्रति शीट की सहायता प्रदान करती ।

वर्ष 2021-22 के दौरान, पूरे भारत में मसाला कृषकों को 26,940 तिरपाल और 1,400 सिलपॉलिन शीट की आपूर्ति की गई और 293.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे 17,727 किसान लाभान्वित हुए।

ढ) केरल के इडुक्की जिले में छोटी इलायची के लिए मौसम आधारित फसल बीमा

इस योजना का उद्देश्य छोटी इलायची उत्पादकों को प्रतिकूल मौसम की घटनाओं जैसे कि कम वर्षा, गर्मी (तापमान), सापेक्ष आर्द्रता, जिन्हें उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला माना जाता है, आदि से बचाना है। छोटी इलायची के पंजीकृत इलायची उत्पादक जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से आठ हेक्टेयर भूमि है, वे इस योजना के लिए नामांकन करने के पात्र हैं। यह योजना लघु इलायची की किसी भी प्रचलित किस्म को मोनो फसल या इंटरक्रॉप के रूप में उगाने वाले किसानों के लिए लागू है।

मसाला बोर्ड के तत्वावधान में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एआईसी) इस योजना की कार्यान्वयन एजेंसी है। इस योजना में मसाला बोर्ड द्वारा प्रीमियम का 75 प्रतिशत की सहायता प्रदान करती है और प्रीमियम का 25 लाभार्थी द्वारा वहन किया जाता है। बोर्ड का हिस्सा 16,040.00 रुपये प्रति हेक्टेयर है। (जीएसटी सहित)।

वर्ष 2021-22 के दौरान, योजना के तहत 808 किसानों से आवेदन प्राप्त हुए और बोर्ड के हिस्से के रूप में 52.99 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई।

घ) जैविक खेती

मसालों के जैविक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2021-22 में, केंचुआकम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना हेतु सहायता देने, मसालों के जैविक बीज बैंक को बढ़ावा देने के लिए ये योजनाएँ लागू की गईं।

अ) केंचुआ कम्पोस्ट इकाइयों की स्थापना

जैविक उत्पादन में मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए खेत में ही जैविक आदानों का उत्पादन करना आवश्यक है। उत्पादकों को जैविक कृषि आदानों, विशेष रूप से केंचुआ कम्पोस्ट का उत्पादन करने में सक्षम बनाने के लिए, एक टन उत्पादन की क्षमता वाली एक केंचुआकम्पोस्ट इकाई हेतु इमदाद के रूप में, सामान्य कृषकों को वास्तविक लागत का 33.33 प्रतिशत अथवा 4,500/ रुपए और अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के किसानों को 75 प्रतिशत अथवा 10,000/ रुपए प्रदान किए जाते हैं।

वर्ष 2021-22 के दौरान 335 वर्मीकंपोस्ट इकाइयों की स्थापना की गई थी, जिसमें 322 कृषकों को कुल 32.28 लाख रुपये की इमदाद दी गई।

आ) मसालों के लिए जैविक बीज बैंकों की स्थापना

जैविक बीज बैंकों के अंतर्गत शामिल करने हेतु स्वदेशी किस्में केरल में कोचीन अदरक, उत्तरपूर्वी राज्यों में नादिया अदरक, केरल में अलेप्पी फिंगर हल्दी, महाराष्ट्र में राजापोरी हल्दी, मेघालय में लकादोंग / मेघा हल्दी और तमिलनाडु में शाकीय मसाले चिह्नित किए गए। इस योजना का उद्देश्य समृद्ध आंतरिक मूल्य वाली अदरक और हल्दी तथा शाकीय मसालों की स्वदेशी किस्मों की रोपण सामग्री के गुणन के लिए उत्पादकों के खेत में जैविक बीज बैंक स्थापित करना और शुद्धता बनाए रखने और गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री के स्रोत के रूप में कार्य करनया है। मसालों की इनमें से किसी भी किस्म के व्यक्तिगत उत्पादक जिनके पास 0.10 हेक्टेयर से आठ हेक्टेयर तक की जमीन हो और जैविक प्रमाणन वाले हो, इस योजना के तहत लाभ उठाने के पात्र हैं। एक उत्पादक दो हेक्टेयर प्रति लाभार्थी अधिकतम तीन साल तक के लिए योजना के तहत इमदाद का लाभ उठा सकता है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, अनुसूचित जनजाति वर्ग के तहत 3.00 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से गुवाहटी क्षेत्र में अदरक के संबंध में तीन जैविक बीज बैंकों का भुगतान किया गया है ।

ङ) मसालों की गुणवत्ता सुधार केलिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोर्ड नियमित रूप से किसानों, राज्य कृषि/बागवानी विभागों के अधिकारियों, व्यापारियों, गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों आदि के लिए गुणवत्ता सुधार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि उन्हें फसल पूर्व और बाद के वैज्ञानिक तरीकों और भंडारण प्रौद्योगिकियों और प्रमुख मसालों के लिए अद्यतन गुणवत्ता आवश्यकताओं पर शिक्षित किया जा सके।

वर्ष 2021-22 के दौरान 17.26 लाख रुपये के कुल व्यय पर 186 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत कुल 8695 कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। (महिला 1032; अनु. जाति 594; अनु. जन जाति 2968) व्यय एचआरडी शीर्ष के तहत पूरा किया गया था।

च) विस्तार सलाहकार सेवा

उत्पादन पर उत्पादकों को तकनीकी जानकारी के हस्तांतरण पर प्रशिक्षण और मसालों की फसल कटाई के बाद सुधार उत्पादकता बढ़ाने और मसालों की गुणवत्ता में सुधार करने का एक महत्वपूर्ण कारक है। इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत संपर्क, क्षेत्र दौरों, समूह बैठकों और छोटी इलायची (केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में) और बड़ी इलायची (सिक्किम और पश्चिम बंगाल राज्यों में) के लिए साहित्य के वितरण के माध्यम से खेती और कट ई के बाद प्रबंधन के वैज्ञानिक पहलुओं पर उत्पादकों को तकनीकी / विस्तार सहायता की परिकल्पना की गई है।

विस्तार सलाहकार सेवा के अलावा निर्यातोन्मुखी उत्पादन स्कीम के अंतर्गत बोर्ड के उत्पादन और कटाई पश्चात कार्यक्रमों को विस्तार नेटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है। वर्ष 2020-21 के दौरान केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के कालिम्पोंग और दार्जिलिंग जिलों में इलायची (छोटी और बड़ी) के लिए कुल 16,100 विस्तार दौरे किए गए और संबंधित उत्पादक क्षेत्रों में अन्य मसालों के लिए 1663 समूह बैठकें / अभियान आयोजित किए गए। वर्ष 2021-22 के दौरान विस्तार सलाहकार सेवा के तहत कुल व्यय 1,741 लाख रुपये था।

छ) छोटी इलायची उत्पादकता पुरस्कार (वर्ष 2019-20 तथा 2020-21)

केरल सरकार के माननीय कृषि मंत्री श्री पी प्रसाद ने 12

मार्च 2022 को मसाला बोर्ड के प्रवाल जयंती समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित एक कार्यक्रम में वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए मसाला बोर्ड द्वारा गठित छोटी इलायची उत्पादकता पुरस्कार वितरित किए।

उत्पादकता पुरस्कार छोटी इलायची उत्पादकों को प्रति हेक्टेयर उच्चतम उपज की उपलब्धि के आधार पर दिया जाता है। इसमें पहली, दूसरी और तीसरी श्रेणियां शामिल हैं। प्रथम पुरस्कार श्रेणी में केवल एक स्थान और द्वितीय पुरस्कार श्रेणी में दो स्थान हैं, जिनमें से एक विशेष रूप से महिला उत्पादकों के लिए है। तृतीय पुरस्कार श्रेणी में केवल योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। अब तक हासिल की गई उच्चतम उत्पादकता 7689 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है।

इस अवसर पर जैविक छोटी इलायची उत्पादकता पुरस्कार (जैविक एससीपीए) नामक एक विशेष पुरस्कार भी वितरित किया गया, जिसमें प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र के साथ नकद पुरस्कार के रूप में 1,00,000.00 रुपये शामिल हैं। इसमें अब तक की सर्वाधिक उत्पादकता 2300 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है।

ज) नई पहल

अ) राष्ट्रीय सतत मसाला कार्यक्रम (एन एस एस पी)

राष्ट्रीय सतत मसाला (स्पाइस) नेटवर्किंग प्रोग्राम नामक परियोजना को विश्व मसाला संगठन (डब्ल्यू.एस.ओ, अखिल भारतीय मसाला निर्यातक फोरम की तकनीकी शाखा), अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों आई.डी.एच (जो सतत व्यापार पहल का समर्थन करता है) और जी.आई.जेड, जर्मनी (जो जैवविविधता और व्यापार पर काम करता है) और मसाला क्षेत्र (सेक्टर) में जैव विविधता के लिए उचित चिंता के साथ ट्रैसेबिलिटी लाने और सुस्थिरता प्राप्त करने के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्पाइसेस बोर्ड के सहयोग से लागू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य मसाले मिर्च, कालीमिर्च, हल्दी, जीरा और छोटी इलायची और उत्तरपूर्वी क्षेत्र में उत्पादित मसाले हैं, ताकि इस क्षेत्र से मसालों के उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। तकनीकी भागीदार होने के नाते, स्पाइसेस बोर्ड ने किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन में एनएसएसपी के साथ सहयोग किया और बोर्ड की नियमित योजनाओं के तहत परियोजना क्षेत्र में कटाई के बाद की मशीनों और उपकरणों की खरीद के लिए किसानों का समर्थन किया।

आ) भारत में मसाला मूल्य शृंखला को मजबूत करना और क्षमता निर्माण और अभिनव हस्तक्षेपों के माध्यम से बाजार पहुंच में सुधार करना

स्पाइसेस बोर्ड ने क्षमता निर्माण में सहायता के लिए 2014 में, जीरा, सौंफ, धनिया और कालीमिर्च जैसे मसालों में एसपीएस मुद्दों को संबोधित करने के साथसाथ ज्ञान साझा करने केलिए, मानक और व्यापार विकास सुविधा (एसटीडीएफ), विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ) के अधीन एक संगठन, को भारत में मसाला मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने और क्षमता निर्माण के माध्यम से बाजार पहुंच में सुधार शीर्षक से तीन साल की परियोजना प्रस्तुत की थी। परियोजना का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और दूसरे चरण के कार्यान्वयन का कार्य प्रगति पर है।

इ) हल्दी कृत्यक बल समिति

हल्दी क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पणधारियों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं को दूर करने और क्षेत्र के लिए मौजूदा समर्थन प्रणाली की सीमाओं की पहचान करने और सभी पणधारियों को शामिल करके समन्वित प्रयासों के माध्यम से उन्हें मजबूत करने के लिए, मसाला बोर्ड ने हल्दी कृत्यक बल समिति (टीटीएफसी) का गठन किया है। समिति में सदस्यों के रूप में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (एमओए एंड एफडब्ल्यू), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (एमओसी एंड आई), आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना के राज्य कृषि विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्यों के बागवानी / कृषि विभाग, भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) और हल्दी निर्यातक संघों, व्यापारी संघों और उत्पादक संघों के प्रतिनिधियों के साथ, निदेशक (विकास), मसाला बोर्ड को अध्यक्ष और उप निदेशक, मसाला बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, वारंगल को सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया है। टीटीएफसी की सिफारिशों के आधार पर, तेलंगाना राज्य में निर्यात गुणवत्ता हल्दी के उत्पादन के लिए एकीकृत परियोजना नामक एक व्यापक परियोजना तैयार की गई और उपयुक्त कार्रवाई शुरू करने के लिए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और अन्य संबंधित विभागों को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई।

वर्ष 2021-22 के दौरान, निजामाबाद, वारंगल और हैदराबाद में मसाला बोर्ड के कार्यालयों ने तेलंगाना राज्य में उत्पादकों से आवेदनों का संग्रह और प्रक्रिया शुरू की है और बोर्ड के हल्दी बॉयलर, पॉलिशर, रैपिड करक्यूमिन परीक्षण उपकरण, सिलपॉलिन / तिरपाल शीट की आपूर्ति और समर्थन समूहों के लिए फसल कटाई के बाद मशीनों / उपकरणों की खरीद और प्रशिक्षण/ अध्ययन दौरे / एक्सपोजर यात्राओं के संचालन के लिए अनुमोदित कार्यक्रम के तहत राज्य के हल्दी क्षेत्र को 5.07 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

ई) मिर्च कृत्यक बल समिति

मिर्च क्षेत्र में मुद्दों का अध्ययन करने और मिर्च के निर्यात योग्य अधिशेष के समग्र विकास और उत्पादन के लिए कार्यक्रम प्राप्त करने के लिए, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे प्रमुख मिर्च उत्पादक राज्यों में एम.ओ.सी एंड आई, एम.ओ.ए एंड एफ.डब्ल्यू, लाइन संगठनों/ विभागों/ संस्थानों के प्रतिनिधियों और मिर्च निर्यातक/व्यापार/किसानों के प्रतिनिधियों को शामिल करके टास्क फोर्स का गठन किया गया था। माननीय सांसद और स्पाइसेस बोर्ड के सदस्य श्री जी.वी.एल नरसिम्हा राव सी.टी.एफ.सी के अध्यक्ष हैं और स्पाइसेस बोर्ड के निदेशक (विकास) डॉ. ए.बी. रमाश्री समिति की उपाध्यक्षा हैं ।

कृत्यक (टास्क फोर्स) ने मिर्च की आपूर्ति शृंखला (सप्लाई चेन) में विभिन्न पणधारियों के सामने आने वाले मुद्दों पर विचारविमर्श किया और मिर्च की विभिन्न प्रकार की निर्यात संभावित किस्मों, इसके आंतरिक मूल्य, उत्पादन, फसलकटाई पश्चात् और निर्यात के मुद्दों को दर्ज किया है। समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जा रही है।

05

निर्यात विकास और संवर्धन

स्पाइसेस बोर्ड देश से मसालों के निर्यात के विकास, मसालों के निर्यात के गुणवत्ता प्रबंधन और इलायची (छोटी और बड़ी) के उत्पादन और उत्पादकता में सुधार के लिए उत्तरदाई है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, बोर्ड केंद्रीय सेक्टर योजना, मसालों में निर्यात प्रोत्साहन और गुणवत्ता सुधार के लिए एकीकृत योजना और इलायची के अनुसंधान और विकास के तहत विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों को लागू कर रहा है। इस योजना में प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए बुनियादी ढांचे का विकास, गुणवत्ता मूल्यांकन के बुनियादी ढांचे की स्थापना / उन्नयन, छोटी और बड़ी इलायची के लिए अनुसंधान और विकास सहायता, जैविक उत्पादन और प्रमाणीकरण, उत्तरपूर्व क्षेत्र में जैविक मसालों को बढ़ावा देना, फसल कटाई के बाद सुधार के लिए किसानों और मसाला उत्पादक समूहों द्वारा मशीनों/उपकरणों की खरीद के लिए सहायता आदि शामिल हैं, और इन गतिविधियों के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं।

वर्ष 2021-22 के दौरान, भारत ने 30,576 करोड़ रुपये (4,102.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 15,31,154 मीट्रिक टन मसालों और मसाला उत्पादों का निर्यात किया। भारत के मसालों का निर्यात वर्ष 2013-14 में 13,73,539 लाख रुपये (2,268 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 8,17,250 मीट्रिक टन से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 30,57,644 लाख रुपये (4,102.29 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य के 15,31,154 मीट्रिक टन हो गया। यह वृद्धि मात्रा में 87 प्रतिशत, और मूल्य में (रु) में 123 प्रतिशत और (यूएसडी) में 81 प्रतिशत दर्ज की गई है। भारत के मसाला निर्यात क्षेत्र में वर्ष 2013-14 के बाद से सीएजीआर मात्रा में 8.16 प्रतिशत, मूल्य में (रु) में 10.52 प्रतिशत और (यूएसडी) में 7.69 प्रतिशत दर्ज किया गया।

विभिन्न कार्यक्रम, जिन्हें निर्यात विकास और संवर्धन योजना के तहत कार्यान्वित किया गया था उनका उद्देश्य आयात करने वाले देशों में बदलते खाद्य सुरक्षा मानकों को पूरा करने में निर्यातकों की सहायता करना था। वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने और प्रक्रियाओं को उन्नत बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के अलावा, बोर्ड मसालों की पूरी आपूर्ति श्रृंखला में गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है। जिन क्षेत्रों में मुख्य जोर है वे हैं व्यापार संवर्धन, उत्पाद विकास और अनुसंधान, बुनियादी ढांचा विकास, विदेशों में भारतीय मसाला ब्रांडों का प्रचार, प्रमुख मसाला उत्पादन / विपणन केंद्रों में सामान्य सफाई, ग्रेडिंग, प्रसंस्करण, पैकिंग और भंडारण (स्पाइस पार्क) के बुनियादी ढांचे की स्थापना, जैविक मसालों/जीआई मसालों को बढ़ावा देना, क्रेता-विक्रेता सम्मेलनों का आयोजन आदि। पूर्वोत्तर क्षेत्र के मसाला क्षेत्र के लिए विशेष कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं।

अ) अवसंरचना का विकास

क) खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन तंत्र/प्रमाणन के कार्यान्वयन के लिए सहायता

इस योजना के तहत, मान्यता प्राप्त एजेंसियों द्वारा आई.एस.ओ. / एचएसीसीपी / एफएसएससी 22000 / एनपीओपी, आदि (कोषेर, हलाल, जीएमपी, एसक्यूएफ, बीआरसी, आदि सहित) के तहत मसाला निर्यातकों की प्रसंस्करण इकाइयों, इन हाउस प्रयोगशालाओं आदि का प्रत्यायन / प्रमाणीकरण प्राप्त करने, आयात करने वाले देशों की अधिकृत एजेंसियों/विदेशी खरीददार सत्यापन कार्यक्रम (एफबीवीपी), आदि द्वारा प्रमाणीकरण की लागत पर विचार किया जाता है।

बोर्ड सामान्य श्रेणी के निर्यातक के लिए प्रमाणन की लागत का 33 प्रतिशत, अधिकतम 5.00 लाख रुपए तक, और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के निर्यातकों, एफपीओ निर्यातकों और पूर्वोत्तर क्षेत्र (सिक्किम और दार्जिलिंग क्षेत्र सहित) और अन्य हिमालयी राज्यों / जम्मू

स्पाइसेस बोर्ड
भारत

स्थापना की है, जिसमें एक विसंक्रमण इकाई भी शामिल है और इसे मेसर्स फ्लेवरिट स्पाइस ट्रेडिंग लिमिटेड को पट्टे पर दिया गया है।

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान स्पाइसेस पार्क छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश में स्थापित सामान्य प्रसंस्करण इकाई को मेसर्स वी नेचुरल, छिंदवाड़ा को 10 वर्षों की अवधि के लिए पट्टे पर दिया गया था। मेसर्स वी नेचुरल द्वारा संचालन की शुरुआत का उद्घाटन भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री, श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 27 जनवरी, 2022 को श्री पी. एस. नेरहरि, जिला कलेक्टर, छिंदवाड़ा की उपस्थिति में किया।

(ii) उद्यमियों को प्लॉट का आवंटन

छिंदवाड़ा और पुट्टडी को छोड़कर अन्य सभी स्पाइसेस पार्कों में संभावित उद्यमियों को मूल्यवर्धन और मसालों के उन्नत प्रसंस्करण के लिए अपनी प्रसंस्करण इकाइयों का विकास करने हेतु आवंटित करने के लिए भूमि निर्धारित की गई है। उद्यमी स्पाइसेस पार्क में उपलब्ध आम बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाकर अपनी प्रसंस्करण इकाइयों का विकास कर सकते हैं।

वर्ष 2021-2022 के दौरान, बोर्ड ने मसालों के पंजीकृत निर्यातकों से विभिन्न स्पाइसेस पार्कों में उपलब्ध खाली भूखंडों के आवंटन के लिए ईओआई आमंत्रित किया। बोर्ड को जबरदस्त प्रतिक्रियाएं मिलीं और गुंटूर को छोड़कर अन्य सभी पार्कों में सभी आवेदनों पर आवंटन के लिए विचार किया गया।

चूंकि गुंटूर में प्राप्त प्रतिक्रियाएं उपलब्ध भूखंडों से अधिक थीं, बोर्ड ने भूमि का आवंटन कुछ निश्चित मानदंडों, जैसे कि ईओआई आवेदकों द्वारा प्रस्तुत डीपीआर की योग्यता, गतिविधि की अनुसूची, श्रेणी, निर्यात की मात्रा, आदि, के आधार पर किया । तदनुसार, वर्ष के दौरान, बोर्ड ने मसाला प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए छह उद्यमियों को छह भूखंड आवंटित किया। इस प्रकार, स्पाइसेस पार्क, गुंटूर में कुल आवंटन 23 उद्यमियों को 55 भूखंड हैं, जिनमें से पांच इकाइयां कार्यरत हैं और सात इकाइयों का निर्माण प्रगति पर है।

स्पाइसेस पार्क जोधपुर में 31 मार्च 2022 तक 19 उद्यमियों को 23 भूखण्ड आवंटित किये गये थे, जिनमें से 10 उद्यमियों ने निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है और प्रगति पर है।

स्पाइसेस पार्क, गुना के संबंध में, बोर्ड ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान तीन उद्यमियों को सात भूखंड आवंटि त किया है। इस प्रकार, 18 उद्यमियों को कुल 29 भूखंड आवंटित किए गए हैं, जिनमें से दो इकाइयां कार्यरत हैं।

स्पाइसेस पार्क, कोटा में समीक्षाधीन अवधि के दौरान तीन उद्यमियों को तीन भूखंड आवंटित किए गए हैं और आवंटित कुल भूखंड 13 है, जिनमें से एक इकाई का निर्माण प्रगति पर है।

विभिन्न स्पाइसेस पार्कों में उपलब्ध खाली भूखंडों को बोर्ड द्वारा वर्ष भर ईओआई आमंत्रित करके अधिसूचित किया गया है। प्राप्त अनुरोधों पर उद्यमियों द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं की उपलब्धता और योग्यता के आधार पर विचार किया गया।

विभिन्न स्पाइसेस पार्कों जैसे जोधपुर, कोटा और गुना में स्थापित कैंटीन, बैंक, गोदाम, प्रयोगशाला आदि जैसी सामान्य सहायक सुविधाओं के लिए जगह को भी पणधारीयों को पट्टे पर दिया गया था।

वर्ष 2021-2022 के दौरान, विभिन्न स्पाइस पार्कों में स्थापित आम प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से कुल 15,367 मीट्रिक टन मसालों का प्रसंस्करण किया गया और इनमें से 400 लाख रुपये मूल्य के 649 मीट्रिक टन मसालों का निर्यात किया गया। स्पाइसेस पार्क गुना में स्थापित कलर सॉर्टेक्स सिस्टम में कुल 407.40 मीट्रिक टन मसालों का प्रसंस्करण किया गया।

बोर्ड ने स्पाइसेस पार्क में उपलब्ध भूखंड उद्यमियों को मसालों के मूल्यवर्धन के लिए अपनी प्रसंस्करण इकाइयां विकसित करने के लिए आवंटित किया है। वर्ष 2021-2022 के दौरान स्पाइसेस पार्कों में स्थापित इन इकाइयों के माध्यम से 39,500 लाख रुपये मूल्य के कुल 44,510.81 मीट्रिक टन मसालों

का प्रसंस्करण किया गया, जिनमें से 180 लाख रुपये के 1024 मीट्रिक टन मसालों का निर्यात किया गया।

वर्ष 2021-2022 के दौरान, स्पाइसेस पार्कों में स्थापित आम भंडारण सुविधाओं में कुल 9,655 मीट्रिक टन मसालों का भंडारण किया गया था और स्पाइसेस पार्कों में उद्यमियों द्वारा स्थापित गोदामों/कोल्ड स्टोरेज इकाइयों में कुल 4,235 मीट्रिक टन मसाले और 89,945 मीट्रिक टन अन्य कृषि उत्पादों का भंडारण किया गया था।

वर्ष 2021-22 के दौरान, स्पाइसेस पार्कों ने 194 महिला श्रमिकों सहित, कुल 104 स्थायी श्रमिकों और 253 अनुबंध / आकस्मिक श्रमिकों को रोजगार प्रदान किया। स्पाइसेस पार्कों में रखरखाव/कारोबारी कार्य के लिए 227.748 लाख रुपये व्यय किया गया है।

(iii) स्पाइस कॉम्प्लेक्स सिक्किम

सिक्किम राज्य में मसालों के महत्व और राज्य से मसालों के निर्यात की संभावनाओं और अवसरों को ध्यान में रखते हुए, स्पाइसेस बोर्ड ने सिक्किम में एक स्पाइसेस परिसर स्थापित करने के लिए स्टेट सेल, वाणिज्य मंत्रालय को एक परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। परियोजना प्रस्ताव ने राज्य में किसानों और अन्य पणधारियों को लाभ पहुंचाने के लिए मसालों में सामान्य प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन को सुविधाजनक बनाने और प्रदर्शित करने के लिए निर्यात योजना (टीआईईएस) के लिए व्यापार बुनियादी ढांचे के तहत वित्तीय सहायता की मांग की। सिक्किम स्पाइस कॉम्प्लेक्स को उपयुक्त भौतिक और आम बुनियादी ढांचे और सुविधाओं वाले एक स्वनिहित सुविधा के रूप में परिकल्पित किया गया है। सिक्किम में स्पाइस कॉम्प्लेक्स के घटकों में एक सामान्य प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन इकाई, बड़ी इलायची के लिए अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं और गुणवत्ता परीक्षण सुविधाओं, प्रशिक्षण केंद्र, जैव-इनपुट उत्पादन के लिए प्रबंधन भवन सहित फसल उपरांत प्रबंधन हेतु एक ही स्थान पर बोर्ड का अनुसंधान, विकास और विपणन कार्यालय स्थापित करना भी शामिल है। सिक्किम सरकार ने सिक्किम के पूर्वी जिले के नामचेबोंग में 10 एकड़ जमीन आवंटित की है। परियोजना की कुल लागत 26.51करोड़ रुपये है। सिक्किम में स्पाइस कॉम्प्लेक्स की स्थापना की परियोजना को मंजूरी टीआईइस के तहत दी गई है और मंत्रालय द्वारा पहली किस्त के रूप में 8.87 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। बोर्ड ने आद्योपांत (टर्नकी) आधार पर स्पाइस कॉम्प्लेक्स स्थापित करने की जिम्मेदारी एक एजेंसी के रूप में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी), गंगटोक क्षेत्र को सौंपा और इसके लिए सीपीडब्ल्यूडी के साथ एक समझौता ज्ञापन निष्पादित किया है।

बोर्ड ने परियोजना को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्य विभाग, सिक्किम सरकार; बागवानी विभाग, सिक्किम; सीपीडब्ल्यूडी; सिक्किम के मसाला निर्यातक सदस्य और मसाला बोर्ड के अधिकारियों के प्रतिनिधियों को शामिल करके एक परियोजना निगरानी समिति (पीएमसी) का भी गठन किया है।

वर्तमान में, समोच्च सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, स्पाइस कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए निविदा सीपीडब्ल्यूडी द्वारा ऑनलाइन मंगाई गई है और जुलाई 2022 में पूरा होने की उम्मीद है। बोर्ड ने सीपीडब्ल्यूडी को दूसरी किस्त के रूप में 2.90 करोड़ रुपये की राशि जारी कर दिया है।

आ) व्यापार उन्नयन

क) व्यापारिक नमूने विदेश भेजना

मसालों और मसाला उत्पादों के निर्यात अनुबंध आम तौर पर खरीददारों को उपलब्ध कराए गए नमूनों के आधार पर संपन्न होते हैं। निर्यातकों को अनुमोदन और खरीददारों की अपेक्षाओं से मिलान करने के लिए विदेशों में अपने ग्राहकों को नमूने भेजने की आवश्यकता होती है। एक अनुबंध के लिए नमूनों को कूरियर से भेजने की उच्च लागत और कूरियर से भेजना आवश्यक नमूनों की संख्या को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड निर्यातकों को विदेशों में नमूने भेजने के लिए कूरियर शुल्क की लागत को समायोजित करने में सहायता करता है। यह सहायता वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 250 करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक कारोबार वाले व्यापार निर्यातकों और एमएसएमई निर्यातकों को प्रतिपूर्ति के रूप में सहायता सामान्य श्रेणी में कूरियर शुल्क की लागत के 50 प्रतिशत की दर से, अधिकतम प्रतिवर्ष 1.50 लाख रुपये तक और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के निर्यातकों, एफपीओ निर्यातकों और पूर्वोत्तर क्षेत्र (सिक्किम और दार्जिलिंग क्षेत्र सहित) और अन्य हिमालयी राज्यों/ जम्मूकश्मीर और लद्दाख, राज्यों आईटीडीपी क्षेत्र घोषित

राज्यों और द्वीप समूहों (अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेशों) में निर्यातकों की श्रेणी में कूरियर शुल्क की लागत के 75 प्रतिशत की दर से अधिकतम 2.25 लाख रुपये प्रति वर्ष तक प्रदान की गई थी। वर्ष 2021-22 के दौरान, इस योजना के तहत 1.81 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई।

ख) पैकेजिंग विकास और बारकोडिंग

शैल्फ जीवन में वृद्धि, भंडारण स्थान की आवश्यकता में कटौती और विदेशी बाजारों में भारतीय मसालों की बेहतर प्रस्तुति के लिए मौजूदा पैकेजिंग में सुधार और आधुनिक पैकेजिंग विकसित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। बोर्ड उन सभी पंजीकृत निर्यातकों की, जिन्होंने स्पाइसेस बोर्ड में अपना ब्रांड नाम पंजीकृत किया है, शैल्फ जीवन में वृद्धि, भंडारण स्थान की आवश्यकता में कटौती और विदेशी बाजारों में भारतीय मसालों की बेहतर प्रस्तुति के लिए मौजूदा पैकेजिंग में सुधार और आधुनिक पैकेजिंग विकसित करने के लिए आधुनिक पैकेजिंग विकसित करने में सहायता करता है। कार्यक्रम के तहत उभरते बाजार की अपेक्षाओं के अनुसार पैकेजिंग विकास, बार कोडिंग, क्यूआर कोड, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद कोड (ईपीसी)/रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) टैग आदि जैसी गतिविधियों पर विचार किया जाता है। वर्ष 2021-22 के दौरान, इस योजना के तहत 01.00 लाख रुपये की सहायता प्रदान की गई।

ग) उत्पाद अनुसंधान एवं विकास (पंजीकृत निर्यातकों/ संस्थानों के लिए)

मसालों को औषधीय, सौन्दर्यवर्धक, पोषण और स्वास्थ्य वर्धक मूल्यों के लिए जाना जाता है। इन उपयोगों के बारे में पारंपरिक ज्ञान का एक विशाल भंडार देश में उपलब्ध है। हालांकि, मसाले/मसाले के अर्क/मसाले के मिश्रण के प्रशंसित गुणों को स्थापित करने के लिए पर्याप्त दस्तावेजी सबूत/सत्यापन अध्ययन मौजूद नहीं हैं। दस्तावेज़ीकरण/ सत्यापन का यह अभाव इन उत्पादों की विपणन क्षमता में बाधक बनता है। यह महसूस किया गया है कि यदि वैज्ञानिक तरीके से किए गए परीक्षणों और नैदानिक मूल्यांकनों के आधार पर आवश्यक दस्तावेज/सत्यापन तैयार किया जाता है, तो बहुत अधिक मूल्यवर्धन वाले उत्पादों को तैयार किया जा सकता है और इन उत्पादों का स्थापित बाजारों में वैकल्पिक दवाओं, कार्यात्मक खाद्य पदार्थ, न्यूट्रास्यूटिकल्स, प्रतिरक्षा बूस्टर इत्यादि के रूप में विपणन और पेटेंट (यदि आवश्यक हो) किया जा सकता है। साथ ही, देश के भीतर उत्पादित मसालों से नए अंतिम उपयोग और अनुप्रयोग विकसित करने की गुंजाइश है।

ऐसे नए उत्पादों और फॉर्मूलेशनों के निर्यात से मिलने वाला लाभ न्यूनतम मूल्यवर्धन वाले साबुत मसालों के निर्यात से प्राप्त लाभ की तुलना में असाधारण रूप से अधिक होगा। मसालों से नए अंतिम उत्पादों के विकास में अपरंपरागत अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान शामिल होता है, जिससे निर्यात की उच्च क्षमता वाले पेटेंट योग्य उत्पादों का निर्माण भी हो सकता है। यह योजना उत्पाद अनुसंधान और विकास, नैदानिक परीक्षण, संपत्तियों के सत्यापन, पेटेंट और विपणन परीक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

पंजीकृत निर्यातक और आवश्यक सुविधाओं वाले अनुसंधान एवं विकास संस्थान, योजना के तहत, उत्पाद अनुसंधान और विकास की लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम 25.00 लाख रुपये और नैदानिक परीक्षण और पेटेंट कराने की स्थिति में, 1.00 करोड़ रुपये, सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। साथ ही, केंद्र/राज्य के विश्वविद्यालयों, अनुसंधान एवं विकास और सरकार के अन्य संस्थानों को, परियोजना की लागत के 100 प्रतिशत तक अधिकतम 25 लाख रुपये और यदि नैदानिक परीक्षण और पेटेंट कराना भी शामिल है तो 1.00 करोड़ रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2021-22 के दौरान, बोर्ड ने उत्पाद अनुसंधान एवं विकास घटक के तहत दो लाभार्थियों को 32.49 लाख रुपये की सहायता प्रदान की।

घ) भारतीय मसाला ब्रांडों का विदेशों में प्रचार

भारत से मसालों का एक बड़ा हिस्सा थोक रूप में निर्यात किया जाता है और इसे दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और सुदूर पूर्व की कम लागत वाली अर्थव्यवस्थाओं से कड़ी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा मिलती है। भारत के मसाला प्रसंस्करण का केंद्र होने के नाते, मसाला क्षेत्र को और विकसित करने तथा प्रतिस्पर्धियों की तुलना में बेहतर, मजबूत और अधिक अनुकूलनीय बनाने की आवश्यकता है। इस योजना का उद्देश्य विदेशी बाजारों में भारतीय ब्रांडों की पहचान और खाद्य सुरक्षा की स्पष्ट छाप बनाने में निर्यातकों की मदद करना है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य तय किए गए विदेशी बाजारों में प्रचार कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से भारतीय ब्रांडों के प्रवेश करने में सहायता करना है। इस कार्यक्रम के तहत, जिन निर्यातकों ने अपने ब्रांड को बोर्ड में पंजीकृत किया है, वे प्रति ब्रांड 100 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के तहत सहायता में 100 प्रतिशत स्लॉटिंग / लिस्टिंग शुल्क और प्रचार खर्च और उत्पाद विकास की 50 प्रतिशत लागत शामिल होगी ताकि निर्यातकों को विदेशों में चयनित शहरों में विशिष्ट ब्रांड स्थापित करने में मदद मिल सके।

वर्ष 2021-22 के दौरान, बोर्ड ने एक निर्यातक को ऋण की पहली किस्त के रूप में 33.33 लाख रुपये और एक निर्यातक को ऋण की दूसरी किस्त के रूप में 29.63 रुपये की राशि जारी की।

ङ) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों / प्रदर्शनियों / बैठकों और प्रशिक्षणों में भागीदारी

स्पाइसेस बोर्ड भारतीय निर्यातकों और विदेशी आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय कड़ी के रूप में कार्य करता है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारतीय मसालों को बढ़ावा देने और निर्यातकों को अवसर उपलब्ध कराने की अपनी पहल के हिस्से के रूप में, बोर्ड अंतर्राष्ट्रीय मेलों, प्रदर्शनियों आदि में भाग लेता है भारतीय मसालों की क्षमताओं का ताकि अंतर्राष्ट्रीय खरीददारों के समक्ष प्रदर्शन किया जा सके। समीक्षाधीन अवधि के दौरान, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा, सामाजिक समारोहों आदि में सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के कारण, बोर्ड कई प्रमुख व्यापार मेलों में भाग नहीं ले सका। हालांकि, बोर्ड ने 2021-22 के दौरान दो अंतर्राष्ट्रीय मेलों और 17 घरेलू प्रदर्शनियों में भाग लिया।

बोर्ड निर्यातकों को भी व्यापार उत्पन्न करने / विकसित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मेलों / प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। बोर्ड के पंजीकृत निर्यातक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों / प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। बोर्ड ने वर्ष 2021-22 के दौरान हवाई किराए की प्रतिपूर्ति के रूप में एक निर्यातक को 0.58 लाख रुपये की सहायता प्रदान किया।

च) मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण प्रमाण पत्र के लिए शुल्क की प्रतिपूर्ति

मसाला निर्यातक के रूप में पंजीकरण का प्रमाण पत्र (सीआरईएस) देश से मसालों के निर्यात के लिए अनिवार्य है। पूर्वोत्तर क्षेत्र (सिक्किम और दार्जिलिंग क्षेत्र सहित) और अन्य हिमालयी राज्यों / जम्मूकश्मीर और लद्दाख, राज्य द्वारा अधिसूचित आईटीडीपी क्षेत्रों और द्वीपों (अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप के केंद्र शासित प्रदेशों) और एससी / एसटी निर्यातकों और पूरे देश में एफपीओ उद्यमियों को, मसालों के निर्यात का कारोबार करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए, बोर्ड सीआरईएस शुल्क के एक हिस्से की प्रतिपूर्ति करता है।

बोर्ड ने वर्ष 2021-22 के दौरान इस घटक के तहत 16 पात्र निर्यातकों को 1.29 लाख रुपये की सहायता प्रदान किया।

इ. मार्केटिंग और सहायक सेवाएं

क) विपणन सेवाएं

स्पाइसेस बोर्ड भारत से मसालों और मसाला उत्पादों के निर्यात को विकसित करने, बढ़ावा देने और इलायची के घरेलू मार्केटिंग को मजबूत करने के लिए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला लागू कर रहा है। बोर्ड फसल कटाई के उपरांत प्रबंधन, विपणन, प्रसंस्करण, मसालों की गुणवत्ता में सुधार से संबंधित विभिन्न मुद्दों को हल करने में दिनप्रतिदिन के आधार पर पणधारियों की सहायता करता है और निर्यातकों, किसानों और राज्य सरकारों को सलाह और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

(i) पंजीकरण और लाइसेंसिंग

(a) मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण प्रमाणपत्र (सी आर ई एस)

स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम, 1986 के अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो मसालों के निर्यात का व्यवसाय करना चाहता है, उसके पास मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण का एक मान्य प्रमाण पत्र (सीआरईएस) होना चाहिए जो विदेश व्यापार नीति के अनुसार आरसीएमसी के बराबर है। दिनांक 01 अप्रैल 2021 से

प्रभावी नई अवधि के लिए, बोर्ड मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण का प्रमाण पत्र (सीआरईएस) ऑनलाइन जारी करता है। यह प्रमाणपत्र स्पाइसेस बोर्ड (निर्यातकों का पंजीकरण) (संशोधन) विनियम, 2021 के अनुसार जारी होने की तारीख से तीन साल तक के लिए विधि मान्य है। बोर्ड ने सीआरईएस शुल्क के भुगतान के लिए एक ऑनलाइन गेटवे सिस्टम भी शुरूकिया है।

वर्ष 2021-2022 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड ने मसालों के निर्यातक के रूप में पंजीकरण के 5,662 प्रमाण पत्र जारी किए, जिनमें से 5,027 प्रमाण पत्र व्यापारी श्रेणी में और 635 प्रमाण पत्र विनिर्माता श्रेणी में थे।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी किए गए व्यापार नोटिस के अनुसार, स्पाइसेस बोर्ड ने अप्रैल 2022 से नियामक अनुपालन में कटौती करने के एक भाग के रूप में डीजीएफटी द्वारा विकसित कॉमन डिजिटल प्लेटफॉर्म (ईआरसीएमसी) पर ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया शुरूकर दी है।

(ख) इलायची व्यौहारी और नीलामकर्ता लाइसेंस

कोई भी व्यक्ति जो नीलामीकर्ता या डीलर के रूप में इलायची का कारोबार करना चाहता है, उसके पास इलायची लाइसेंसिंग और विपणन नियम, 1987 के अनुसार एक मान्य लाइसेंस होना चाहिए। नियमों के अनुसार, स्पाइसेस बोर्ड इलायची (छोटी व बड़ी) के व्यापार के लिए नीलामीकर्ता और डीलर लाइसेंस जारी करता है जो कि ब्लॉक अवधि 2020-2023 के लिए मान्य है। ब्लॉक अवधि 31 अगस्त 2023 को समाप्त हो रही है।

रिपोर्ट के तहत अवधि के दौरान, बोर्ड ने पूरे भारत में 526 इलायची डीलर लाइसेंस जारी किए, जिनमें से 489 लाइसेंस छोटी इलायची के लिए और 37 बड़ी इलायची के लिए थे।

ब्लॉक अवधि में पुट्टडी और बोडीनायकन्नूर में ईनीलामी और कर्नाटक और महाराष्ट्र में मैनुअल नीलामी के संचालन के लिए कुल 12 ई-नीलामीकर्ता लाइसेंस और चार मैनुअल नीलामीकर्ता लाइसेंस जारी किए गए थे।

बोर्ड ने इलायची डीलर लाइसेंस और नीलामीकर्ता लाइसेंस जारी करने के लिए, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा विकसित राष्ट्रीय एकल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) में ऑनबोर्डिंग के लिए कार्रवाई शुरूकी।

(ii) ब्रैंड नाम का पंजीकरण

कार्यक्रम का उद्देश्य उन निर्यातकों के ब्रैंड नाम को पंजीकृत करना है जो मसाले/मसाला उत्पादों का निर्यात ब्रैंडेड उपभोक्ता पैक में करते हैं। भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) द्वारा पैकेज के परीक्षण सहित विशिष्ट मानकों के अनुपालन की पुष्टि किए जाने के बाद, तीन साल की अवधि के लिए ब्रांड नाम के पंजीकरण का प्रस्ताव दिया जाता है।

(iii) इलायची की नीलामी

(क) क्लाउडआधारित लाइव ईनीलामी प्रणाली की स्थापना

बोर्ड ने वर्ष 2007 के दौरान बोडिनायकनूर (तमिलनाडु) और पुट्टडी (केरल) में स्थित अपने दो ई-नीलामी केंद्रों में छोटी इलायची के लिए, पुर्व मैं स्थापित पारंपरिक बोली प्रणाली की जगह नई ई-नीलामी प्रणाली प्रस्तुत किया। यह प्रणाली इलायची उद्योग को बहुत अच्छी सेवा दे रही है और लेनदेन में पारदर्शिता बढ़ाने और किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होने में योगदान देती है। ई-नीलामी प्रणाली में दोनों नीलामी केंद्रों में डीलरों की भौतिक उपस्थिति आवश्यक होती है, जिसके कारण नीलामी केंद्र में उपस्थित होने के लिए राज्य की सीमाओं को पार करते हुए बारबार यात्रा करने की जरूरत होती है। नीलामी के दिन विशेष रूप से कोविड 19 महामारी की अवधि के दौरान, नीलामी केन्द्र में भौतिक भागीदारी में होने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड ने 01 नवंबर 2021 से क्लाउड आधारित लाइव ई-नीलामी की शुरुआत की, जिसने दो नीलामी केंद्रों को जोड़कर एक साथ ई-नीलामी आयोजित करना सक्षम बनाया। इस प्रणाली में, किसान और डीलर अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी एक नीलामी केंद्र से इलायची की नीलामी में भाग ले सकते हैं, जबकि पहले नीलामी में भागीदारी के लिए किसानों

और डीलरों को संबंधित नीलामी केंद्रों तक की यात्रा करना पड़ता था। नई प्रणाली की शुरूआत ने प्रत्येक नीलामी में अधिक संख्या में डीलरों की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त किया है।

(ख) डीलरों द्वारा पूलिंग को सीमित करके इलायची नीलामी प्रणाली में हस्तक्षेप

पणधारियों से सुझाव के आधार पर, इलायची की नीलामी प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से उपयुक्त उपायों को लागू करने के लिए, बोर्ड ने इलायची के पूलिंग में हस्तक्षेप किया। तदनुसार, लाइसेंस प्राप्त नीलामीकर्ताओं द्वारा एक नीलामी में इलायची की पूलिंग पर लगाई गई 65 (पैंसठ) मीट्रिक टन की सीमा को हटा दिया गया था और लाइसेंस प्राप्त डीलरों को एक नीलामी में 25 मीट्रिक टन तक जमा करने की अनुमति दी गई है।

बोर्ड के पुट्टडी और बोडिनायकनूर में स्थित नीलामी केंद्रों में 2021-22 (अगस्त-जुलाई) की अवधि के दौरान आयोजित ईनीलामी के माध्यम से इलायची (छोटी) की बेची गई कुल मात्रा 28,730 मीट्रिक टन थी।

अन्य राज्यों जैसे कर्नाटक और महाराष्ट्र में (छोटी) इलायची और सिक्किम के सिंगतम में (बड़ी) इलायची के लिए मैनुअल नीलामी आयोजित की गई थी।

(iv) अनिवार्य नमूनन और परीक्षण कार्यक्रम

स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम, 1986 और स्पाइसेस बोर्ड (निर्यातकों का पंजीकरण) विनियम 1986 के प्रावधानों के तहत, स्पाइसेस बोर्ड आयात करने वाले देशों की आवश्यकता के आधार पर चयनित गंतव्यों के लिए चयनित मसालों और मसाला उत्पादों के निर्यात खेप का अनिवार्य नमूनन और परीक्षण करता है। वर्ष के दौरान, यूरोपीय आयोग विनियमन (ईयू) 2021/2246 दिनांक 15 दिसंबर 2021 के आधार पर, भारत से निर्दिष्ट मसालों के लिए यूरोपीय संघ में प्रवेश को नियंत्रित करने वाले आधिकारिक नियंत्रण और आपातकालीन उपायों को बढ़ा दिया गया था और खेप के प्रवेश की अनुमति के लिए एक आधिकारिक प्रमाण पत्र निर्धारित किया गया था जो 06 जनवरी 2022 से प्रभावी है। इस विनियम के अनुसार, बोर्ड ने 07 फरवरी, 2022 से यूरोपीय संघ को अधिसूचित मसालों के निर्यात के लिए बोर्ड फॉर एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) द्वारा जारी विश्लेषणात्मक रिपोर्ट की मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया है। यूरोपीय संघ ने ईटीओ के लिए मिर्च और अदरक के लिए एमआरएल 0.02 पीपीएम और अन्य मसालों के लिए 0.1 पीपीएम तय किया है। इसके अलावा, ईटीओ के लिए बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक प्रमाण पत्र यूरोपीय संघ में गंतव्य बंदरगाहों पर मसाले की खेप की निकासी के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता है। बोर्ड ने भारतीय मसाला निर्यातकों को उस खेप को भी मंजूरी देने की सुविधा प्रदान की, जो इस नियमन के लागू होने से पहले ही चली गई थी।

वर्ष 2021-22 के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड की कोच्ची, मुंबई, चेन्नई, गुंटूर, तूतिकोरिन, दिल्ली, कांडला और कोलकाता में स्थित गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं ने अनिवार्य नमूनों में 1,27,467 मापदंडों जैसे कि एफ्लाटॉक्सिन, अवैध रंग, बाहरी पदार्थ, कीटनाशक अवशेष, साल्मोनेला, ईटीओ, आदि का विश्लेषण किया है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, बोर्ड ने यूरोपीय संघ और यूके के लिए एफ्लाटॉक्सिन और ईटीओ के 4238 आधिकारिक प्रमाण पत्र जारी किए हैं।

(v) जीरे की निर्यात खेप के भौतिक मानकों के लिए स्पाइसेस पार्क, जोधपुर में क्यूईएल की स्थापना

भारत दुनिया भर में जीरे का सबसे बड़ा उत्पादक है। राजस्थान और गुजरात भारत के प्रमुख जीरा उत्पादक राज्य हैं। स्पाइसेस बोर्ड की 89वीं बोर्ड बैठक में सदस्यों ने बताया कि मसाला निर्यातकों, विनिर्माताओं, खाद्य सुरक्षा और नियामक एजेंसियों को बीज मसालों में मिलावट/संदूषण को लेकर चिंता है। यह भी बताया गया कि किसानों और निर्यातकों के पास विश्वविद्यालय की प्रयोगशालाओं में भी जीरे की गुणवत्ता के परीक्षण की सुविधा नहीं है। स्पाइसेस बोर्ड द्वारा जोधपुर में एक स्पाइस पार्क की स्थापना करने के समय से ही, बोर्ड से जीरा किसानों के लाभ के लिए भौतिक मानकों के परीक्षण के लिए बुनियादी सुविधाओं वाले एक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला स्थापित करने का अनुरोध किया गया था। अनुरोध के आधार पर, स्पाइसेस बोर्ड ने निर्यात के लिए जीरा के भौतिक मापदंडों के अनिवार्य परीक्षण को संभालने के लिए स्पाइसेस पार्क जोधपुर में एक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला और नमूना प्राप्ति डेस्क (एसआरडी) की स्थापना की प्रक्रिया शुरू की।

(vi) गुजरात क्षेत्र में नमूनन गतिविधियों का सुदृढ़ीकरण

ईटीओ के लिए मसाले के नमूनों के परीक्षण के कार्यान्वयन के बाद, परीक्षण किए जाने वाले नमूनों की मात्रा को देखते हुए गुजरात में एक नमूना प्राप्ति डेस्क की आवश्यकता महसूस की गई। तदनुसार, बोर्ड ने एसआरडी सुविधाओं का गुजरात में अहमदाबाद और कांडला में विस्तार किया।

(vii) मसालों के सीमा शुल्क नमूनों का परीक्षण

बोर्ड अग्रिम प्राधिकरण योजना (एएएस) के तहत देश में आयातित मसालों और मसाला उत्पादों के सीमा शुल्क नमूने भी उपज मूल्यांकन के लिए और मानक इनपुट आउटपुट मानदंड (एसआईओएन) के निर्धारण हेतु डीजीएफटी को सिफारिश करने के लिए प्राप्त कर रहा है। वर्ष 2021-22 के दौरान, बोर्ड ने सीमा शुल्क विभाग से प्राप्त मसालों और मसाला उत्पादों के आयात खेप के 275 नमूनों का परीक्षण किया और परीक्षण रिपोर्ट जारी की गई।

(viii) भौगोलिक संकेतों का पंजीकरण

स्पाइसेस बोर्ड ने मलाबार पेप्पर, एलेप्पी ग्रीन कार्डमम, कूर्ग ग्रीन कार्डमम, गुंटूर सन्नम मिर्च और ब्यादगी मिर्च जैसे मसालों को जीआई रजिस्ट्री में सफलतापूर्वक पंजीकृत किया है और इन पांच जीआई टैग मसालों का पंजीकृत मालिक बना हुआ है। बोर्ड ने इच्छुक उत्पादकों/निर्माता समूहों, खरीददारों/निर्यातकों को जीआई रजिस्ट्री से अधिकृत उपयोगकर्ता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

एक अधिकृत उपयोगकर्ता वह व्यक्ति होता है जिसे भौगोलिक संकेत माल (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 की धारा 17 के तहत पंजीकृत किया गया है। स्पाइसेस बोर्ड ने अधिकृत उपयोगकर्ता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए जीआई रजिस्ट्री को एनओसी जारी करने के लिए किसान समूहों और निर्यातकों से आवेदन प्राप्त करना शुरू कर दिया है।

(ix) क्रेता-विक्रेता बैठकें, सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोर्ड निर्यात स्थलों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए और भारत के मसाला निर्यात के सतत विकास को सुनिश्चित करने हेतु मूल्य श्रृंखला के विभिन्न स्तरों के एकीकृत विकास के लिए फसल कटाई के बाद प्रबंधन, प्राथमिक प्रसंस्करण, निर्यात प्रक्रियाओं, आयात प्रलेखन पर मसाला क्षेत्र के पणधारियों के लिए सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। कोविड 19 में उछाल के कारण, बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया है।

क) क्रेता-विक्रेता बैठकें

मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, बोर्ड प्रमुख मसाला उत्पादक क्षेत्रों में क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम) आयोजित कर रहा है ताकि प्रत्यक्ष बाजार संपर्क स्थापित करने के लिए मसाला उत्पादकों और निर्यातकों के बीच बातचीत का एक मंच प्रदान किया जा सके। बीएसएम उत्पादकों और निर्यातकों दोनों को एक लाभकारी स्थिति प्रदान करते हैं, जिसमें उत्पादकों को लाभदायक पारिश्रमिक के साथ उनके उत्पाद के लिए एक बाजार मिलता है, जबकि निर्यातक इसे दीर्घकालिक बैकवर्ड लिंकेज स्थापित करने और गुणवत्ता वाले मसालों की प्रतिस्पर्धी सोर्सिंग के मामले में फायदेमंद पाते हैं। साथ ही, निर्यातक इस अवसर का लाभ उठाकर व्यापार की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रख सकते हैं। कोविड 19 की स्थिति के कारण भौतिक आयोजनों से ध्यान हटाकर ऑनलाइन आयोजनों पर केन्द्रित करने की आवश्यकता पैदा हो गई है।

1) घरेलू क्रेता-विक्रेता बैठक

मसालों और मसालों के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड देश भर के किसानों/विक्रेताओं और निर्यातकों को एक छत के नीचे लाकर घरेलू क्रेता-विक्रेता बैठकें (बीएसएम) आयोजित कर रहा है। बीएसएम मसाला उद्योग के खरीदारों और विक्रेताओं को सीधे बातचीत करने और प्रभावी व्यावसायिक संबंध स्थापित करने के साथसाथ मसाला क्षेत्र से संबंधित प्रासंगिक मुद्दों पर विचार साझा करने के लिए एक आम मंच प्रदान करते हैं। वर्ष 2021-22 के दौरान, बोर्ड ने निम्नलिखित घरेलू क्रेता-विक्रेता बैठकें आयोजित किया।

2) अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठकें

स्पाइसेस बोर्ड भारतीय मसालों को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में स्थित भारतीय दूतावासों के साथ लगातार

क्रम सं	कार्यक्रम का नाम	दिनांक
1	पूर्वोत्तर क्षेत्र की बड़ी इलायची के लिए भारतीय मसाला और खाद्य सामग्री निर्यात संघ (आईएसएफईए), मुंबई, महाराष्ट्र के निर्यातक सदस्यों के साथ आभासी क्रेता-विक्रेता बैठक	23 दिसंबर, 2021
2	अदरक के लिए कर्नाटक पर केन्द्रित ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम)	12 जनवरी, 2022
3	सिक्किम और उत्तरी बंगाल में बड़ी इलायची पर केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	17 जनवरी, 2022
4	हल्दी के लिए तेलंगाना पर केन्द्रित ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम)	12 फरवरी, 2022
5	भारत के पूर्वी क्षेत्र के मसालों के लिए ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक	15 मार्च, 2022
6	काली मिर्च के लिए कर्नाटक पर केन्द्रित ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम)	24 मार्च, 2022
7	धनिया के लिए मध्य प्रदेश पर केन्द्रित ऑनलाइन क्रेता-विक्रेता बैठक (बीएसएम)	24 मार्च, 2022

संपर्क में है। बोर्ड दूतावासों/मिशनों के सहयोग से वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता मीट (आईबीएसएम) आयोजित कर रहा है। आईबीएसएम में संबंधित देशों के दूतावास और सरकारी प्रतिनिधियों के अलावा भारतीय मसाला निर्यातकों, संबंधित देशों के प्रमुख आयातकों, व्यापार संघों, वाणिज्य मंडलों, प्रमुख सुपर मार्केट चेन/डिपार्टमेंटल स्टोर्स आदि की भागीदारी भी शामिल है। यह आयोजन भारतीय निर्यातकों को दुनिया भर के आयातकों के साथ सीधे व्यापार संबंध बनाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। वर्ष 2021-22 के दौरान आयोजित अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता मीट का विवरण नीचे दिया गया ह।

मसाला उद्योग के पणधारियों ने बीएसएम में गहरी दिलचस्पी दिखाई है और सक्रिय रूप से भाग लिया है, और बाजार में संपर्क बनाने के लिए मंच का सर्वोत्तम उपयोग किया है।

क्रम सं	कार्यक्रम का नाम	दिनांक
1	भारतीय मसालों पर अज़रबैजान केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	9 अप्रैल, 2021
2	थाईलैंड में भारतीय मसालों के अवसरों पर वेबिनार और क्रेता-विक्रेता बैठक	18 अगस्त, 2021
3	भारतीय मसालों के लिए यूएई केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	20 अक्टूबर, 2021
4	बी2बी बैठक मेसर्स वैनिस इंटरनेशनल फूड्स, यूनाइटेड किंगडम के साथ	8 दिसंबर, 2021
5	भारतीय मसालों के लिए मलेशिया केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	21 दिसंबर, 2021
6	भारतीय मसालों के लिए मोरक्को केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	8 फरवरी, 2022
7	बी2बी बैठक मेसर्स विटाफी, जीएमबीएच, जर्मनी के साथ	9 फरवरी, 2022
8	भारतीय मसालों के लिए मेक्सिको केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	17 फरवरी, 2022
9	भारतीय मसालों के लिए वियतनाम केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	23 फरवरी, 2022
10	भारतीय मसालों के लिए दक्षिण अफ्रीका केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	25 फरवरी, 2022
11	फ्रांस में भारतीय मसालों के अवसरों पर वेबिनार और क्रेता-विक्रेता बैठक	10 मार्च, 2022
12	भारतीय मसाला मेला 2022 भारतीय मसालों के लिए जापान केन्द्रित क्रेता-विक्रेता बैठक	19 मार्च, 2022

उत्सवों के बाद, बोर्ड बीएसएम में भाग लेने वाले आपूर्तिकर्ताओं (किसान/एफपीओ) और निर्यातकों के संपर्क विवरण को समेकित करता है। निर्यातकों / आपूर्तिकर्ताओं / किसानों/ एफपीओ के संपर्क विवरण प्राप्त पूछताछ के आधार पर विदेशी मिशनों / आयातकों / निर्यातकों / व्यापारियों को प्रसारित किए जाते हैं।

ख) उद्यमिता विकास कार्यक्रम

मसाले और मूल्य वर्धित मसाला उत्पाद विश्व बाजार में लगातार वृद्धि दर्ज कर रहे हैं, जिससे मसाला प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन में उद्यमशीलता के उपक्रमों की संभावना बढ़ रही है। स्पाइसेस बोर्ड, इसलिए पूरे भारत से प्रतिभागियों को शामिल करते हुए उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है ताकि प्रगतिशील हितधारकों को मसाला व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए आकर्षित, प्रेरित और सुसज्जित किया जा सके।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को मसाला निर्यात क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं के सम्बन्ध में जागरूक और शिक्षित करना है, जिसमें निर्यात दस्तावेज तैयार करना और प्रक्रिया, गुणवत्ता और सुरक्षा मानक, निर्यात के लिए नियामक आवश्यकताएं, अंतर्राष्ट्रीय विपणन, निर्यात रसद, निर्यात डेटा और प्रवृत्तियों का विश्लेषण, आदि शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021-2022 के दौरान, बोर्ड ने आठ उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आयोजित किया है, जिनका विवरण नीचे सूचीबद्ध ह।

ई) अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय (आईपीसी)

अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (यूएन-ईएससीएपी) के तत्वावधान में स्थापित एक अंतरसरकारी संगठन है। समुदाय में अब भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया,

क्रम सं	कार्यक्रम का नाम	दिनांक	समन्वय कर्ता कार्यालय	प्रतिभागियों की संख्या
1	ऑनलाइन उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम त्रिपुरा से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए	23 जून, 2021	रीजनल कार्यालय गुवाहाटी / जिला कार्यालय अगरतला	115
2	ऑनलाइन उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम मणिपुर से मसालों के निर्यात के लिए	29 जून, 2021	एफओ चुराचांदपुर	145
3	वर्चुअल उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्यातकों, उद्यमियों, व्यापारियों और एफपीओ के लिए	16 जुलाई, 2021	रीजनल कार्यालय निजामाबाद	205
4	वर्चुअल उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम बड़गांव, सतारा के किसानों के लिए एसबी जोधपुर और केवीके, बड़गांव के सहयोग से	15 सितंबर, 2021	रीजनल कार्यालय निजामाबाद और मुंबई	71
5	उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम मुंबई क्षेत्र के मसाला निर्यातकों के लिए (निर्यातक जागरूकता कार्यक्रम)	06 दिसंबर, 2021	रीजनल कार्यालय मुंबई	40
6	उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम गुजरात क्षेत्र के नए उद्यमियों / एफपीओ / एमएसएमई / निर्यातकों के लिए	17 दिसंबर, 2021	रीजनल कार्यालय उंझा	100

7	उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम इलायची और अन्य मसालों के व्यापारियों, आपूर्तिकर्ताओं और व्यापारियों के लिए (व्यापारी जागरूकता कार्यक्रम)	22 दिसंबर, 2021	रीजनल कार्यालय मुंबई	10
8	चार दिवसीय वर्चुअल उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम	20-23 दिसंबर, 2021	रीजनल कार्यालय वारंगल/निजामाबाद	64
9	उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम कश्मीरी केसर के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बाजार संवेदीकरण पर	02-.03 मार्च, 2022	रीजनल कार्यालय श्रीनगर	50
	कुल योग			**800**

देश भर के लगभग 800 पणधारी इस प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए।

श्रीलंका और वियतनाम स्थायी सदस्य के रूप में और पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस एक सहयोगी सदस्य के रूप में शामिल हैं। यह समुदाय एक गैरलाभकारी पेशेवर संगठन है जिसका गठन वैश्विक कालीमिर्च उद्योग के एक मंच के रूप में वैश्विक कालीमिर्च उद्योग की बेहतरी के आम मुद्दों पर चर्चा करने और समझदारीपूर्ण समाधान तलाशने के लिए किया गया है। सदस्य देशों के प्रतिनिधि रोटेशन के आधार पर आईपीसी के अध्यक्ष का पद धारण करते हैं और प्रत्येक अध्यक्ष अपने पदपर कुल एक वर्ष की अवधि तक रहता है।

आईपीसी ने कालीमिर्च के वर्तमान और उभरते मुद्दों को संबोधित करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, विपणन और गुणवत्ता मूल्यांकन के संबंध में नीतियों और विशिष्ट रणनीतियों को तैयार करने के लिए विभिन्न स्थायी समितियों का गठन किया। प्रमुख समितियाँ निम्नलिखित हैं।

क) आईपीसी की अनुसंधान एवं विकास समिति

अंतर्राष्ट्रीय कालीमिर्च समुदाय (आईपीसी) की अनुसंधान एवं विकास समिति की 10 वीं बैठक, 25 अक्तूबर 2021 को, आईपीसी सचिवालय द्वारा संचालित, एक ऑनलाइन मंच के माध्यम से आयोजित की गई थी। भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, श्रीलंका, वियतनाम और फिलीपींस के प्रतिनिधियों के साथसाथ सरकारी अधिकारियों ने भी आभासी बैठक में भाग लिया।

डॉ. ए.बी. रेमा श्री, निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड ने भारत की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें भारत में कालीमिर्च; प्रमुख राज्यवार क्षेत्र और प्रमुख देशवार गंतव्य और मूल सहित भारत में कालीमिर्च का उत्पादन, निर्यात और आयात; कालीमिर्च में अनुसंधान के परिणाम; कालीमिर्च में नस्ल सुधार रणनीतियाँ, नई संकर किस्में (2173), पीपीवीएफआरए के तहत पंजीकृत एक किसान किस्म, स्थिर उत्पादन स्तर बनाए रखने के लिए प्रौद्योगिकियां, आणविक प्रौद्योगिकी का निदान, पोलू बीटल के खिलाफ कम जोखिम वाला कीटनाशक; कालीमिर्च की खेती में मशीनीकरण; सफाई मशीनरी, ब्लैंचिंग, व्यवसाय योजना और विकास इकाई, मसाला प्रसंस्करण सुविधा; और कालीमिर्च के उत्पादन की लागत और उत्पादन की लागत को प्रभावित करने वाले प्रमुख पैरामीटर के आंकड़े शामिल थे।

ख) आईपीसी विपणन समिति

आईपीसी विपणन समिति की सातवीं बैठक, 11 नवम्बर 2021 को, आईपीसी सचिवालय द्वारा संचालित, एक ऑनलाइन मंच के माध्यम से आयोजित की गई थी। इस बैठक में भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, श्रीलंका और वियतनाम के प्रतिनिधियों के साथसाथ सदस्य देशों के सरकारी अधिकारियों ने भी भाग लिया। श्री बी.एन. झा, निदेशक (विपणन), स्पाइसेस बोर्ड ने देश के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में भाग लिया, श्री जगन्नाथन के., उप निदेशक और श्री नितिन जो, उप निदेशक स्पाइसेस बोर्ड ने भी बैठक में भाग लिया।

वर्ष 2020 के लिए भारत से सर्वश्रेष्ठ निर्यातक का आईपीसी पुरस्कार, मैसर्स हर्बल आइसोलेट्स प्राइवेट लिमिटेड, कोच्ची, केरल को प्रदान किया गया।

ग) आईपीसी गुणवत्ता समिति

क्यूईएल के तकनीकी कर्मचारियों ने गुणवत्ता विषय पर 30 नवंबर, 2021 को वर्चुअल रूप से आयोजित आईपीसी समिति की 27 वीं बैठक में भाग लिया और भारत की ओर से मसालों की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने, कालीमिर्च के निर्यात के लिए यूएसएफडीए के साथ आपसी मान्यता (ईआईसी द्वारा किया जा रहा है), जापान को कालीमिर्च के निर्यात की निगरानी के लिए एसटीडीएफ परियोजना में संलग्न करके कालीमिर्च की गुणवत्ता के उन्नयन के लिए की गई कार्रवाई पर और घरेलू खपत और आयात के लिए कालीमिर्च की गुणवत्ता की निगरानी के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा की गई कार्रवाई पर भी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक में, भारत को (रोटेशन के आधार पर) कालीमिर्च में भौतिक और रासायनिक मापदंडों के लिए वर्ष 2022 के आईपीसी प्रवीणता परीक्षा कार्यक्रम आयोजित करने वाले देश के रूप में चुना गया। बैठक में आईपीसी के गुणवत्ता मानक का कोडेक्स और आईएसओ मानक के साथ संगतिकरण पर भी विचारविमर्श किया गया।

बैठक में भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, श्रीलंका और वियतनाम के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उ) मसालों के निर्यात के लिए प्रमुख हस्तक्षेप

क) जनवादी गणराज्य चीन

चीन के सामान्य प्रशासन सीमा शुल्क (जीएसीसी), जनवादी गणराज्य चीन (पीआरसी), ने आयातित खाद्य पदार्थों के विदेशी निर्माताओं के पंजीकरण और प्रशासन का विनियमन लागू किया है, और इसे खाद्य उत्पादों की 14 श्रेणियों के विदेशी उत्पादन उद्यमों के पंजीकरण के लिए निर्धारित किया है। भारत से आयातित खाद्य पदार्थों की सूची में मसाले भी शामिल हैं जिन्हें पंजीकरण की आवश्यकता है। बोर्ड ने भारत से जनवादी गणराज्य चीन को मसालों का निर्यात करने वाली फर्मों के पंजीकरण के लिए इन आवेदनों की सिफारिश करने के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में जीएसीसी के पंजीकरण विनियमों के अनुच्छेद नौ (9) के अनुसार भारतीय दूतावास, बीजिंग, पीआरसी के माध्यम से इस मामले को पीआरसी के सामने रखा है। तदनुसार, बोर्ड ने देश भर में लगभग सभी मसाला निर्यातकों के पंजीकरण की सुविधा प्रदान की थी और जीएसीसी के साथ संशोधन/पंजीकरण में निर्यातकों की सहायता कर रहा है।

जीरा उन प्रमुख मसालों में से एक है जिसे बड़ी मात्रा में जनवादी गणराज्य चीन को निर्यात किया जा रहा है। वर्ष 2020-21 के दौरान, भारत ने पीआरसी को 1,02,975 मीट्रिक टन जीरे का निर्यात किया। हालांकि, पीआरसी ने कीट नाशक अवशेषों के लिए जीरे का अनिवार्य नमूनाकरण/परीक्षण/निगरानी लागू कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत से पीआरसी को जीरे का निर्यात धीमा हो गया है। बोर्ड ने भारतीय दूतावास, बीजिंग के माध्यम से इस मुद्दे को पीआरसी के सामने रखा था, और तदनुसार बोर्ड ने चीन को निर्यात किए जाने के लिए निर्धारित जीरे की खेपों की अनिवार्य जांच शुरू कर दी है। इसका पीआरसी को जीरा निर्यात फिर से शुरू करने पर असर पड़ा है।

ख) खतर

भारत का मसाला निर्यात, जिसकी मात्रा वर्ष 2019-20 के दौरान 11,83,000 मीट्रिक टन और मूल्य 21,515.40 करोड़ रुपये था, वैश्विक महामारी की स्थिति के बावजूद, पिछले वर्ष की तुलना में मात्रा में आठ प्रतिशत,रुपये के संदर्भ में 10 प्रतिशत और डॉलर के संदर्भ में आठ प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करने के अलावा, मूल्य प्राप्ति में तीन (3) बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक स्तर तक पहुँच गया है।

वर्ष 2019-20 के दौरान, भारत ने खतर को 140 करोड़ रुपये मूल्य के लगभग 12,000 मीट्रिक टन मसालों और मसाला उत्पादों का निर्यात किया। खतर को निर्यात किए जाने वाले प्रमुख मसाला उत्पाद मिर्च, करी पाउडर, जीरा, हल्दी, धनिया, छोटी (हरी) इलायची, इमली, कालीमिर्च आदि थे। इसके अलावा, भारतीय छोटी इलायची, अपने समृद्ध आंतरिक गुणों के कारण, मध्य पूर्व के लोगों की सांस्कृतिक परंपराओं में बहुत उपयोगी पाई गई है और इसलिए भविष्य में खतर को इसके निर्यात को बढ़ावा मिलने की बहुत क्षमता है।

हालांकि, निर्यातक बिरादरी द्वारा बताया गया है कि खतर का स्वास्थ्य प्राधिकरण भारतीय छोटी इलायची की निर्यात खेपों में कीटनाशक अवशेषों का विश्लेषण करने के लिए

उनकी रैंडम तरीके से जाँच कर रहा था और कुछ खेपों को अस्वीकार कर दिया गया था लेकिन उन्हें अस्वीकार करने का कारण स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट नहीं किया था और न ही आवश्यक सहायक दस्तावेज (रसायनों/संदूषकों के ज्ञात हुए स्तर का उल्लेख करती विश्लेषणात्मक रिपोर्ट) प्रदान किया था।

बोर्ड ने भारतीय दूतावास, दोहा, खतर के माध्यम से खतर के अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को उठाया और इस मामले पर कई चर्चाएं/बैठकें की, जिसके परिणामस्वरूप सितंबर 2021 में खतर द्वारा अपने एहतियाती उपायों की सूची से भारतीय इलायची को हटा दिया गया।

ग) यूरोपीय संघ

यूरोपीय संघ (ईयू) भारतीय मसालों के लिए प्रमुख निर्यात स्थलों में से एक है। 2020 अंत के दौरान, स्पाइसेस बोर्ड को भारत से निर्यात किए जाने वाले मसालों में एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) के संभावित जोखिम के बारे में सूचित किया गया था। यूरोपीय संघ के भीतर खाद्य पदार्थों की जीवाणुनाशन के लिए ईटीओ के उपयोग के साथसाथ ईटीओ और 2 क्लोरोएथेनॉल (ईसीएच) के अवशेषों वाले खाद्य पदार्थों को यूरोपीय संघ में एमआरएल से ऊपर आयात करने की अनुमति नहीं थी। इसके बाद स्पाइसेस बोर्ड ने भारतीय मसाला उद्योग को जोखिम के बारे में सलाह दी और निर्यातकों को ईटीओ पर यूरोपीय संघ के मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने और उचित प्रयास करने के लिए सूचित किया।

आगे, मसाला खेपों का ईटीओ की उपस्थिति के लिए रैपिड अलर्ट सिस्टम फॉर फूड एंड फीड (आरएएसएफएफ) के तहत अधिसूचित मूल कारण विश्लेषण किया गया था और उसके निष्कर्षों को डीजी सैंट के साथ साझा किया गया था, जैसा कि उनके द्वारा वांछित था। बोर्ड ने उद्योग के सहयोग से मसालों की आपूर्ति श्रृंखला में ईटीओ संदूषण के प्राकृतिक उपस्थिति की संभावना सहित संभावित स्रोतों पर एक अध्ययन किया। इसके अलावा, बोर्ड द्वारा, हितधारकों द्वारा अनुपालन के लिए, यूरोपीय संघ को किये जाने वाले मसालों के निर्यात में ईटीओ संदूषण को रोकने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश विकसित किए गए थे, और इसे डीजी सैंट के साथ साझा किया गया था।

बोर्ड यूरोपीय संघ को मसालों के निर्यात के लिए ईटीओ से सबन्धित चिंताओं को सम्बोधित करने में डीजी सैंट के साथ काम करने के लिए ब्रसेल्स में भारतीय मिशन के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। बोर्ड ने अन्य निर्यात प्रोत्साहन निकायों जैसे एपीडा और आईओपीईपीसी के साथ मिलकर वर्ष 2021 से ईटीओ से सम्बंधित चिंताओं पर डीजी सैंट के साथ विभिन्न तकनीकी बैठकों में भाग लिया।

डीजी सांटे के साथ बैठकों के दौरान यूरोपीय संघ को निर्यात किए जाने वाले मसालों में ईटीओ एमआरएल का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मसाला उद्योग द्वारा उठाए गये विभिन्न कदमों को प्रस्तुत करने के अलावा, एमआरएल को तय करने में यूरोपीय संघ की ओर से कुछ विसंगतियों, विभिन्न देशों से प्राप्त इनपुट का उपयोग करके यूरोपीय संघ के भीतर उत्पादित अंतिम उत्पादों के लिए भारत को ईटीओ अलर्ट अंकित करना, उचित वैज्ञानिक साक्ष्य के बिना विभिन्न मसाला उत्पादों के लिए विभेदक सीमाएं, आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। इसके अलावा, भारतीय मिशन ने आपूर्ति श्रृंखला में किए गए अध्ययन के प्रारंभिक परिणामों सहित भारतीय पक्ष द्वारा चिह्नित बिंदुओं को संकलित करते हुए एक श्वेत पत्र तैयार करने में सहयोग किया और उस श्वेत पत्र को आवश्यक विचार के लिए डीजी सैंट के साथ साझा किया गया।

हालांकि, यूरोपीय संघ ने 06 जनवरी, 2022 को विनियमन 2021/2246 (दिनांक 15 दिसंबर, 2021) लागू किया है, जिसमें भारत से यूरोपीय संघ को जाने वाले लगभग सभी मसालों की निर्यात खेप को ईटीओ एमआरएल के अनुपालन के लिए एक आधिकारिक प्रमाण पत्र लेना आवश्यक है।

बोर्ड के प्रयासों से 06 जनवरी, 2022 से पहले भारत छोड़ चुके निर्यात खेपों के लिए, विनियमन 2021/2246 के कार्यान्वयन में, संक्रमण अवधि का 17 फरवरी, 2022 तक का न्यूनतम विस्तार प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

ईयू विनियम 2021/2246 के कार्यान्वयन के जवाब में, स्पाइसेस बोर्ड ने स्पाइसेस बोर्ड गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं और मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से मसालों के ईटीओ परीक्षण के लिए पूरे भारत में आवश्यक प्रणालियां स्थापित की हैं और 07 फरवरी, 2022 से यूरोपीय संघ को निर्यात किये जाने वाले मसालों के ईटीओ एमआरएल अनुपालन के लिए अनिवार्य परीक्षण तथा आधिकारिक प्रमाणपत्र जारी करने की शुरुआत की है।

ऊ) वाणिज्य सप्ताह और आजादी का अमृत महोत्सव

आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत वाणिज्य विभाग, भारत सरकार ने भारत की व्यापार और निर्यात क्षमता को उजागर करने के लिए देश भर में 20-26 सितंबर 2021 के दौरान वाणिज्य सप्ताह मनाया। इस सप्ताह के दौरान देश के सभी 739 जिलों में आत्मनिर्भर भारत, एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में भारत का प्रदर्शन और हरित और स्वच्छ एसईजेड, खेत से विदेशी भूमि तक, निर्यातक सम्मेलन, और वणिज्य उत्सव, को उजागर करते हुए कार्यक्रम आयोजित किये गये।

वाणिज्य विभाग और देश भर में उसके सभी कार्यालयों ने सप्ताह भर चलने वाले समारोहों का आयोजन किया। स्पाइसेस बोर्ड को केरल और सिक्किम राज्यों में आयोजित कार्यक्रमों के समन्वय की जिम्मेदारी दी गई थी। समारोहों के अनुरूप, स्पाइसेस बोर्ड ने आर्थिक विकास तथा निर्यात को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करने की पहल की।

क) वाणिज्य उत्सव

(i) केरल में वाणिज्य उत्सव

बोर्ड ने केरल सरकार तथा अन्य आयोजन भागीदारों अर्थात वाणिज्य विभाग, भारत सरकार; विदेश व्यापार महानिदेशालय; तथा भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से वाणिज्य उत्सव के हिस्से के रूप में 21-22 सितंबर 2021 के दौरान केरल को केन्द्र में रखकर भारत को एक उदयीमान आर्थिक शक्ति के रूप में प्रदर्शित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए। कोच्ची, केरल में हाइब्रिड मोड में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन श्री सोम प्रकाश, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री द्वारा किया गया।

दो दिवसीय कार्यक्रम भारत के निर्यात और विदेशी व्यापार में सुधार पर केंद्रित था। प्रमुख निर्यातक तथा उद्योग जगत के नेता इस सभा का हिस्सा थे और उद्योग के सैकड़ों अन्य लोगों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया।

श्री वी. मुरलीधरन, विदेश राज्य मंत्री, भारत सरकार, श्री हैबी ईडन, एरणाकुलम से सांसद, और डॉ. के. एलंगोवन आईएएस, निर्यात आयुक्त तथा प्रमुख सचिव, उद्योग और वाणिज्य, केरल सरकार ने कार्यक्रम के दौरान हितधारकों को संबोधित किया।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के उपाध्यक्ष श्री जीमोन कोरा और विभिन्न वाणिज्य और उद्योग निकायों के कई उद्योग प्रमुख जैसे श्री स्टीफन लॉरेंस आईआरएस, निदेशक, वाणिज्य विभाग (एमओसीआई); श्री डी.वी. स्वामी आईएएस, विकास आयुक्त, सीएसईजेड; श्री के.एस. श्रीनिवास आईएएस, अध्यक्ष, एमपीईडीए; और चेरियन जेवियर, संयोजक, सीआईआई केरल स्पाइस पैनल ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

कोच्ची में वाणिज्य उत्सव कार्यक्रम ने उद्योगों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया और निर्यात संभावनाएं और चुनौतियां तथा न्यू नार्मल में मसालों के अवसरों जैसे विषयों पर चर्चा की।

इसमें निर्यात संभावनाओं और चुनौतियों के विषय पर एक पैनल चर्चा भी हुई जिसमें केएस श्रीनिवास आईएएस, अध्यक्ष, एमपीईडीए (केरल समुद्री उत्पादों में संभावनाएं और चुनौतियां); डीवी स्वामी आईएएस, विकास आयुक्त, सीएसईजेड (केरल सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई) में संभावनाएं और चुनौतियां); केएम हरिलाल आईटीएस, जेडीजीएफटी, कोच्ची (निर्यात सुविधा); एल आर आरती आईईएस, विशेष अधिकारी (डब्ल्यूटीओ सेल), एमआईडीएच, केरल सरकार (केरल कृषि और संबद्ध क्षेत्र में संभावनाएं और चुनौतियां); डॉ संजय दवे, पूर्व सलाहकार एफएसएसएआई (खाद्य सुरक्षा संभावनाएं और चुनौतियां); रंजीत रामचंद्रन, सीईओ, प्लांट लिपिड्स प्राइवेट लिमिटेड (मसाला प्रसंस्करण में संभावनाएं और चुनौतियां); और डॉ डी रामनाथन, सीईओ सीताराम आयुर्वेद (आयुर्वेद संभावनाएं और चुनौतियां) ने भाग लिया।

न्यू नार्मल में मसालों के अवसरों पर सत्र

महामारी की अवधि में मसालों में अवसरों तथा चुनौतियों के अन्वेषण तथा सम्बोधन के लिए, वाणिज्य उत्सव के दूसरे दिन उद्योग ने न्यू नार्मल में मसालों के अवसर के विषय पर बात की। कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअल मोड पर किया गया था और कार्यक्रम का उद्घाटन स्पाइसेस बोर्ड के अध्यक्ष श्री ए जी तंकप्पन ने किया।

श्री पी. मुत्तुमारन, क्षेत्रीय निदेशक, एफएसएसएआई, चेन्नई; श्री डी. सत्यन, सचिव, स्पाइसेस बोर्ड ; श्री बी.एन. झा, निदेशक (विपणन), स्पाइसेस बोर्ड ; श्री संजय मारीवाला, एसोसिएशन ऑफ हर्बल एंड न्यूट्रास्युटिकल्स मैन्युफैक्चरर्स ऑफ इंडिया (छशष) के संस्थापकअध्यक्ष तथा ओमनी एक्टिव हेल्थ टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक; श्री जॉन कुरुविला, निदेशक, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई); श्री अजू जैकब, निदेशक (स्ट्रेटेजिक ऑपरेशन), सिंथाइट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड; श्री संजय शर्मा, सीईओ, एमटीआर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड; श्री एस. चंद्रशेखर, बिजनेस हेड, ओलम एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोच्ची; श्री बालू मलिकेल, प्रबंध निदेशक, एके फ्लेवर्स एंड एरोमैटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री राजीव पालिचा, बिजनेस हेड, नेडस्पाइस प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड; श्री जी ए बालकृष्णन, भूमि नेचुरल्स एंड एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, निर्यातकों, तथा मसाला उद्योग के पणधारियों ने मसालों पर चर्चा में भाग लिया।

इकोसिस्टम प्लेयर्स की भूमिका पर विस्तृत विषयों जैसे कृषि अनुसंधान, किसानों के लिए अनुसंधान और विस्तार, जैव विविधता कानून, खाद्य प्रौद्योगिकियों में प्रगति, वृक्षारोपण क्षेत्र, जैव विविधता के अनुकूल दृष्टिकोण, स्थिरता और जलवायु परिवर्तन, कृषि प्रसंस्करण, और मसाला अनुसंधान तथा सर्वोत्तम कृषि पद्धतियां पर एक पैनल चर्चा भी हुई। श्री रामकुमार मेनन, अध्यक्ष, वर्ल्ड स्पाइस आर्गेनाईजेशन तथा प्रबंध निदेशक, जेएसजी ट्रेडिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड; डॉ ए.के. सिंह, उप निदेशक, सामान्य (बागवानी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली; डॉ आर चंद्र बाबू, कुलपति, केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर; डॉ जॉर्ज थॉमस, अध्यक्ष, केरल राज्य जैव विविधता बोर्ड, तिरुवनंतपुरम; डॉ श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिंह, निदेशक, सीएसआईआर केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई), मैसूर; डॉ अनीता करुण, निदेशक (कार्यवाहक), केंद्रीय वृक्षारोपण फसल अनुसंधान संस्थान, कासरकोड; डॉ पूनम पांडे, सलाहकार जैव विविधता के लिए निजी व्यापार कार्रवाई पर वैश्विक परियोजना, जीआईजेड, जर्मनी भारतीय कार्यालय; श्री वेणुगोपालन वी.वी., वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख, कृषि प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी प्रभाग, सीएसआईआर राष्ट्रीय अंतःविषय विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईआईएसटी), तिरुवनंतपुरम और डॉ लिजो थॉमस, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि अर्थशास्त्र, आईसीएआर भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान, कालीकट ने पैनल चर्चा में अपने विचार और राय प्रस्तुत की।

(ii) सिक्किम में वाणिज्य उत्सव

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ने डीजीएफटी और स्पाइसेस बोर्ड के सहयोग से 21 सितंबर 2021 को राज्य स्तरीय वाणिज्य उत्सव का तथा 22 सितंबर 2021 को राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने पर पैनल चर्चा का आयोजन किया।

भारत उदयीमान आर्थिक शक्ति के रूप में विषय पर वाणिज्य उत्सव कार्यक्रम हस्तशिल्प और हथकरघा निदेशालय, जीरो पॉइंट, गंगटोक पर आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री कादो शेरिंग नमका, सलाहकार, वाणिज्य और उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ने किया था।

श्री मान बहादुर छेत्री, अध्यक्ष, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार, श्री एच के शर्मा आईएएस, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार, श्री अमित शर्मा आईटीएस, विदेश व्यापार के उप महानिदेशक, कोलकाता, श्री सोनी विरदी, सदस्य, सीआईआई सिक्किम चैप्टर तथा श्री रवि कुमार आईएफएस, निदेशक (एमएसएमई), वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ने कार्यक्रम के दौरान पणधारियों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर स्पाइस बोर्ड की बड़ी इलायची पुनर्रोपण योजना के तहत दस लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

श्री काडो शेरिंग नमका, सलाहकार, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ने प्रदर्शनी स्टालों का भी उद्घाट न किया जिसमें 35 उद्यमियों, एसएचजी और एफपीओ ने भाग लिया और अपने उत्पादों जैसे; मसाले, अचार, कृषि उत्पाद, हथकरघा, हस्तशिल्प, खिलौने, कन्फेक्शनरी, बांस आधारित उत्पाद आदि को प्रदर्शित किया।

पैनल चर्चा

वाणिज्य सप्ताह के हिस्से के रूप में, 22 सितंबर 2021 को सिक्किम में विभिन्न क्षेत्रों की निर्यात संभावनाओं और चुनौतियों विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन उद्योग भवन, अपर तडोंग के कांफ्रेंस हॉल में किया गया था। इस बैठक की अध्यक्षता श्री एच. के. शर्मा आईएएस, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ने की थी। श्री रवि कुमार आईएफएस, निदेशक, एमएसएमई,

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, श्री डी. आर. शर्मा, सहायक निदेशक एमएसएमई डीआई; श्री दीपक वर्मा जीएम जुवेंटस हेल्थकेयर लिमिटेड, पूर्वी सिक्किम; सुश्री प्रियंका प्रधान, छोटेन ग्रुप, मरचक; श्री एम एस रामलिंगम, उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड; श्री जीवन शर्मा, महाप्रबंधक, सिमफेड; सुश्री केसांग दीकी बरफुंगपा, संयुक्त महाप्रबंधक, सिक्किम दुग्ध संघ; सुश्री सृजना छेत्री, अवर सचिव, यूडीडी; सुश्री रीना राय, स्टूडियो माटो, पकयोंग की एक नवोदित उद्यमी; श्री देवाकर बसनेत, सीआईआई सिक्किम चैप्टर के प्रतिनिधि; श्री शशिकांत गुप्ता, हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी हस्तशिल्प सेवा केंद्र, कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार; और श्री वी. जी. भट, उप महाप्रबंधक, नाबार्ड ने पैनल चर्चा में भाग लिया।

एक्सपोर्टर्स एंड इंडस्ट्री लीडर्स कॉन्क्लेव

(i) केरल में एक्सपोर्टर्स एंड इंडस्ट्री लीडर्स कॉन्क्लेव

एक्सपोर्टर्स एंड इंडस्ट्री लीडर्स कॉन्क्लेव 24 सितंबर 2021 को मैस्कॉट होटल, तिरुवनंतपुरम में वाणिज्य सप्ताह समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। कॉन्क्लेव का सहआयोजन वाणिज्य विभाग, भारत सरकार; उद्योग और वाणिज्य विभाग, केरल सरकार; स्पाइसेस बोर्ड इंडिया, विदेश व्यापार महानिदेशालय और भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। कॉन्क्लेव में केंद्रीय और राज्य मंत्रियों, शीर्ष नौकरशाहों, उद्योग जगत के कप्तान और नेताओं की एक लंबी कतार ने भाग लिया था। इस आयोजन में प्रमुख निर्यात नेताओं और औद्योगिक प्रमुखों ने भी भाग लिया। कॉन्क्लेव में निर्यात उद्योग द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों और समस्याओं पर सक्रिय रूप से चर्चा की गई और समाधान खोजने और निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां निर्धारित की गईं। आगे निर्यात क्षमता को बढ़ावा देने के अलावा, इसने उद्यमिता को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसरों पर चर्चा करने और विकसित करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री श्री वी मुरलीधरन ने सम्मेलन का उद्घाटन किया तथा श्री एम.बी. राजेश, केरल विधान सभा अध्यक्ष; श्री पी. राजीव, उद्योग और वाणिज्य मंत्री और वृक्षारोपण निदेशालय, केरल सरकार; डॉ के एलंगोवन, निर्यात आयुक्त और प्रमुख सचिव, उद्योग और वाणिज्य विभाग, केरल सरकार; श्री ए जी तंकप्पन, अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड; डी. सत्यन आईएफएस, सचिव, स्पाइसेस बोर्ड; श्री सुरेष कुमार आईएएस, संयुक्त सचिव (ईपीसीएपी), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार; श्री के. एम. हरिलाल आईटीएस, संयुक्त निदेशक, विदेश व्यापार महानिदेशालय; श्री एम. जी. राजमणिकम आईएएस, प्रबंध निदेशक, केएसआईडीसी; और श्री डी. वी. स्वामी आईएएस, विकास आयुक्त, विशेष आर्थिक क्षेत्र कोच्ची ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। एक पैनल चर्चा भी हुई जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के नेताओं ने संबंधित उद्योगों में आर्थिक विकास और निर्यात वृद्धि के अवसरों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

(ii) सिक्किम में एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव

जिला उद्योग केंद्र, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ने विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और स्पाइसेस बोर्ड के सहयोग से 24 सितंबर 2021 को सिक्किम के उद्योग भवन, तदोंग में तथा उत्तरी सिक्किम के केवीके हॉल, मंगन में एक मेगा कार्यक्रम के रूप में पूर्वी जिले में बहुक्षेत्रीय उद्यमिता विकास तथा निर्यातक सम्मेलन का आयोजन किया। सिक्किम के दक्षिण और पश्चिम जिलों के लिए, यह कार्यक्रम 26 सितंबर 2021 को डीआईसी हॉल, जोरेथांग में आयोजित किया गया था।

- **पूर्वी जिला, सिक्किम में निर्यातक सम्मेलन**

  श्री काडो शेरिंग नमका, सलाहकार, वाणिज्य और उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ने 24 सितंबर 2021 को सिक्किम के पूर्वी जिले में निर्यातक सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। श्री एम रविकुमार आईएफएस, निदेशक, एमएसएमई, वाणिज्य और उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ; श्री रॉबिन पं. सेवा, एसडीएम, पूर्वी जिला; सुश्री अबीगैल जॉर्ज लामा, उपाध्यक्ष, महिला चैंबर ऑफ कॉमर्स, सिक्किम चैप्टर; श्री अमित शर्मा, उप डीजीएफटी, कोलकाता; श्री एम एस रामलिंगम, उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड ; श्री एम एस रामलिंगम, उप निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड ; श्री त्शेफेल तेनजिंग, अध्यक्ष, नाथुला सीमा व्यापार; सुश्री दिव्या राय, सहायक महाप्रबंधक, नाबार्ड; श्री सिकंदर अली खान, शाखा प्रबंधक, नेडफी; सुश्री चोडेन ग्यात्सो एससीएस, महाप्रबंधक, डीआईसी (पूर्व/उत्तर); और श्री प्रमोद प्रधान, सहायक निदेशक, डीआईसी (पूर्व) ने सम्मेलन में भाग लिया और प्रतिभागियों को संबोधित किया।

- **उत्तरी जिला, सिक्किम में निर्यातकों का सम्मेलन**

  वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार के तहत जिला उद्योग केंद्र (ई/एन), विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और स्पाइसेस बोर्ड भारत ने 24 सितंबर 2021 को उत्तरी सिक्किम के केवीके हॉल, मंगन में निर्यातक सम्मेलन एवं बहुक्षेत्रीय उद्यमिता विकास का आयोजन किया। श्री शेरिंग वांग्याल भूटिया, माननीय मुख्य मंत्री के अतिरिक्त राजनीतिक सचिव, उत्तरी जिला, सिक्किम ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

  श्री सोनम लेपचा, अपर जिला कलेक्टर, उत्तर जिला; डॉ. टी.एन. डेका, वैज्ञानिक, स्पाइसेस बोर्ड ; सुश्री मार्मित लेप्चा, सीईओ, ऑर्गेनिक वैली एफपीओ कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, जोंगू; श्री डी.डी. शर्मा, अतिरिक्त निदेशक, वाणिज्य और उद्योग, सिक्किम सरकार; डॉ. डेचेन ओ. कालोन, संयुक्त निदेशक, पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग, उत्तर जिला; श्री सोनम दादुल भूटिया, अतिरिक्त रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग उत्तर जिला; श्री एनचुंग भूटिया, संयुक्त निदेशक, कृषि; सुश्री हिसे ल्हामू लेप्चा, बागवानी विकास अधिकारी; सुश्री बिंद्या गुरुंग, सहायक जिला डेयरी अधिकारी, उत्तर जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड और सुश्री सुसान राय, शाखा प्रबंधक, सिस्को बैंक, मंगन ने सम्मेलन में भाग लिया और उत्तरी सिक्किम में संबंधित विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के बारे में बताया।

  कॉन्क्लेव के एक भाग के तौर पर, उसी स्थान पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी जहां चार एसएचजी नामतः सकनून एसएचजी; पेमा एसएचजी; बयूल एसएचजी और नूम अमू सक्युम एसएचजी; और तीन सहकारिताओं नामतः ऑर्गेनिक वैली एफपीओ कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड; पससिंगदंग बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड; नागा नामगोर बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

- **दक्षिण और पश्चिम जिलों, सिक्किम में निर्यातकों का सम्मेलन**

  सिक्किम के दक्षिण और पश्चिम जिलों के निर्यातक सम्मेलन का आयोजन 26 सितंबर 2021 को डीआईसी हॉल, जोरेथांग में किया गया था।

  श्री मान बहादुर छेत्री, अध्यक्ष, वाणिज्य और उद्योग विभाग, सिक्किम सरकार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सुश्री सलोनी प्रधान, एसडीएम, जोरेथांग; सुश्री रेशमी आर., सहायक निदेशक, स्पाइसेस बोर्ड; श्री अजय राय, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारिता विभाग, सिक्किम; श्री एल.बी. सुब्बा, सहायक निदेशक, डीआईसी जोरेथांग; श्री मोहन नंबांग, उपनिरीक्षक, जिला उद्योग केंद्र (दक्षिण और पश्चिम); श्री ए. डी. राय, सहायक निदेशक जिला उद्योग केंद्र (दक्षिण और पश्चिम) और सुश्री जुलेन छेत्री, निरीक्षक, डीआईसी, जोरेथांग ने कार्यक्रम में भाग लिया।

घ) 75000 किलो छोटी इलायची की विशेष ई-नीलामी

स्पाइसेस बोर्ड ने रविवार, 26 सितंबर 2021 को केरल के इडुक्की के पुट्टडी में बोर्ड के ई-नीलामी केंद्र पर 75000 किलोग्राम छोटी इलायची की बिक्री के लिए एक विशाल इलायची विशेष ई-नीलामी का आयोजन किया। ई-नीलामी ने मसाला समुदाय को एक साथ इकट्ठा किया और इलायची की इस सबसे बड़ी ई-नीलामी में भाग लेने के लिए मसाला उत्पादकों को देश के मसाला व्यापारियों से जुड़ने में सक्षम बनाया।

नीलामी की शुरुआत 75 किलो इलायची की पहली खेप के साथ हुई, जिसने उच्चतम कीमत 2413 रुपये प्रति किग्रा प्राप्त की। नीलामी में चौवन बोलीदाताओं ने भाग लिया। बोलीदाताओं की सक्रिय भागीदारी ने नीलामी में प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि की और नीलामी की औसत कीमत रु. 1128/ रही।

नीलामी रिपोर्ट

इलायची की विशेष ई नीलामी 26 सितंबर 2021

लॉट की कुल संख्या	-	258
लाई गई कुल मात्रा	-	75000 किग्रा
बेची गई मात्रा	-	75000 किग्रा
प्रतिभागियों की संख्या	-	54
अधिकतम मूल्य	-	रु. 2413/किग्रा

औसत मूल्य - रु. 1128.30/किग्रा

न्यूनतम मूल्य - रु. 828/किग्रा

ङ) जिलों में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम

केरल के सभी 14 जिलों में वाणिज्य सप्ताह समारोह के हिस्से के तौर पर बहुक्षेत्रीय उद्यमिता विकास के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। 2630 सितंबर 2021 के दौरान आयोजित उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कुल 876 लोग लाभान्वित हुए।

च) सुगंधोत्सव पूरे भारत में मसाले के पौधे रोपना

वाणिज्य सप्ताह के हिस्से के रूप में, स्पाइसेस बोर्ड ने 26 सितंबर 2021 को देश भर में मसालों के पौधे रोपने के लिए एक अभियान चलाया, जिसका नाम सुगंधोत्सव रखा गया। इस पहल के माध्यम से बोर्ड ने एक दिन में 75000 मसाले के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा। इस कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न मसाला उत्पादक क्षेत्रों तथा स्पाइसेस बोर्ड के कार्यालयों से 7500 से अधिक मसाला किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान, स्पाइसेस बोर्ड की अनुसंधान शाखा ने मैलाडुंपारा, इडुक्की जिला, केरल स्थित अपने शोध फार्म के इलायची नर्सरी में 7,500 इलायची के पौधे लगाए ताकि उन्हें मसाला कृषक समुदाय के लाभ के लिए कईकई गुणा बढ़ाया जा सके और आगामी रोपण सीजन के लिए 75,000 गुणवत्ता रोपण सामग्री वितरित की जा सके। आज़ादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में उच्च उपज देने वाली इलायची और कालीमिर्च की किस्में जो कीट / रोगों के लिए प्रतिरोधी हैं, को खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सुगंधोत्सव उत्सव में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, नागालैंड, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय और महाराष्ट्र शामिल हैं। लगाए गए मसाले के पौधे छोटी इलायची, बड़ी इलायची, कालीमिर्च, मिर्च, सौंफ, मेथी, अदरक, हल्दी, लौंग, दालचीनी, कड़ी पत्ता, पुदीना, अनार, आदि थे।

छ) इम्यून बूस्टिंग स्पाइस पाउच का जनता को वितरण

आजादी का अमृत महोत्सव और वाणिज्य सप्ताह के एक हिस्से के रूप में, स्पाइसेस बोर्ड ने देश भर के प्रमुख मसाला ब्रांडों के सहयोग से प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले गुणों वाले मसालों के पाउच को फ्रंटलाइन योद्धाओं और जनता के बीच वितरित किया। बोर्ड ने देश भर में ऐसे 200000 से अधिक पाउच वितरित किए।

सप्ताह भर चलने वाले वाणिज्य सप्ताह समारोह ने उत्पादन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में भारत की संभावना और क्षमता पर प्रकाश डाला। इस आयोजन ने प्रदर्शित किया कि कैसे राष्ट्र चुनौतियों से लड़ने के लिए आगे बढ़ सकता है, प्रभावी चर्चा तथा सहकारी प्रयासों के माध्यम से अनछुए अवसरों को उजागर करते हुए एक प्रमुख वैश्विक आर्थिक शक्ति बन सकता है।

ज) बीजीय मसाला कृत्यक बल समिति

बीजीय मसाला क्षेत्र से संबंधित विभिन्न पणधारियों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं को दूर करने तथा क्षेत्र के लिए मौजूदा समर्थन प्रणाली की सीमाओं की पहचान करने और सभी पणधारियों को शामिल करके समन्वित प्रयासों के माध्यम से उन्हें मजबूत करने के लिए, स्पाइसेस बोर्ड ने एक बीजीय मसाला कृत्यक बल समिति का गठन किया है (झझ्खभ)। बीजीय मसाला कृत्यक बल समिति का गठन, स्पाइसेस बोर्ड अधिनियम 1986 की धारा 5 और स्पाइसेस बोर्ड नियम 1987 के नियम 11 और 13 के अनुसार, निदेशक (विपणन), स्पाइसेस बोर्ड की अध्यक्षता में हुआ। चूंकि किसी भी संगठन के पास बीजिय मसाले की आपूर्ति और मूल्य श्रृंखला पर पूर्ण जनादेश नहीं है, विभिन्न संगठनों/संस्थानों के प्रतिनिधि को कृत्यक बल समिति के लिए नामित किया गया है, अर्थात; मसाला निर्यातकों/व्यापारियों/विनिर्माण संघों के सक्रिय समर्थन के साथ एमओए, एमओसी, राज्य बागवानी/कृषि विभाग, राज्य कृषि विश्वविद्यालय। टास्क फोर्स द्वारा जिन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा वे हैं।

(i) गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान (बीजिय मसालों के प्रमुख उत्पादक) राज्यों में बीजिय मसाला किसानों और निर्यातकों के सामने आने वाली समस्याएं, उत्पादन में अंतराल की पहचान और निर्यात गुणवत्ता वाले बीज मसाले की सोर्सिंग।

(ii) तकनीकी मामलों पर किसानों/व्यापारियों और निर्यातकों को प्रभावी ढंग से समर्थन देने के लिए संस्थागत बुनियादी ढांचे की पहचान, बाजार आसूचना

का प्रसार, घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय मांगों की भविष्यवाणी करना और आगे के बाजार संबंधों को बढ़ाना;

(iii) मिलावट और कीटनाशक मुद्दों की जाँच के लिए बीजिय मसाला क्षेत्र में आवश्यक तकनीकी हस्तक्षेप की पहचान समिति किसी मुद्दे पर अधिदेश रखने वाली संबंधित एजेंसियों द्वारा लागू की जाने वाली सिफारिश प्रस्तुत कर सकती है।

झ. भारतीय मसालों के लिए ब्लॉकचेन-संचालित ट्रेसबिलिटी सिस्टम

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) भारत के एक्सेलेरेटर लैब और स्पाइसेस बोर्ड ने व्यापार में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए भारतीय मसालों के लिए एक ब्लॉकचेन आधारित ट्रैसेबिलिटी इंटरफेस बनाने के उद्देश्य से 5 अप्रैल 2021 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। ब्लॉकचैन, एक खुले और साझा इलेक्ट्रॉनिक बहीखाते पर लेनदेन रिकॉर्ड करने की विकेन्द्रीकृत प्रक्रिया है, किसानों, दलालों, वितरकों, प्रोसेसर, खुदरा विकेताओं, नियामकों और उपभोक्ताओं सहित एक जटिल नेटवर्क में डेटा प्रबंधन में आसानी और पारदर्शिता की अनुमति देती है, और इस प्रकार आपूर्ति को सरल बनाती है।

मसाला किसानों को निर्यातकों से जोड़ने के लिए स्पाइसेस बोर्ड भारत द्वारा विकसित ईस्पाइस बाजार पोर्टल के साथ ब्लॉकचेन आधारित ट्रेसबिलिटी इंटरफेस को एकीकृत किया जा रहा है।

06

व्यापार सूचना सेवा

विपणन विभाग की व्यापार सूचना सेवा मसालों के निर्यात, आयात, क्षेत्र, उत्पादन, नीलामी और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कीमतों से संबंधित आंकड़ों के संग्रह, संकलन, विश्लेषण और प्रसार के लिए जिम्मेदार है।

सीमा शुल्क प्राधिकरण द्वारा जारी निर्यात की दैनिक सूची (डीएलई) और वाणिज्यिक जानकारी और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस), कोलकाता द्वारा प्रदान किया गया निर्यात डेटा भारत से मसालों के अनुमानित निर्यात को संकलित करने के लिए सूचना का प्रमुख स्रोत है। इसी तरह, सीमा शुल्क द्वारा जारी आयात की दैनिक सूची (डीएलआई) और वाणिज्यिक जानकारी और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस), कोलकाता द्वारा उपलब्ध कराए गए आयात डेटा भारत में मसालों के आयात का अनुमान लगाने के स्रोत हैं। बोर्ड मसालों के निर्यात/आयात से सम्बंधित विवरण त्रैमासिक आधार पर संकलित कर रहा है और मसालों के निर्यात और आयात के आंकड़े वेबसाइट और मंत्रालय/विभागों के माध्यम से अपने पणधारियों को नियमित रूप से प्रसारित कर रहा है। इस उद्देश्य से, बोर्ड कोचीन, जेएनपीटी, चेन्नई, तूतिकोरिन, मुंद्रा, कोलकाता, पेट्रापोल, मोहाधीपुर, रक्सुअल, अमृतसर, आदि जैसे सभी प्रमुख बंदरगाहों और डीजीसीआईएंडएस, कोलकाता से डीएलई और डीएलआई दोनों नियमित रूप से एकत्र कर रहा है, और इस उद्देश्य से बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से भी जानकारी एकत्र की जाती है।

बोर्ड अपनी वेबसाइट और प्रकाशनों के माध्यम से नियमित आधार पर भारत और विदेशों में स्थित प्रमुख बाजारों से सम्बंधित मसालों की घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय कीमतों का संकलन और अंतिम उपयोगकर्ताओं तक प्रसार कर रहा है। मूल्य विवरणों को एकत्र करने का प्रमुख स्रोत इंडिया पिपर एंड स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन; एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस मार्केटिंग कमेटी; मर्चेंट एसोसिएशन; इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर, जिनेवा; और इंटरनेशनल पिपर कम्युनिटी, इंडोनेशिया जैसी एजेंसियां हैं। इन सभी सूचनाओं को बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों की सदस्यता के माध्यम से एकत्र किया जाता है।

चूंकि स्पाइसेस बोर्ड इलायची (छोटी और बड़ी) के उत्पादन के विकास के लिए जिम्मेदार है, इसलिए व्यापार सूचना सेवा द्वारा बोर्ड के फील्ड सेट अप के माध्यम से किए गए फील्ड सैंपल अध्ययन की सहायता से इन मसालों के क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता का अनुमान लगाया जाता है। संकलन के लिए अन्य मसालों के क्षेत्रफल और उत्पादन का विवरण राज्य के अर्थशास्त्र और सांख्यिकी/कृषि/बागवानी विभागों/डीएएसडी से एकत्र किया जाता है। सभी मसालों के क्षेत्र और उत्पादन की जानकारी बोर्ड के प्रकाशनों के साथसाथ वेबसाइट के माध्यम से पणधारियों और नीति निर्माताओं को प्रसारित की जाती है।

निर्यातकों का पंजीकरण (विनियमों) के अनुसार, मसालों के सभी पंजीकृत निर्यातकों को अपनी तिमाही निर्यात विवरणी बोर्ड को प्रस्तुत करनी होती है। व्यापार सूचना सेवा पंजीकृत निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत त्रैमासिक निर्यात विवरणियों को संकलित करती है और मसालों के निर्यातकवार निर्यात के डेटाबेस का रखरखाव करती है।

इस डेटाबेस का उपयोग करके, प्रत्येक मसाले के प्रमुख निर्यातकों का विवरण संकलित किया जाता है और बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है।

स्पाइसेस बोर्ड इलायची के व्यापार के लिए बोडिनायकन्नूर और पुट्टडी में बोर्ड द्वारा विकसित ईनीलामी केंद्रों के माध्यम से ईनीलामी आयोजित कर रहा है। इलायची की नीलामी की दैनिक मात्रा और कीमत का विवरण दैनिक आधार पर संकलित और हमारी वेबसाइट के माध्यम से प्रकाशित

किया जाता है। नीलामी बिक्री और औसत कीमतों का समेकित विवरण बोर्ड के प्रकाशन के माध्यम से संकलित और प्रसारित किए जाते हैं।

प्रमुख विदेशी बाजारों सहित विभिन्न बाजार केंद्रों के लिए विभिन्न मसालों के साप्ताहिक घरेलू मूल्य का संकलन उद्योग के हितधारकों के लाभ के लिए साप्ताहिक आधार पर (वेबसाइट पर) स्पाइसेस मार्केट नामक बोर्ड के प्रकाशन के माध्यम से एकत्र, संकलित और प्रकाशित किए जाते हैं।

क) मसालों के क्षेत्रफल और उत्पादन

वर्ष 2020-21 की तुलना में, 2021-22 के लिए छोटी व बड़ी इलायची का क्षेत्रफल, उत्पादन और उत्पादकता तालिका और तालिका में दी गई है। अन्य मसालों के क्षेत्रफल और उत्पादन तालिका में दिए गए हैं।

तालिका-I इलायची (छोटी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्पादन

राज्य	2021-22				2020-21			
	कुल क्षेत्र (हे.)	उपजवाला क्षेत्र (हे.)	उत्पादन (मे. टन)	उपज (कि. ग्रा./हे.)	कुल क्षेत्र (हे.)	उपजवाला क्षेत्र (हे.)	उत्पादन (मे. टन)	उपज (कि. ग्रा./हे.)
केरल	39143	29426	21270	722.85	39143	29406	20570	699.50
कर्नाटक	25135	14414	697	48.36	25135	14204	579	40.73
तमिल नाडु	4912	2786	1373	492.79	4912	2786	1372	492.28
कुल	**69190**	**46626**	**23340**	**500.72**	**69190**	**46396**	**22520**	**485.38**

स्रोत क्षेत्रनमूना अध्ययन के आधार पर अनुमान

तालिका-II इलायची (बडी) का राज्यवार क्षेत्र व उत्वादन

राज्य	2021-22				2020-21			
	कुल क्षेत्र (हे.)	उपजवाला क्षेत्र (हे.)	उत्पादन (मे. टन)	उपज (कि. ग्रा./हे.)	कुल क्षेत्र (हे.)	उपजवाला क्षेत्र (हे.)	उत्पादन (मे. टन)	उपज (कि. ग्रा./हे.)
सिक्किम	23312	17189	4990	290.30	23312	17105	4970	286.88
पश्चिम बंगाल	3305	3159	1044	330.60	3305	3159	1100	347.89
अरुणाचल प्रदेश	11684	6853	1695	247.31	11403	6749	1662	246.26
नागालैंड	6537	4280	1079	252.05	6499	4244	1066	251.27
मणिपुर	201	52	4.49	85.70	182	40	4.39	110.03
कुल	**45039**	**31533**	**8812**	**279.45**	**44701**	**31297**	**8803**	**281.28**

स्रोत स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अनुमान

तालिका-III प्रमुख मसालों का क्षेत्र व उत्पादन

(क्षेत्र हेक्टेयर में उत्पादन टनों में)

मसाला	2021-22 (अग्रिम अनु.)		2020-21	
	क्षेत्र	उत्पादन	क्षेत्र	उत्पादन
कालीमिर्च	288118	60000	309335	65000
इलायची (छोटी)	69190	23340	69190	22520
इलायची (बडी)	45039	8812	44701	8803
मिर्च	694313	1866108	702047	2049213
अदरक	190686	2120643	204839	2224837
हल्दी	349642	1330932	292876	1123857
धनिया	631698	800742	656458	891317
जीरा	1036713	725651	1087010	795310
अजवाइन	4331	6103	4566	6510
बड़ी सौंफ	82224	137280	82767	137388
मेथी	167468	248203	156156	241183
लहसुन	401167	3277428	392149	3189777
इमली	44994	162038	41631	156289
लौंग	2210	1335	1937	1179
जायफल	24080	15384	24431	15595
अन्य सहित कुल योग	**4421920**	**10875765**	**4485885**	**11039883**
मिलियन टन में कुल योग		**10.88**		**11.04**

स्रोत : राज्य आर्थिकी व सांख्यिकी निदेशालय /कृषि / बागवानी विभाग / सुपारी व मसाले विकास निदेशालय, कोषिक्कोड

(1) कालीमिर्च उत्पादन व्यापार आकलन (2) इलायची का स्पाइसेस बोर्ड द्वारा अनुमानित

ख) इलायची (छोटी) की नीलाम बिक्री और कीमतें

वर्ष 2021-22 (अगस्त 2021-जुलाई 2022) और वर्ष 2020-21 (अगस्त 2020-जुलाई 2021) के लिए इलायची (छोटी) की राज्यवार नीलामी बिक्री और भारित औसत कीमतें तालिका IV में दी गई हैं।

तालिका-IV इलायची (छोटी) की नीलामी बिक्री और मूल्य

(मात्रा टनों में, मूल्य रुपये/कि.ग्रा. में)

राज्य	2021-22 (अगस्त-मई)		2020-21 (अगस्त - जुलाई)	
	नीलामित मात्रा	भारित औसत नीलामित मूल्य	नीलामित मात्रा	भारित औसत नीलामित मूल्य
केरल और तमिलनाडु (इ-नीलामी)	28730	1002.50	21330	1475.61
कर्नाटक	10	850.58	5	913.92
महाराष्ट्र	-	-	62	1612.31
कुल	**28740**	**935.26**	**21397**	**1475.88**

स्रोत लाइसेंसधारी नीलामीकर्ताओं से प्राप्त रिपोर्टें

ग) इलायची (बड़ी) की कीमतें

वर्ष 2021-22 और 2020-21 के लिए गान्तोक और सिलिगुडी बाज़ारों में इलयाची (बड़ी) की औसत थोक कीमतें तालिका V में दी गई हैं।

तालिका-V इलायची (बड़ी) की औसत थोक कीमतें

(मूल्य रुपये/कि.ग्रा. में)

केंद्र	ग्रेड	2021-22	2020-21
गंन्तोक	बड़ादाना	589.38	422.05
सिलीगुड़ी	बड़ादाना	657.32	505.55

स्रोत प्रादेशिक कार्यालय, गांतोक से प्राप्त

घ) अन्य प्रमुख मसालों की कीमतें

प्रमुख मसालों की औसत कीमतें नीचे दी गई हैं। इन कीमतों को गौण, स्रोतों, जैसेकि चेंबर ऑफ़ कॉमर्स, इंडियन पेप्पर एंड स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन (आई पी एस टी ए), मर्चेंट्स एसोसिएशन आदि द्वारा तैयार की गई बाज़ार समीक्षाओं से एकत्रित किया गया है। मुख्य बाज़ार केंद्रों में प्रमुख मसालों की कीमतें नीचे तालिका VI में दी गई हैं।

तालिका - VI मुख्य विपणन केन्द्रों में प्रमुख मसालों की कीमतें (मुल्य रुपये/कि.ग्रा. में)

मसाला	विपणि	2021-22	2020-21
कालीमिर्च (एम जी 1)	कोच्ची	460.53	342.31
मिर्च	गुंटूर	112.67	102.72
हल्दी	ईरोड	71.71	61.55
धनिया	रामगंज	69.79	59.21
जीरा	ऊंझा	143.41	127.37
बड़ी सौंफ	चेन्नई	140.10	94.23
मेथी	चेन्नई	88.69	72.59
लहसुन	चेन्नई	73.89	85.43
खसखस बीज	चेन्नई	1572.21	753.14
अजोवन बीज	चेन्नई	170.62	134.69
सरसों	चेन्नई	84.90	59.92
इमली	चेन्नई	134.60	138.73
केसर	दिल्ली	174430.50	79500.00
लौंग	कोच्ची	699.69	543.91
जायफ़ल (बिना छिलके के)	कोच्ची	524.25	448.15
जावित्री	कोच्ची	1031.56	1095.37

वर्ष 2020-21 की तुलना में 2021-22 के दौरान (मूल्य के अवरोही क्रम में) भारत से मसालों के मदवार अनुमानित निर्यात और 2022 में परिवर्तन का प्रतिशत दर्शाने वाला विवरण तालिका VII में दिया गया है।

तालिका - VII वर्ष 2020-21 की तुलना में वर्ष 2021-22 के दौरान भारत से मसालों का निर्यात

2020-21 की तुलना में 2021-22 के दौरान भारत से मसालों का अनुमानित निर्यात (मात्रा टनों में और मूल्य लाख रुपये में)						
मद	2021-22 (अ)		2020-21		2021-22 में % परिवर्तन	
	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
मिर्च	557,168	858,188.59	649,815	924,126.56	-14%	-7%
मसाला तेल व तैलीराल	21,921	447,837.64	16,997	340,568.76	29%	31%
पुदीना उत्पाद (3)	36,254	444,144.10	27,519	366,713.38	32%	21%
जीरा	216,996	334,433.87	298,423	425,154.66	-27%	-21%
हल्दी	153,154	178,433.66	183,868	172,264.56	-17%	4%
इलायची(छोटी)	10,572	137,570.44	6,486	110,346.58	63%	25%
करी पाउडर/पेस्ट	51,682	114,702.91	51,347	117,064.38	1%	-2%
अन्य मसाले (2)	68,582	102,231.50	54,908	88,958.81	25%	15%
अदरक	147,614	83,734.25	145,974	84,982.34	1%	-2%
कालीमिर्च	21,863	75,331.23	19,980	57,068.74	9%	32%
धनिया	48,658	48,251.38	57,359	49,627.93	-15%	-3%
बड़ी सौंफ	40,136	41,186.17	33,742	29,396.40	19%	40%
अन्य बीज (1)	46,842	40,164.57	68,266	42,629.21	-31%	-6%
मेथी	32,403	26,285.83	40,340	26,703.34	-20%	-1%
जायफल व जावित्री	3,596	21,798.70	3,812	19,115.33	-6%	14%
लहसुन	22,181	18,619.80	17,643	14,971.04	26%	24%
इलायची (बड़ी)	1,984	15,454.42	1,220	9,635.74	63%	60%
अजवाइन	7,579	9,854.19	7,438	9,815.24	2%	0.40%
कुल (अन्य सहित)	**1,531,154.40**	**3,057,644.24**	**1,758,985**	**3,097,331.96**	**-13%**	**-1%**
मूल्य दशलक्ष अमरीकी डॉलर में		**4,102.29**		**4,178.80**		**-2%**

(अ) अनुमान

(1) में मसाले का पौधा (अजोवन बीज), सोआ बीज, खसखस बीज, सौंफ, सरसों आदि शामिल हैं।

(2) में हींग, दालचीनी, कैसिया, केम्बोज, केसर , मसाले(एन ई एस) आदि शामिल हैं।

(3) में मेंथोल, मेंथाल क्रिस्टल और पुदीना तेल शामिल हैं।

स्रोत डीजीसीआई व एस, कोलकाता//वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से ही लिया है.

भारतीय मसाला निर्यात बास्केट के प्रमुख योगदानकर्ता



मद	मूल्य (लाख रुपए)
मिर्च	8,58,188.59
मसाला तेल व तैलीराल	4,47,837.64
पुदीना उत्पाद	4,44,144.18
जीरा	3,34,433.87
हल्दी	1,78,433.66
इलायची(छोटी)	1,37,570.44
करी पाउडर/पेस्ट	1,15,834.51
अदरक	83,734.24
कालीमिर्च	75,393.13
धनिया	48,251.38
बडी सौंफ	41,186.17
मेथी	26,285.82
जायफल व जावित्री	21,798.70
लहसुन	18,619.81
इलायची(बडी)	15,454.42
अन्य	2,10,478.00

प्रमुख गंतव्य



देश	मूल्य (करोड रुपए)
चीन	6669.27
यू एस ए	5067.35
यू ए ई	1863.50
बंगलादेश	1742.64
थाईलैंड	997.19
इंदोनेशिया	935.29
मलेशिया	971.42
यू के	910.50
श्रीलंका	842.21
नेपाल	703.58
जर्मनी	679.49
साउदी अरब	582.45
नेथरलैंड	597.03
कनाडा	438.93
जापान	468.26
ऑस्ट्रेलिया	415.53
फ्रेंस	369.90
सिंगपुर	357.47
अन्य	5964.43

07

प्रचार एवं संवर्धन

स्पाइसेस बोर्ड की प्रतिष्ठा बढ़ाने और मसालों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रचार अनुभाग ने, अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 के दौरान, विभिन्न कार्यकलाप चलाए हैं। एक अच्छे संवर्धन तंत्र तैयार करना महत्वपूर्ण है। भारतीय मसालों, इसके विभिन्न मूल्य वर्धित उत्पादों, उपयोगों और लाभों आदि के बारे में सार्वजानिक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार के हर अवसर का उपयोग किया जाता है। वर्ष 2021-22 की अवधि के दौरान विभिन्न चैनलों का उपयोग करके स्पाइसेस बोर्ड की गतिविधियों और योजनाओं के बारे में जानकारी का भी प्रचारप्रसार किया गया। वर्ष 2021-22 के दौरान प्रमुख आकर्षण में व्यापार मेलों / प्रदर्शनियों में भागीदारी, विज्ञापन अभियानों, ऑनलाइन प्रचार अभियानों और पत्रिकाओं, ब्रोशर आदि के मुद्रण और प्रकाशन शामिल हैं।

अ) प्रदर्शनियों/व्यापार मेलों में भागीदारी

व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी मसाला उद्योग के विभिन्न पणधारियों तक पहुंचने का एक बेहतरीन उपकरण है। वित्तीय वर्ष के दौरान, बोर्ड ने प्रमुख व्यापार मेलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और भाग लेने वाले मेलों की सूची नीचे दी जाती है;

स्पाइसेस बोर्ड द्वारा भाग लिए गए धरेलू मेलों की सूची

क्रमांक	आयोजन का नाम	स्थान	आयोजन की तारीख
1	अल्लुरिंग, राजस्थान 2021	उदयपुर, राजस्थान	46 अगस्त, 2021
2	ब्रिक्स व्यापार मेला 2021	आभासी	16-18 अगस्त, 2021
3	डेस्टिनेशन हिमाचल प्रदेश 2021	सोलन, हिमाचल प्रदेश	28-30 सितंबर, 2021
4	षैनिंग उत्तर प्रदेश 2021	वाराणसी, यूपी	19-21 अक्तूबर, 2021
5	एफआई इंइयि़ा एवं एचआई 2021	नई दिल्ली	20-22 अक्तूबर, 2021
6	बायोफैक इंडिया 2021	ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर	28-30 अक्तूबर, 2021
7	किसान मेला	आरएआरएस, चिंतापल्ली	22 नवंबर, 2021
8	एग्रो ऑर्गेनिक इंडिया एक्सपो 21	पणजी, गोवा	24 दिसंबर, 2021
9	डेस्टिनेशन त्रिपुरा	अगरतला	9-10 दिसंबर, 2021
10	एसआईएएल इंडिया 2021	नई दिल्ली	9-11 दिसंबर, 2021
11	एग्रोविज़न 2021	नागपुर, महाराष्ट्र	24-27 दिसंबर, 2021
12	उज्ज्वल उत्तर प्रदेश 2021	गोरखपुर, उत्तर प्रदेश	24-26 दिसंबर, 2021
13	प्रतीक्षा 2021	के वी के, वायनाड	27-31 दिसंबर, 2021
14	इंडस फूड 2022	ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर	8-10 जनवरी, 2022

15	नोर्थ बंगाल फ्लेवर फेस्टिवल	सिलीगुड़ी, पश्चिम बंगाल	17-21 फरवरी, 2022
16	एग्रोफूड बिवरेज प्रो वर्ल्ड एक्सपो	वाली, मुंबई	46 मार्च, 2022
17	षैनिंग महाराष्ट्र 2022	फलटन, महाराष्ट्र	25-27 मार्च, 2022

स्पाइसेस बोर्ड द्वारा भाग लिए गए अंर्राष्ट्रीय मेलों की सूची

क्रमांक	आयोजन का नाम	स्थान	आयोजन की तारीख
1	यूकेआईएफई मैनुफैक्चरिंग 2022	लंदन, यूके	21-23 मार्च, 2022
2	उज़फूड 2022	ताशकंद, उजबेकिस्तान	29-31 मार्च, 2022

आ) प्रचार अभियान

कोविड19 महामारी के बाद, लोगों में प्रतिरक्षा और स्वस्थ खाद्य के बारे में जागरूकता बढ़ी है। स्वास्थ्य लाभों को बढ़ावा देने और मसालों पर प्रामाणिक जानकारी के प्रसार के लिए, मसाला बोर्ड ने टाइम्स ऑफ इंडिया समूह के साथ मिलकर अगस्त 2021 में एक प्रचार अभियान-"इम्यूनी की-इंडियन की टू इम्युनिटी" चलाया। इस अभियान ने, प्रतिरक्षा बढ़ाने के रूप में दैनिक आहार में मसालों को शामिल करने के लाभों के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के अलावा स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए मसालों के उपयोग पर चर्चा की।

अभियान का मुख्य आकर्षण 14 अगस्त 2021 को आयोजित "प्रतिरक्षा बढ़ाने में मसाले कैसे मदद करते हैं" विषय पर वेबिनार था। श्री दिवाकर नाथ मिश्रा, आईएएस, संयुक्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय; श्री डी. सत्यन आईएफएस, सचिव और अध्यक्ष, मसाला बोर्ड; डॉ. ए.बी. रेमा श्री, निदेशक (अनुसंधान), मसाला बोर्ड; डॉ गोपकुमार एस, चिकित्सा अधीक्षक, सरकारी आयुर्वेद कॉलेज, कण्णूर; डॉ डी.सी. कटोच, वरिष्ठ सीएमओ (एसएजी) सीजीएचएस, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय; डॉ बेनी एंटनी, सहसंस्थापक और संयुक्त एमडी; अर्जुन नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड; और डॉ शिखा शर्मा, संस्थापक और एमडी, न्यूट्रीवेल हेल्थ (इंडिया) प्रा. लिमिटेड की उपस्थिति से वेबिनार की शोभा बढ़ाई गई।

इ) ऑनलाइन प्रचार अभियान

प्रचार अनुभाग ने वर्ष 2021-22 में भारतीय मसालों और स्पाइसेस बोर्ड की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, लिंकेड इन और गूगल विज्ञापनों जैसे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया। ऑनलाइन दर्शकों को शिक्षित करने के उद्देश्य से बनाए गए, सोशल मीडिया अभियानों ने मसालों के बारे में इनकी वानस्पतिक और भौगोलिक जानकारी, व्यापारिक डेटा, चिकित्सकीय और रसोई सम्बंधित पहलुओं आदि सहित, जागरूकता पैदा की।

ई) स्पाइस एक्स्चेंज इंडिया-स्पाइसेस बोर्ड का बी2बी पोर्टल

प्रचार अनुभाग ने सेवा प्रदाता मेसर्स ट्राइडेंट एक्जीबिटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के माध्यम से स्पाइस बोर्ड के 3डी वर्चुअल पोर्टल स्पाइस एक्सचेंज इंडिया को विकसित करने का बीड़ा उठाया है, ताकि महामारी द्वारा निर्मित बाजार लिंकेज में हुई अंतर को दूर किया जा सके, और इस प्रक्रिया में, इसने भारतीय मसाला उद्यमियों को लाभ पहुंचाने के लिए व्यापार के अपार अवसरों के द्वार खोल दिए हैं।

इस पोर्टल को श्री सोम प्रकाश, माननीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार द्वारा 20 जनवरी 2022 को लॉन्च किया गया था। पोर्टल से व्यापार करने में आसानी की सुविधा होने की उम्मीद है, और यह 24 x 7 वर्चुअल ऑफिस स्पेस जैसी सुविधाओं से लैस है। भारतीय मसाला ब्रांडों के लिए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सिफारिश मॉडल, बाजार की जानकारी, वैश्विक मसाला व्यापार डेटा तक पहुंच और अंतर्राष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता बैठक सहित विभिन्न निर्यात संवर्धन गतिविधियों को आयोजित करने के लिए बोर्ड को प्रावधान देता है। यह पोर्टल मसाला क्षेत्र में उद्यमियों की मदद करने के लिए बोर्ड द्वारा पहचाना गया एक प्रमुख हस्तक्षेप है। पोर्टल को www.spicexchangeindia.com पर एक्सेस किया जा सकता है।

उ) पत्रिकाएं

क) स्पाइस इंडिया

आवधिक प्रकाशन, स्पाइस इंडिया जो पांच अलगअलग भाषाओं-अंग्रेजी, हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल में मासिक रूप में और तेलुगू में त्रैमासिक अंक के रूप में प्रकाशित होता है।

ख) फॉरेन ट्रेड इंक्वायरी बुलेटिन

स्पाइसेस बोर्ड मसालों के निर्यात की सुविधा के लिए विदेशी व्यापार मेलों से, ईमेल के द्वारा और बोर्ड के कार्यालयों में सीधे प्राप्त होने वाले सभी व्यापारिक पूछताछ को, फॉरेन ट्रेड इंक्वायरी बुलेटिन (एफटीईबी) नाम के एक पाक्षिक बुलेटिन में संकलित और प्रकाशित करता है। यह प्रकाशन इसके ग्राहकों को ईमेल के माध्यम से भेजा जाता है।

ग) अन्य प्रकाशन

वर्ष 2021-22 के दौरान छपी पुस्तिकाएं और ब्रोशर निम्नलिखित हैं

क) स्पाइसेस बोर्ड इंडिया पर सामान्य ब्रोशर।

ख) स्पाइस एक्स्चेंज इंडिया एवं स्पाइस हाउस प्रमाणीकरण पर सामान्य ब्रोशर।

ऊ) विज्ञापनों को जारी किया गया

वर्ष के दौरान स्पाइसेस बोर्ड में रिक्तियों, निविदाओं आदि के बारे में विज्ञापन जारी किए गए। इसके अलावा, स्पाइसेस बोर्ड के बारे में सामान्य जानकारी और इलायची के प्रचार के लिए भी विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के माध्यम से विज्ञापन जारी किए गए थे।

ऊ) प्रेस विज्ञप्तियां

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, निर्यात निष्पादन और रूझानों, स्पाइसेस बोर्ड की पहलों, गतिविधियों और बोर्ड द्वारा आयोजित प्रमुख मेलों का विवरण देने वाली प्रेस विज्ञप्तियां भी जारी की गईं।

08

कोडेक्स सेल और हस्तक्षेप

क. मसालों और पाक शाकों संबंधी कोडेक्स समिति (सीसीएससीएच)

कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग(सीएसी) द्वारा वर्ष 2013 में मसालों और पाक शाकों संबंधी कोडेक्स वस्तु समिति(सीसीएससीएच) का गठन किया गया था, जिसमें मसालों और पाक शाकों के लिए विश्व भर में विज्ञान आधारित गुणवत्ता मानकों का विस्तार करने का अधिदेश दिया गया था। भारत इस समिति की मेजबानी और अध्यक्षता करता है, जिसमें स्पाइसेस बोर्ड इंडिया इसका सचिवालय है। इस समिति के वर्तमान अध्यक्ष डॉ एम.आर. सुदर्शन (सेवानिवृत्त निदेशक अनुसंधान, स्पाइसेस बोर्ड) हैं। अब तक, भारत की ओर से स्पाइसेस बोर्ड द्वारा समिति के पांच सत्रों अर्थात् कोच्ची में 2014 में सीसीएससीएच 1, गोवा में 2015 में सीसीएससीएच 2, चेन्नई में 2017 में सीसीएससीएच 3, तिरुवनंतपुरम में 2019 में सीसीएससीएच 4 और आभासी रूप से अप्रैल 2021 के दौरान सीसीएससीएच 5 का आयोजन किया गया है। वर्तमान में मसालों के लिए आठ पूर्ण अंतर्राष्ट्रीय कोडेक्स मानक हैं।

सीसीएससीएच 5

मसालों और पाक शाकों संबंधी कोडेक्स समिति(सीसीएससीएच 5) का पाँचवाँ सत्र 20-29 अप्रैल, 2021 के दौरान आयोजित किया गया था। सत्र में 65 सदस्य देशों के 275 पंजीकरणकर्ताओं, एक सदस्य संगठन (यूरोपीय संघ) और 11 अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक संगठनों के साथ सीसीएससीएच सत्र में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी देखी गई। सीसीएससीएच 5 चार और नए मसालों अर्थात् लौंग, अजवायन, तुलसी, और अदरक के लिए गुणवत्ता मानकों को अंतिम रूप देने के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, और उसे अभिग्रहण करने के लिए कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग (सीएसी) को भेज दिया गया था। सीएसी ने नवंबर, 2021 में आयोजित अपने चालीसवें सत्र के दौरान मानकों का अभिग्रहण किया।

आगामी सत्र (सीसीएससीएच 6)

मसालों और पाक शाकों संबंधी कोडेक्स समिति(सीसीएससीएच 6) का छठा सत्र 26 सितंबर से 03 अक्टूबर 2022 तक कोडेक्स सचिवालय और कोडेक्स इंडिया की सहमति से आभासी रूप से आयोजित होने वाला है। जिसकी तिथि आधिकारिक तौर पर कोडेक्स वेबसाइट में प्रकाशित की गई है। आगामी सत्र की तैयारी का कार्य प्रगति पर है। इस सत्र के लिए केसर, जायफल, मिर्च कालीमिर्च/पैपरिका, छोटी इलायची, हल्दी, सूखी फलियों और बेरियों पर समूह मानकों का मसौदा तैयार किया जा रहा है।

ख. अन्य कोडेक्स समिति की बैठकें

अ) कोडेक्स एलिमेंटेरियस आयोग (सीएसी)

कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (सीएसी44) का 44वां सत्र 8-18 नवंबर 2021 के दौरान आभासी रूप से आयोजित किया गया था। सीसीएससीएच अध्यक्ष और गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला, स्पाइसेस बोर्ड के वैज्ञानिकों ने सत्र में सहभागिता की। चार नए मसालों, अर्थात् तुलसी, लौंग, अदरक और अजवायन, के मानक जिन्हें सीसीएससीएच 5 समिति द्वारा अभिग्रहण करने के लिए अग्रेषित किया गया था, जिसको आयोग द्वारा अभिग्रहण किया गया था। वर्तमान में, मसालों के लिए आठ कोडेक्स मानक प्रकाशित हैं और आधिकारिक कोडेक्स वेबसाइट में उपलब्ध हैं।

कोडेक्स ने अपनी सीएसी44 पत्रिका वर्चुअल रियलिटी का एक वर्ष प्रकाशित किया, जिसमें सीसीएससीएच समिति पर एक लेख शामिल है, जिसका शीर्षक है कोडेक्स की नवीनतम कमोडिटी समिति सीसीएससीएच चेयर द्वारा साझा किए गए इनपुट के आधार पर सीसीएससीएच 5 में अपने कार्य एजेंडा के साथ आगे बढ़ रही है ।

स्पाइसेस बोर्ड के अधिकारियों ने भी वर्ष 2021-2022 के दौरान आभासी रूप से निम्नलिखित बैठकों में भाग लिया

- विश्लेषण और नमूनन की विधि संबंधी कोडेक्स समिति (सीसीएमएएस 41)
- खाद्य पदार्थों में संदूषकों संबंधी कोडेक्स समिति (सीसीसीएफ 14)
- नाशीजीवनाशी अवशेषों संबंधी कोडेक्स समिति (सीसीपीआर 52)
- कोडेक्स गतिविधियों और मानक निर्धारण प्रक्रिया संबंधी जागरूकता कार्यशाला
- खाद्य योजकों संबंधी कोडेक्स समिति (सीसीएफए 52)
- खाद्य लेबलिंग संबंधी कोडेक्स समिति (सीसीएफएल46)
- खाद्य आयात एवं निर्यात निरीक्षण और प्रमाणन प्रणाली संबंधी कोडेक्स समिति (सीसीएफआईसीएस)

ग. CCSCH.IN (सीसीएससीएच की आधिकारिक वेबसाइट)

CCSCH.IN वेबसाइट (http:\\ccsch.in) को अद्यतन किया गया है ताकि पिछले सत्र की रिपोर्ट, दस्तावेजों और संबंधित प्रकाशित समाचारों सहित मसालों और पाक शाकों संबंधी कोडेक्स समिति की अद्यतन स्थिति को दर्शाया जा सके। कोडेक्स वेबसाइट में प्रकाशित मसालों के लिए सभी कोडेक्स मानक भभझभ.श वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

घ. मसालों, पाक शाकों और कॉनडिमेंट्स अनुभागीय समिति, एफएडी 9

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की खाद्य और कृषि अनुभागीय समिति (एफएडी9) की 18वीं बैठक 15 जून, 2021 को आभासी रूप से आयोजित हुई थी। डॉ. ए.बी. रेमा श्री, निदेशक (अनुसंधान), स्पाइसेस बोर्ड ने बैठक की अध्यक्षता की थी। पूरे भारत के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों, मसाला उद्योग, उपभोक्ता समूहों इत्यादि के सदस्यों और पणधारियों ने बैठक में भाग लिया।

समिति में लिए गए निर्णय के संबंध में, स्पाइसेस बोर्ड वैज्ञानिक की अध्यक्षता में एक तकनीकी पैनल ने इलायची के लिए भारतीय मानक (आईएस 1907-1984) के संशोधन पर काम किया और अंतिम टिप्पणी एफएडी 9 को सौंपी।

ङ. आईएसओ/टीसी 34/सीएजी

आईएसओ/टीसी 34/सीएजी (अध्यक्ष सलाहकार समूह) की 14वीं बैठक 6 और 13 दिसंबर 2021 को आभासी रूप से आयोजित की गई थी। आईएसओ/टीसी 34/सीएज 7 (मसाले और पाक शाकों संबंधी आईएसओ समिति) के अध्यक्ष के रूप में, निदेशक (अनुसंधान), स्पाइसेस बोर्ड ने बैठक में भाग लिया और एससी 7 समिति की गतिविधियों और वर्तमान स्थिति पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी।

च. राष्ट्रीय मसाला गुणवत्ता और सुरक्षा समिति (एनसीएसक्यूएस)

सचिव के आदेश के अनुसार, गुणवत्ता और सुरक्षा मुद्दों सहित भारतीय मसालों और उनके निर्यात को प्रभावित करने वाली चुनौतियों और तकनीकी मुद्दों के समाधान के लिए एक सलाहकार समिति, अर्थात् राष्ट्रीय मसालों की गुणवत्ता और सुरक्षा समिति (एनसीएसक्युएस) का गठन किया गया था।

समिति में विभिन्न अनुसंधान संस्थानों के प्रतिनिधि, मसाला उत्पादक, निर्यातक और अन्य विशेषज्ञ और मसाला क्षेत्र के पणधारी शामिल हैं। इस समिति के सचिवालय के रूप में कोडेक्स सेल कार्य कर रहा है।

09

गुणवत्ता में सुधार

कोच्ची में स्पाइसेस बोर्ड की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशाला (क्यूईएल) को वर्ष 1989 में बोर्ड की अपनी तरह की पहली प्रयोगशाला के रूप में स्थापित की गई थी किया गया था। क्यूईएल, कोच्ची को 1997 से आईएसओ 9001 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, 1999 से आईएसओ 14001 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत ब्रिटिश मानक संस्थान, यू.के .द्वारा प्रमाणित किया गया है और राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड द्वारा सितंबर 2004 से परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशालाओं (एनएबीएल) के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार से आईएसओ/आईईसी 17025 प्रयोगशाला गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की भी मान्यता प्राप्त है। गुणवत्ता को प्रमुख प्रतिबद्धता माना जा रहा है, क्यूईएल, कोच्ची ने गुणवत्ता प्रणालियों को उन्नत करके अपनी साख हमेशा बनाए रखी है और ऐसा करना जारी है। प्रयोगशाला को नवीनतम उन्नत प्रणालियों के अंतर्गत; ब्रिटिश मानक संस्थान, यूके द्वारा आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 14001:2015 की मान्यता मिली है और एनएबीएल, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा आईएसओ/आईईसी 17025:2017 की मान्यता मिली है।

स्पाइसेस बोर्ड ने भारत से निर्यात किए गए मसाले उपयुक्त राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप हों और ग्राहकों को समय पर, विश्वसनीय और सटीक परीक्षण परिणाम प्रदान करने के उद्देश्य से, क्षेत्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रयोगशालाओं की स्थापना करके पूरे भारत में अपनी पहुंच का विस्तार किया है। अब प्रमुख उत्पादक/निर्यात केंद्रों, अर्थात् चेन्नई, गुंटूर, मुंबई, नई दिल्ली, तूतिकोरिन, कांडला और कोलकात्ता में सात क्षेत्रीय क्यूईएल प्रवृत्त हैं। बीजीय मसालों के लिए स्पाइसेस पार्क, जोधपुर, राजस्थान में और पुदीने के तेल के परीक्षण के लिए रायबरेली में प्रस्तावित क्यूईएल स्थापित किए जा रहे हैं। कोच्ची, मुंबई, गुंटूर, चेन्नई, दिल्ली और तूतिकोरिन की प्रयोगशालाएँ एनबीएल द्वारा आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुसार मान्यता प्राप्त हैं और अन्य प्रयोगशालाएँ मावन्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं।

क्यूईएल स्पाइसेस बोर्ड के अनिवार्य निरीक्षण के अंतर्गत माल के नमूनों का विश्लेषण करते हैं, भारतीय मसाला उद्योग को विश्लेषणात्मक सेवाएँ प्रदान करते हैं और देश में उत्पादित और संसाधित मसालों की गुणवत्ता की निगरानी में मदद करते हैं। आयात करने वाले देशों की आवश्यकताओं के अनुसार विश्लेषण करने के लिए ये प्रयोगशालाएँ परिष्कृत उपकरणों से सुसज्जित हैं।

प्रयोगशाला की विश्लेषणात्मक सेवाओं से संबंधित दस्तावेज, वर्कशीट के निर्माण और विश्लेषणात्मक परिणामों को प्रस्तुत करने सहित, क्वाडमास नामक एक सॉफ्टवेयर सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन किए जाते हैं और इसे लगातार संशोधित किया जाता है। क्यूआर कोड और डिजिटल हस्ताक्षर को शामिल करके विश्लेषणात्मक रिपोर्ट प्रारूप के संशोधन के साथ क्वाडमास का अद्यतन किया गया था। मान्यता प्राप्त निजी प्रयोगशालाओं के उपयोग के लिए प्रयोगशालाओं के सॉफ्टवेयर का विस्तार प्रक्रियाधीन है।

मसाले और मसाला उत्पादों के लिए अनिवार्य निर्यात निरीक्षण कार्यक्रम को बढ़ाने के लिए बोर्ड द्वारा निजी प्रयोगशालाओं की मान्यता के लिए योजना कार्यान्वित की गई थी। इस कार्यक्रम के तहत एनएबीएल मान्यता प्राप्त छह निजी परीक्षण प्रयोगशालाओं को एथिलीन ऑक्साइड अवशेषों के परीक्षण के लिए मान्यता दी गई थी। उनकी सेवाओं का उपयोग यूरोपीय संघ को निर्यात खेप के परीक्षण के लिए किया जाता है।

क. विश्लेषणात्मक सेवाएँ

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, प्रयोगशाला ने मिर्च, मिर्च उत्पादों, हल्दी पाउडर और अन्य खाद्य उत्पादों की खेप के अनिवार्य नमूने के अंतर्गत सुडान डाई फऔर एल्फाटॉक्सिन की उपस्थिति के लिए मिर्च और मिर्च उत्पादों के अनिवार्य

नमूनों का विश्लेषण जारी रखा। इसके अलावा, चीनी लेपित सैंफ के बीज (सनसेट येल्लो के लिए), करी पत्ते (यूरोपीय संघ का कीटनाशकों, जैसे प्रोफेनोफोस, ट्रायजोफोस और एंडोसल्फान के लिए), जीरा (बाहरी पदार्थ और अन्य बीजों के लिए) और मिर्च, जीरा और मसाले के निर्यात परेषण का (अमेरिका के साल्मोनेला के लिए) बोर्ड द्वारा लागू अनिवार्य निरीक्षण और परीक्षण के अनुसार विश्लेषण किया।

इस अवधि के दौरान मिर्च, जीरा, हल्दी, कालीमिर्च, मेथी और छोटी इलायची जैसे मसालों और मसाला उत्पादों का साबुत और पिसे रूप में परीक्षण, भारत से जापान (तेल और तैलीराल को छोड़कर) कीटनाशक अवशेषों जैसे आईप्रोबेनफोस, प्रोफेनोफोस, ट्रायजोफोस, एथियन, फोरेट के लिए आयातित कालीमिर्च की खेपों में पैराथियान, क्लोरपाइरीफोस और मिथाइल पैराथियान और पिपेरीन और तैलीराल सामग्री का विश्लेषण भी किया गया।

मसाले और मसाला उत्पादों में सामान्य भौतिक, रासायनिक और सूक्ष्मजीवविज्ञानी मापदंडों के अलावा, अन्य अवैध रंगों (अर्थात पैरा रैड, रोडामाइन बी, बटर येलो, सूडान रेड 7 बी और सूडान ऑरेंज जी), ओक्राटॉक्सिन ए, कालीमिर्च में खनिज तेल का पता लगाने, इलायची में अवैध रंगद्रव्य तथा कैसिया/दालचीनी, आदि क्युमोरिन सामग्री जैसे विभिन्न मापदंडों के लिए भी विश्लेषणात्मक सेवाएँ प्रदान की गईं।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, क्यूईएल ने सऊदी अरब को मसालों (छोटी इलायची) की निर्यात खेप के अनिवार्य परीक्षण के लिए विश्लेषणात्मक सेवा प्रदान करना शुरू कर दिया। परीक्षण मापदंडों में एसिटामिप्रिड, साइहलोथ्रिन, साइपरमेथ्रिन आइसोमर्स, प्रोफेनोफोस, ट्रायज़ोफोस और डिथियोकार्बामेट्स (डीटीसी) शामिल हैं। इस अवधि के दौरान नौ नाशकजीवनाशी अवशेषों के लिए चीन को निर्यात खेपों का परीक्षण भी शुरू किया गया था।

क्यूईएल अपने ग्राहकों को वेबसाइट पर इस परीक्षण का दायरा उपलब्ध कराते हैं और इसे और अधिक नाशकजीवनाशी मापदंडों सहित संशोधित किया गया है ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, प्रयोगशाला ने कुल 1,27,467 पैरामीटरों का विश्लेषण किया, जिसमें एफ्लाटॉक्सिन, अवैध रंजक, कीटनाशक अवशेष, साल्मोनेला एसपीपी आदि शामिल है।

अनिवार्य निरीक्षण और परीक्षण के दायरे के विस्तार की आवश्यकता के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान, सऊदी अरब, आदि जैसे विभिन्न आयातक देशों को किए गए निर्यात की अस्वीकृति की लगातार समीक्षा की जाती है।

क्यूईएल	संख्या			
	प्राप्त नमूने	परीक्षित पैरामीटर	आवश्यक परीक्षित पैरामीटर	अस्वीकृत आवश्यक नमूने
कोच्ची	13429	25756	23815	195
तूतिकोरिन	4451	6948	3853	38
चेन्नई	19421	22701	19196	457
गुंटूर	7560	12106	6871	43
मुंबई	16340	29969	26540	617
नरेला	2018	3507	1933	49
कांडला	12196	24286	23942	310
कोलकात्ता	1807	2194	2194	0
कुल	**77,222**	**1,27,467**	**1,08,344**	**1,709**

ख. मानव संसाधन विकास कार्यक्रम

इस अवधि के दौरान, प्रयोगशाला कर्मियों की तकनीकी क्षमताओं में सुधार लाने और प्रयोगशाला द्वारा अपनाई गई विभिन्न गुणवत्ता प्रणालियों की आवश्यकताओं को अद्यतन करने के एक भाग के रूप में, तकनीकी कर्मचारियों ने निम्नलिखित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों/ कार्यशालाओं में भाग लिया।

(1) आईएसओ 17025:2017 के अनुसार प्रयोगशाला प्रणाली और आंतरिक लेखापरीक्षा कार्यक्रम ऑनलाइन प्रशिक्षण 26-29 अप्रैल 2021 और 05-06 अगस्त 2021 के दौरान।

(2) आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुसार मापन और निर्णय नियम की अनिश्चितता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। 07 सितंबर 2021 को ऑनलाइन में।

(3) पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) आंतरिक लेखा परीक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (आईएसओ 14001:2015) पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 18-19 फरवरी 2022 के दौरान ऑनलाइन।

पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान शैक्षिक दौरे पर मुख्य रूप से स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लगभग 200 आगंतुकों ने क्यूईएल, कोच्ची का दौरा किया और उन्हें क्यूईएल द्वारा किए गए विभिन्न विश्लेषणों और गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

ग. प्रशिक्षण कार्यक्रम

अ. क्यूईएल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्यूईएल, कोलकाता ने 04-08 अक्टूबर 2021, 06-10 दिसंबर 2021 और 31 जनवरी से 04 फरवरी 2022 के दौरान मानव खाद्य (पीसीक्यूआई एचएफ) में योग्य व्यक्तियों के लिए निवारक नियंत्रण पर खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण ऑनलाइन मोड में आयोजित किया। इस कार्यक्रम के तहत मसाला उद्योग के तकनीकी कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया जो मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में मसालों का निर्यात कर रहे हैं।

क्यूईएल, मुंबई ने 25-26 अक्टूबर 2021 के दौरान मसाले उद्योग में जोखिम विश्लेषण महत्वपूर्ण नियंत्रण बिंदु (एचएसीसीपी) का महत्व और यूरोपीय संघ को निर्यात किए गए मसालों में एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) संदूषण को रोकने पर मसाला बोर्ड के दिशानिर्देश पर प्रशिक्षण आयोजित किया। कुल 11 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।

आ. छात्र इंटर्नशिप/शैक्षणिक परियोजना कार्य

(1) क्यूईएल, कोच्ची ने स्नातकोत्तर के चार छात्रों को मार्गदर्शन और शोध प्रबंध की सुविधा और विभिन्न कॉलेजों/विश्वविद्यालयों के तीन छात्रों को प्रशिक्षुता की सुविधा प्रदान की।

(2) क्यूईएल, तूतीकोरिन ने पांच बीएससी(खाद्य पोषण और आहार विज्ञान) छात्रों को मसालों और मसाला उत्पादों के रासायनिक और सूक्ष्मजैविक परीक्षण पर प्रशिक्षण प्रदान किया

घ. आईएसओ प्रणाली संबंधित गतिविधियाँ

1. क्यूईएल, चेन्नई ने मार्च 2021 में आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के लिए एनएबीएल लेखापरीक्षा सफलतापूर्वक पूरा किया और मान्यता का नवीकरण किया।
2. क्यूईएल, मुंबई ने आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के लिए डेस्कटॉप लेखापरीक्षा सफलतापूर्वक पूरी की ।
3. क्यूईएल, नरेला ने आईएसओ/आईईसी 17025:2017के अनुसार एनएबीएल डेस्कटॉप लेखापरीक्षा की।
4. क्यूईएल कोच्ची ने आईएसओ/आईईसी 17025:2017 के अनुसार 8 जुलाई 2021 को और आईएसओ 9001:2015 और आईएसओ 14001:2015 के अनुसार 30-31 जुलाई 2021 को एनएबीएल डेस्कटॉप ऑडिट किया था।

ङ. स्पाइसेस बोर्ड नमूना जाँच कार्यक्रम/अन्य प्रवीणता परीक्षण कार्यक्रम में भागीदारी

1. क्यूईएल, चेन्नई ने इन मापदंडों के लिए अंतरप्रयोगशाला जांच नमूना (आईएलसी) कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया था; एफ्लाटॉक्सिन, सूडान डाईज, नमी, वाष्पशील तेल, करक्यूमिन, पाइपरिन, कैप्साइसिन, रंग मूल्य, जीरा में बाहरी पदार्थ और जीरे में अन्य बीज। परिणाम जेड स्कोर की सीमा के भीतर थे और जहां भी विचलन देखा गया था, सुधारात्मक कार्रवाई की गई थी।
2. एफएपीएएस ट्रयोलजी, एवजीसी एएक्सआईओ प्रोफिश्यन्सी टेस्टिंग, आईटीसी अनलिटिकल सर्वीसस,

फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, योंटस लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड, और आश्वी पीटी प्रोवाइडर्स जैसी विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा आयोजित दक्षता परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत क्यूईएल, कोच्ची, तूतिकोरिन, चेन्नई, नरेला, गुंटूर, मुंबई, कांटला और कोलकात्ता ने नमी, वाष्पशील तेल, रंग मूल्य, कैप्सेइसिन, एसिड अघुलनशील राख, एफ्लाटॉक्सिनबी1, एफ्लाटॉक्सिनबी 2, एफ्लाटॉक्सिनजी 1, एफ्लाटॉक्सिनजी2, कुल एफ्लाटॉक्सिन, ओकैटॉक्सिन-ए, सूडान, सूडान, सूडान, सूडानफ, सूडान ऑरेंज, साल्मोनेला एसपीपी और ई.कोली जैसे विभिन्न भौतिक, रासायनिक, अवशिष्ट और सूक्ष्मजीवविज्ञानी मापदंडों में भाग लिया था। परिणाम जेड स्कोर की सीमा के भीतर थे और जहां भी विचलन देखा गया था, सुधारात्मक कार्रवाई की गई थी।

3. क्यूईएल कोच्ची ने एफ्लाटॉक्सिनबी 1, एफ्लाटॉक्सिनबी 2, एफ्लाटॉक्सिनजी 1, एफ्लाटॉक्सिनजी 2, टोटल एफ्लाटॉक्सिन, ओकैटॉक्सिन ए, सूडान, सूडान, नमी, वाष्पशील तेल, कुल राख और एसिड अघुलनशील राख और एलाटॉक्सिन, ओकैटॉक्सिन ए, प्रोफेनोफोस, एथियन, कार्बेन्डाजिम, क्लोरपाइरीफोस, साइपरमेथ्रिन, कार्बोसल्फान, साइफ्लुथ्रिन, डाइसल्फोटन, मैलाथियान आदि के लिए एफएपीएएस जैसे प्रवीणता परीक्षण (पीटी) कार्यक्रमों और विभिन्न अन्य रासायनिक मापदंडों जैसे कैप्साइसिन, रंग मूल्य, पिपेरिन, बाहरी पदार्थ, अन्य बीजों, करक्यूमिन के लिए आईएलसी कार्यक्रम में सफलतापूर्वक भागीदारी पूरी की। क्यूईएल कोच्ची ने डिथियोकारबयामेट्स पैरामीटर के लिए आई अल सी कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। परिणाम जेड स्कोर की सीमा के भीतर थे।

च. परियोजनाएँ/मानकीकरण कार्य जिनका प्रारंभ हुआ है

1. क्यूईएल, चेन्नई ने मसालों में एथिलीन ऑक्साइड का विश्लेषण शुरू किया।

2. क्यूईएल, कोलकाता ने एलसीएमएस / एमएस का उपयोग करते हुए सूडान डाई, एचपीएलसी का उपयोग करके हल्दी में सूडान डाई और यूएफएलसी का उपयोग करके यूरोपीय संघ को खेप के लिए एफ्लाटॉक्सिन जैसे मापदंडों के लिए परीक्षण शुरू किया।

3. क्यूईएल, कांडला ने सऊदी अरब की आवश्यकताओं के अनुसार इलायची नाशकजीवनाशी अवशेषों का विश्लेषण शुरू किया और चीन को निर्यात के लिए जीरे में नाशकजीवनाशी अवशेषों का विश्लेषण भी शुरू किया।

4. क्यूईएल, कोच्ची ने चीन को मसालों की निर्यात खेपों के परीक्षण के लिए विश्लेषणात्मक सेवा प्रदान करना शुरू किया। परीक्षण मापदंडों में डिसल्फोटॉन, एसेफेट, प्रोफेनोफोस, क्लोरपाइरीफोस, कार्बोसल्फान, साइपरमेथ्रिन आइसोमर्स, मैलाथियान, कार्बेन्डाजिम और साइफ्लुथ्रिन आइसोमर्स शामिल हैं।

5. क्यूईएल, कोच्ची लगभग 120 कीटनाशकों के मानकीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया में है।

6. क्यूईएल ने मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं को शामिल करके यूरोपीय संघ के देशों को मसाले और मसाला उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) के अनिवार्य परीक्षण के लिए विश्लेषणात्मक सेवा प्रदान करना शुरू कर दिया है। प्रयोगशाला मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं के उपयोग के लिए क्वाडमास सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने की प्रक्रिया में है।

छ. प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और उपकरणों की खरीद

1. चेन्नई प्रयोगशाला में एलसीएमएस/एमएस स्थापित किया गया था और 17 नवंबर 2021 को कीटनाशक अवशेषों के परीक्षण शुरू करने के लिए उपकरण चालू किया गया था।

2. क्यूईएल, कोलकाता में एलसीएमएस/एमएस, नाइट्रोजन पीक जेनरेटर, लो टेम्परेचर कैबिनेट और हाईस्पीड सेंट्रीफ्यूज जैसे उपकरणों की स्थापना पूरी हो चुकी है और सूडान डाई के लिए परीक्षण शुरू हो गया है।

3. क्यूईएल, गुंटूर ने उपकरण जीरो बी टाइप 1 और टाइप 2 उच्च गुणवत्ता वाले जल शोधन प्रणाली की स्थापना पूरी कर ली है।

4. क्यूईएल कोच्ची ने एलसीएमएस/एमएस (वाटर्स मेक) खरीदा और उपकरण 16 जुलाई 2021 को कमीशन किया गया। इसके अलावा, नाइट्रोजन पीक जेनरेटर, कोल्ड स्टोरेज कैबिनेट डीप फ्रीजर, हाईस्पीड और रेफ्रिजरेटेड सेंट्रीफ्यूज की स्थापना का काम पूरा हो गया है।

10

निर्यातोन्मुखी अनुसंधान

भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान (आईसीआरआई) ने मुख्य रूप से फसल सुधार, जैव प्रौद्योगिकी, पोषक तत्व प्रबंधन और मिट्टी विश्लेषण के आधार पर फसल उत्पादन अध्ययन, और छोटी तथा बड़ी इलायची में एकीकृत कीट और रोग प्रबंधन पर आधारित फसल संरक्षण अध्ययन और अन्य मसालों पर समीक्षाधीन अवधि के दौरान अनुकूली परीक्षणों पर अनुसंधान कार्यक्रम चलाए। विभिन्न विस्तार गतिविधियों जैसे परामर्श, वैज्ञानिककिसान बातचीत(इंटरफेस), मसाला क्लीनिक, वेबिनार, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, श्रव्य और दृश्य मीडिया और प्रकाशनों के माध्यम से किसानों और लक्षित समूहों के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का विस्तार किया गया। आईसीआरआई ने रणनीति विकसित की और इलायची में कीटनाशक के उपयोग को कम करने के लिए जागरूकता पैदा की, एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम), एकीकृत रोग प्रबंधन (आईडीएम) और एकीकृत पोषक प्रबंधन (आईएनएम) प्रणालियों के साथसाथ जैविक खेती के व्यवहार को प्रोत्साहित किया।

क. फसल सुधार

अ) छोटी इलायची

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, छोटी इलायची जर्मप्लाज्म की अनूठी पहुंच को मैलाडुम्पारा (545 नग) और सकलेशपुर (264 नग) के आईसीआरआई फार्म के जीन बैंक में संरक्षित किया गया था। आईसीआरआई, मैलाडुम्पारा ने प्राकृतिक चयन, आनुवंशिक उन्नयन और मूल्यांकन के माध्यम से वांछनीय जैविक और अजैविक लक्षणों के साथ एक नया आशाजनक बेहतर इलायची क्लोन (परिग्रहण संख्या 594) विकसित किया है। इस क्लोन को केरल के इलायची क्षेत्र में केरल स्टेट वैरायटी रिलीज कमेटी फॉर प्लांटेशन क्रॉप्स के माध्यम से एक किस्म के रूप में जारी करने का प्रस्ताव है।

छोटी इलायची में संकरण कार्यक्रम के भाग के रूप में, आईसीआरआई ने दो संकर किस्म विकसित किए जो इडुक्की जिले के इलायची क्षेत्रों के लिए आशाजनक और उपयुक्त थे। इन दो संकरों को लगातार चार वर्षों तक विकसित, मूल्यांकन किया गया है और केरल स्टेट वैरायटल रिलीज कमेटी फॉर प्लांटेशन क्रॉप्स के लिए किस्म रिलीज प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है। एक विशेष कार्यक्रम के रूप में गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का उत्पादन करने के लिए खेत में प्रत्येक लोकप्रिय किस्म की डेवेलप्ड सॅकर नर्सरी विकसित की।

आ) बडी इलायची

वर्ष 2021-22 के दौरान , पश्चिम बंगाल के कलिम्पोंग जिले में एक सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें बड़ी इलायची के छह अद्वितीय संग्रह एकत्र किए गए थे, जिन्हें निगरानी और अवलोकन के लिए अलग क्षेत्रों में लगाया गया था।

ख. जैव प्रौद्योगिकी

अ) छोटी इलायची

छोटी इलायची की कुल 50 किस्मों की आण्विक प्रोफाइलिंग की गई, जिसमें जारी की गई किस्मों के साथसाथ भूप्रजाति भी शामिल हैं। विभिन्न परिग्रहणों की पासपोर्ट डेटा शीट संकलित की जा रही हैं।

आ) बडी इलायची

बड़ी इलायची के लिए प्लांट डिस्क्रिप्टर विकसित किया गया था जो इसके करीबी संबंधी एलेटेरिया इलायची (आईपीजीआरआई, 1994) के विवरण के आधार पर विकसित किया गया था और डीयूएस दिशानिर्देश (पीपीवी और एफआरए 2009) जो जर्मप्लाज्म के संग्रह और प्रलेखन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विकसित नया एलसीसीवी (बड़ी इलायची चिरके वायरस) चिरके वायरस अनुक्रमण के लिए विशिष्ट प्राइमर। ट्रांसक्रिप्टोम अध्ययन के लिए बड़ी इलायची से न्यूक्लिक एसिड अलग करने के लिए प्रोटोकॉल विकसित और अनुकूलित किया गया।

ग. कृषि विज्ञान और मृदा विज्ञान

अ) छोटी इलायची

आमतौर पर किसानों द्वारा पालन की जाने वाली विभिन्न पर्ण अनुप्रयोग व्यवहारों पर अध्ययन के परिणाम इंगित करते हैं कि पानी में घुलनशील उर्वरकों के अनुप्रयोग (1 की दर से 19:19:19) के परिणामस्वरूप बहुत अच्छी उपज हुई है। इलायची की वृद्धि और उपज गुण उपचार में काफी बेहतर थे, जहां नाइट्रोजन उर्वरक की अनुशंसित खुराक के साथ नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया था। उर्वरकों (आरडीएफ) एफवाईएम की अनुशंसित खुराक दो (2) मिली / लीटर की दर से सिलिकन पर्ण स्प्रे 10 ग्राम/पौधे की दर से सिलिकन मिट्टी के प्रयोग के साथ अन्य उपचारों की तुलना में काफी अधिक कैप्सूल उपज दर्ज की है। दो (2) मिली/लीटर की दर से सिलिकॉन पर्ण स्प्रे 10 ग्राम/पौधे सिलिकॉन मिट्टी के अनुप्रयोग की दर से अनुप्रयोग कैप्सूल के साथसाथ शूट पर लीफ बाइट, क्लंप रोट, थ्रिप्स और बोरर क्षति की कम से कम घटनाओं को रिकोड किया। बेहतर रंग प्रतिधारण के लिए इलायची प्रसंस्करण के प्रारंभिक चरण के दौरान अनुप्रयोग हेतु सोडियम बाइकार्बोनेट की डोज का मानकीकरण।

इलायची ट्रैक्ट का मृदा उर्वरता आकलन आधारित एकीकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और जलवायु अनुकूल इलायची की खेती के लिए ऐप आधारित उर्वरक सिफारिश पर सहयोगी अनुसंधान परियोजना के तहत बारह मापदंडों के लिए 1,076 मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण किया गया, कुल 12,912 पैरामीटर और भूसंदर्भित डेटा को डिजिटलीकृत किया गया। इडुक्की जिले के इलायची उगाने वाले इलाकों के दीर्घकालिक जलवायु डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि अधिकतम तापमान बढ़ रहा है और न्यूनतम तापमान कम हो रहा है, इस प्रकार तापमान सीमा बढ़ रही है जो इलायची जैसी थर्मोसेंसटिव फसलों के लिए हानिकारक हो सकती है। इडुक्की जिले के इलायची उगाने वाले इलाकों में खुले कुएं, बोरवेल और जलधारा से लिए गए पानी के नमूनों से एमआरएल मूल्यों के नीचे एलसीएमएस / एमएस में पुष्टि करण विश्लेषण के माध्यम से पचास कीटनाशक अणुओं का पता चला था।

आ) बडी इलायची

आईसीएआर बारापानी में मेघालय में विविध जैविक प्रबंधन व्यवहारों के तहत बड़ी इलायची की उत्पादन क्षमता का प्रयोग पूरा किया गया। 0.5 की दर से बोरेक्स के पर्ण अनुप्रयोग के साथसाथ 2.5 किग्रा/हेक्टेयर की दर से बोरेक्स के मृदा अनुप्रयोग से 2.40 के लाभ लागत अनुपात के साथ उच्चतम शुष्क उपज (515.78 किग्रा/हेक्टेयर) दर्ज की गई। सतही मल्चिंग उपचार में मिट्टी में नमी की मात्रा (21.01) काफी अधिक दर्ज की गई। उच्चतम शुष्क उपज (552.33 किग्रा/हेक्टेयर) को 3.14 के उच्चतम लाभ लागत अनुपात के साथ ढलान के आरपार विधिवत भरे हुए बायोमास के उपचार में प्राप्त किया गया था।

घ पादप रोगविज्ञान

अ) छोटी इलायची

स्वस्थ हुई इलायची से ओजोन के अनुप्रयोग द्वारा कीटनाशक को हटाने के लिए एक अध्ययन किया गया। परिणाम में पाया गया कि ओजोन से एसिटामिप्रिड (46.15), इमिडाक्लोप्रिड (82.25), मैनकोज़ेब (86.69), और मेटलैक्सिल (94.44) के अवशेषों को हटाया जा सकता है। प्रयोगशाला स्थितियों के तहत छोटी इलायची और जैवनियंत्रित अभिकर्मकों (ट्राइकोडर्मा और स्यूडोमोनास) के प्रमुख रोगजनकों के खिलाफ सतह स्टेरिलेंट, हाइड्रोजन पेरोक्साइड की विभिन्न सांद्रता (0.5,1 और 1.5) में परीक्षण किया गया था। यह साबित हो गया है कि परीक्षण किए गए सभी सांद्रता में रोगजनकों और जैवनियंत्रित अभिकर्मकों की वृद्धि पूरी तरह से बाधित है।

छोटी इलायची के राइज़ोम और जड़ से दो एंडोफाइटिक बैक्टीरिया को अलग किया गया, जो फ्यूसैरियम ऑक्सीस्पोरम रोग़जनक़ के मायसेलियल विकास के 82 प्रतिशत और 66 प्रतिशत अवरोध को दर्शाता है इसकी क्रमश ऑक्सीस्पोरम और स्यूडोमोनास और बेसिलस एसपी. के रूप में पहचान की गई थी। इलायची के लीफ ब्लाइट रोग के नियंत्रण के लिए एक फील्ड परीक्षण में चार कवकनाशी का मूल्यांकन किया गया। टेबुकोनाजोल के प्रयोग से पर्ण चित्ती की घट ना सबसे कम हुई थी, इसके बाद हेक्साकोनाजोल था ।

आ) बडी इलायची

मुरझाए पत्ते (फल्र्ड लीफ) रोग पर विस्तृत जांच की गई। विभिन्न किस्मों में, सरमना की खेती में सबसे अधिक घटना दर्ज की गई और ज़ोंगुस गोल्सी ने सबसे कम घटना दर्ज की। खेत और किसानों के खेत की सभी किस्मों में मुरझाया हुआ पत्ता रोग की घटना देखी गई। आईसीआरआई के

फार्मों और किसानों के खेतों में रोग निगरानी की गई। खेत में ओला पत्थर प्रभावित पौधों में झुलसा की घटना (40) अधिक देखी गई।

ङ कीट विज्ञान

अ) छोटी इलायची

प्रमुख कीट जैसे थ्रिप्स और बोरर के खिलाफ खेत की स्थिति के अनुसार कीटनाशकों के बिना छिड़काव वाली पंद्रह छोटी इलायची की किस्मों / किसान किस्मों की जांच की। जिन किस्मों की जांच की गई, उनमें एमसीसी 260 में सबसे ज्यादा कीट संक्रमण दर्ज किया गया। अधिकांश किसानों द्वारा नकली और सिंथेटिक पाइरेथ्रोइड्स के साथ ऑर्गनोफॉस्फोरस (ओपी) समूह कीटनाशकों के संयोजन के अंधाधुंध उपयोग के कारण, इडुक्की क्षेत्र के अधिकांश स्थानों में कैप्सूल, पैनिकल्स और लीफ शीथ पर थ्रिप्स की क्षति 80-90 से अधिक थी। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों ने भी कैप्सूल और पैनिकल्स पर अधिक थ्रिप्स क्षति को प्रेरित किया।

आ) बडी इलायची

काबी और पांगथांग अनुसंधान फार्मों में कैप्सूल बोरर द्वारा क्षति की तीव्रता और कीट के हॉट स्पॉट क्षेत्रों की पहचान के तहत कुछ स्थानों पर अवलोकन दर्ज किए गए थे। यह देखा गया कि दोनों खेतों में पिछले वर्षों की तुलना में घटनाओं में वृद्धि हुई थी। बड़ी इलायची के बागानों से एकत्र किए गए मिट्टी के नमूनों में छह नेमाटोड प्रजातियां अर्थात् हेलिकोट इलेकस एसपीपी., होपलोलैमस एसपी., टायलेनचोरिन्चस एनुलैटस, प्रेटिलेनचस एसपी, मेलोइडोगाइन इनकॉग्निटा और क्रिकोनेमेटिड्स के विभिन्न स्तर के नेमाटोड काउंट की पहचान की गई थी और बड़ी इलायची की जड़ से जुड़ी दो प्रजातियों को भी अलग किया गया।

बड़ी इलायची के गोदामों में पहली बार भंडारण कीट अलमंड मोथ की घटना की सूचना मिली थी। आईसीएआरसेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीएचईटी), लुधियाना, पंजाब की मदद से इस कीट की पहचान की गई थी।

च. प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण

अ) छोटी इलायची

1. अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

आईसीआरआई द्वारा विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए चार एक्सपोजर दौरे आयोजित किए गए और इन एक्सपोजर दौरों से 167 विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

2. बायोएजेंट उत्पादन

स्यूडोमोनास फ्लोरेसेंस (1233 लीटर) और ट्राइकोडर्मा का तरल सूत्रीकरण इलायची में सड़न रोग के प्रबंधन के लिए हर्जियानम (988 लीटर) का उत्पादन और आपूर्ति किसानों को आईसीआरआई, मैलाडुम्पारा से की गई थी। छोटी इलायची में रूट ग्रब के स्थायी प्रबंधन के लिए बड़े पैमाने पर गुणा और 80,770 ईपीएन शवों की आपूर्ति की। ट्राइकोडर्मा हरज़ियानम (तरल) 190 एल, ट्राइकोडर्मा हर्जियानम (कॉफी की भूसी) 237 किग्रा और स्यूडोमोनास फ्लोरोसेंस (तरल) 253 लीटर का उत्पादन और आपूर्ति आरआरएस, सकलेशपुर से की गई थी।

3. वेबिनार और स्पाइस क्लीनिक

भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान, मैलाडुम्पारा द्वारा अठारह वेबिनार आयोजित किए गए और इन कार्यक्रमों में 1374 किसानों ने भाग लिया। तीन मोबाइल स्पाइस क्लीनिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और नैदानिक क्षेत्र के दौरे और कृषि सलाहकार सेवाओं के माध्यम से 65 किसान लाभान्वित हुए।

4. मृदा परीक्षण सेवा परामर्शिका और गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का उत्पादन

आईसीआरआई, मैलाडुम्पारा ने काली मिर्च (रूटेड पॉलीबैग 8494 नग) और इलायची सकॅर्स (26837) की गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री का उत्पादन किया और स्पाइस उत्पादक किसानों को आपूर्ति की गई। कर्नाटक क्षेत्र के लिए आईसीआरआई, आरआरएस, सकलेशपुर द्वारा स्पाइस उत्पादक किसानों को इलायची के प्राथमिक रोपण (3850), इलायची के द्वितीयक रोपण (6432), काली मिर्च (रूट कटिंग) (1983) और इलायची उन्नत पौध (2472) की आपूर्ति की गई।

केरल के इडुक्की जिले के इलायची हिल रिजर्व से 1734 मिट्टी के नमूनों के लिए प्राथमिक, द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों को शामिल करते हुए बीस हजार आठ सौ आठ (20,808) मिट्टी की उर्वरता मापदंडों का परीक्षण किया गया और निशुल्क उर्वरक सिफारिशें दी गईं।

आ) बडी इलायची

सिक्किम के चार जिलों के साथसाथ पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिले में बड़ी इलायची की खेती के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए 19 मसाला क्लीनिकों का संचालन किया गया। मसाला प्रसंस्करण की गुणवत्ता में सुधार के लिए एआईसीआरपीएस की वित्तीय सहायता से अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) के तहत सिक्किम के अनुसूचित जाति के किसानों में सोलह डेलमार्क बहुउद्देशीय विद्युत ड्रायर वितरित किए गए।

छ. सामान्य

अ) आईसीआरआई ने 1416 दिसंबर, 2021 तक बोलगट्टी पैलेस, कोच्चि में वृक्षारोपण फसल संगोष्ठी (प्लाक्रोसिम XXIV) का आयोजन किया है। विभिन्न अनुसंधान संस्थानों और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के लगभग 270 वैज्ञानिकों ने सहभागिता की और संगोष्ठी में 243 शोध लेख प्रस्तुत किए। प्लाक्रोसिम XXIV के दौरान इंडियन सोसाइटी फॉर प्लांटेशन क्रॉप्स (आईएसपीसी) द्वारा जम्मूकश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में केसर, मिर्च और काला जीरा की खेती की संभावनाएं एक केस स्टडी शीर्षक वाले लेख के लिए एम.ए अंसार अली, के. धनपाल और ए.बी रेमा श्री को सर्वश्रेष्ठ मूल शोध पत्र पुरस्कार 2021 प्रदान किया गया। आईसीआरआई के वैज्ञानिकों ने प्लाक्रोसिम XXIV में 50 शोध पत्र प्रस्तुत किए।

आ) वर्ष के दौरान निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हुईं

i. छोटी इलायची की खेती के तरीके (प्लाक्रोसिम XXIV के दौरान जारी) .

ii. सार पुस्तक का शीर्षक महामारी और उससे परे से मुकाबला बागान फसल क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार (प्लाक्रोसिम XXIV के दौरान जारी)।

iii. स्मारिका प्लाक्रोसिम XXIV (प्लाक्रोसिम XXIV के दौरान जारी)।

आईसीआरआई आरआरएस, गंगटोक ने किसानों के लाभ के लिए अंग्रेजी और नेपाली भाषाओं में बड़ी इलायची के झुलसा रोग और इसके प्रबंधन पर एक पैम्फलेट जारी किया ।

ज. बाह्य रूप से वित्त पोषित और सहयोगात्मक परियोजनाएं

आईसीआरआई ने रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है।

अ. मसालों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना आई.सी.ए.आर., नई दिल्ली आई.सी. आर.आई., मैलाडुम्पारा; आई.सी.आर.आई. आर.आर. एस., सकलेशपुर और आई.सी.आर.आई., आर.आर. एस., गंगटोक ए.आई.सी.आर.पी.एस. के मान्यता प्राप्त सहचयन केंद्र हैं।

आ. इलायची भूभाग के जीआईएस आधारित मिट्टी उर्वरता मूल्यांकन को एकीकृत करना और जलवायु लचीला इलायची की खेती के लिए ऐप आधारित उर्वरक सिफारिश नामक सहयोगी परियोजना के तहत भौगोलिक स्थानों से एक हजार इकतीस मिट्टी के नमूने एकत्र किए गए और रिपोर्टिंग अवधि के दौरान उर्वरता मानकों को सारणीबद्ध किया गया। कांठीपारा, उडुंबंचोला और चतुरंगपारा गांवों के विश्लेषणात्मक डेटा को मिट्टी की उर्वरता मानचित्रण और जीआईएस विश्लेषण के लिए भारतीय रबड़ अनुसंधान संस्थान (आरआरआईआई) (सहयोगी संस्थान) को आगे संचरण के लिए सारणीबद्ध किया गया था।

इ. इडुक्की जिले के इलायची की खेती वाले क्षेत्रों में कीटनाशकों के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन शीर्षक वाली परियोजना मार्च, 2022 में समाप्त हुई थी। इस परियोजना को भूजल निदेशालय, भूजल विभाग, केरल सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था। इलायची हिल रिजर्व (सीएचआर) में जलाशयों से लिए गए लगभग 337 जल के नमूनों का वर्ष 2021-22 के दौरान ऑर्गेनो क्लोरीन, ऑर्गेनो फास्फोरस और कीटनाशकों के कार्बामेट समूह के लिए विश्लेषण किया गया था।

ई. राज्य बागवानी मिशन, केरल सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए 194.00 लाख रुपये की कुल लागत पर भारतीय इलायची अनुसंधान संस्थान, मैलाडुम्पारा की गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला को मजबूत करके इलायची हिल रिजर्व के लिए एक व्यापक निगरानी प्रणाली की स्थापना शीर्षक वाली एक परियोजना को मंजूरी दी गई थी और परियोजना के तहत जीसीएमएस/एमएस, फ्लैश क्रोमैटोग्राफी, नाइट्रोजन इवेपोरेटर और जल शोधन प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण उपकरणों की खरीद के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उ. छोटी इलायची में कवकनाशी (फंगिसाइड) फ्लुपीकोलाइड 4.44 फोसेटाइल छन 66.67 उक्ष के नए अणुओं का मूल्यांकन कैप्सूल रोट और राइज़ोम रोट रोगों के खिलाफ किया गया था। यह पाया गया है कि इस कवकनाशी (फंगिसाइड) के 0.2 की दर से छिड़काव और भीगोने से इलायची में सड़न रोगों की घटनाओं में काफी कमी आई है। इस पेड अप ट्रायल को मेसर्स बायर क्रॉप साइंस लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित किया गया है।

ऊ केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में पांच अलगअलग कृषि जलवायु स्थानों में नए अणु, एसेफेट 95 एसजी (हंक) का मूल्यांकन किया। छोटी इलायची में प्रमुख कीटों थ्रिप्स और शूट बोरर के खिलाफ एसेफेट (हंक) 95 एसजी 1000 ग्राम/हेक्टेयर का छिड़काव प्रभावी पाया गया है। इस पेड अप ट्रायल को रैलिस इंडिया द्वारा वित्त पोषित किया गया है और मार्च, 2022 को पूरा किया गया है।

11

सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रक्रमण

सूचना प्रौद्योगिकी के लाभ के साथ स्पाइसेस बोर्ड की गतिविधियों में काफी बदलाव आया है। कई मैनुअल संचालन को ऑनलाइन सिस्टम से बदल दिया गया है जो बोर्ड के विभिन्न विभागों के कार्यभार को प्रभावी ढंग से कम करता है और उनके संचालन के समय को कम करता है। ईडीपी विभाग उनके साथ काम करके बोर्ड के विभिन्न विभागों में सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग की सुविधा प्रदान करता है। वास्तव में, यह पूरी प्रणाली को तेज और अधिक उत्पादी बनाता है और बोर्ड को अधिक कुशलता से प्रदर्शन करने में सक्षम बनाता है।

1. ईडीपी विभाग की मुख्य गतिविधियां

- सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के लिए बोर्ड के विभिन्न विभागों और कार्यालयों को सलाह देना, उनका मार्गदर्शन और सहायता करना।
- मौजूदा एप्लिकेशन, मैसेजिंग समाधान, इंटरनेट और वेबसाइट रखरखाव के लिए हेल्प डेस्क प्रबंधन।
- हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, डेटाबेस, नेटवर्किंग और परिधीय उपकरण जैसे संगठन के व्यापक आईटी संसाधनों का प्रशासन।
- प्रौद्योगिकी अधिग्रहण, एकीकरण और कार्यान्वयन के लिए रणनीति तैयार करना।
- आईटी अवसंरचना का उन्नयन।
- आईटी उपकरण और सॉफ्टवेयर के सुचारू कामकाज के लिए सिस्टम और प्रक्रियाओं को परिभाषित और कार्यान्वित करना।
- डेटा प्रासेसिंग।
- नए सिस्टम (या मौजूदा सिस्टम में संशोधन) की आवश्यकता की पहचान करना और उपयोगकर्ताओं के अनुरोधों का जवाब देना।
- सूचना प्रणाली और एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर की डिजाइन, विकास, प्रलेखन, परीक्षण, कार्यान्वयन और रखरखाव।
- बोर्ड की वेबसाइट indianspices.com, spicesboard.in, indianspices.org.in, worldspicecongress.com and ccsch.in. l
- कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम को तैयार और संचालित करना।

2. 2021-22 की प्रमुख उपलब्धियां

- क्लाउड आधारित ई-नीलामी प्रणाली, जो स्पाइसेस पार्क पुट्टडी, इडुक्की और बोडिनायकनूर, तमिलनाडु में स्पाइसेस बोर्ड के ई-नीलामी केंद्रों पर एक साथ ई-नीलामी आयोजित करने की सुविधा प्रदान करती है, लागू की गई। नई प्रणाली इलायची के व्यापार में उच्च क्षमता और पारदर्शिता लाने में मदद करती है।
- निर्यातकों और किसानों की सुविधा के लिए स्पाइस बोर्ड के साथ प्रश्न पूछने / उठाने के लिए वर्चुअल ऑफिस बनाया गया और वेबसाइट "indianspices.com" में जोड़ा गया।
- निर्यातकों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और स्पाइसेस बोर्ड द्वारा जारी अपने सीआरईएस लाइसेंस में किसी भी संशोधन के लिए ऑनलाइन भुगतान करने और इसे ऑनलाइन संसाधित करने के लिए सीआरईएस आवेदन की सुविधा का उन्नयन।

3. निर्यात समर्थन प्रणाली सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन को निम्नलिखित नई सुविधाओं को शामिल करने के लिए अपग्रेड किया गया था

i. निर्यातक विवरणी प्रस्तुत करना

ii. नमूना तैयार प्रमाण पत्र (एसडीसी)

iii. यूके के लिए स्वास्थ्य प्रमाणपत्र

iv. ईटीओ पैरामीटर परीक्षण और ईटीओ के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनाना

4. क्वाडमास सॉफ्टवेयर से उत्पन्न विश्लेषणात्मक रिपोर्ट को संशोधित किया गया है और इसमें डिजिटल हस्ताक्षर और क्यूआर कोड शामिल हैं। अब डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट क्लाउड सर्वर में उपलब्ध है जो रिपोर्ट के मुद्रण की आवश्यकता से बचाती है और रिपोर्ट को अब ऑनलाइन सत्यापित किया जा सकता है। किसानों की सहायता करने और विभिन्न कृषि पद्धतियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए किसान मोबाइल ऐप विकसित किया गया था।

5. सार्वजनिक वेबसाइट: indianspices.com का उन्नयन किया गया।

6. सार्वजनिक और आंतरिक विभागों द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रमुख सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों का उन्नयन किया गया ।

12

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (2005 का 22) संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था और राष्ट्रपति की स्वीकृति 15 जून 2005 को प्राप्त हुई थी। अधिनियम का उद्देश्य सार्वजनिक प्राधिकरण के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के क्रम में, सार्वजनिक प्राधिकरणों के नियंत्रण के अधीन की जानकारी सुरक्शित रूप से प्राप्त करने हेतु नागरिकों को सूचना के अधिकार का एक व्यावहारिक शासन व्यवस्था स्थापित करना है। अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत अधिसूचित कुछ सूचना को छोड़कर सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नागरिक, बोर्ड की जानकारी प्राप्त कर सकता है। नागरिक निर्धारित शुल्क के भुगतान पर बोर्ड के बारे में सूचना प्राप्त कर सकते हैं।

बोर्ड ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 को कारगर ढंग से कार्यान्वित किया है और इस संबंध में सरकार के सभी निर्देशों का अनुपालन किया है। बोर्ड ने केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारियों द्वारा प्रेषित सूचना के प्रसारण के समायोजन हेतु उपनिदेशक (लेखापरीक्षा और सतर्कता) को समन्वयक केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के रूप में नामित किया है। मुख्यालय में एक सहायक समन्वयक केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी को भी नामित किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना के प्रसारण के लिए बोर्ड ने सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 5 (2) के तहत मुख्यालय में सात केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) और अनुसंधान स्टेशन, मैलाडुंपारा, इडुक्की में एक केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) को पदनामित किया गया है। निदेशक (अनुसंधान), स्पाइसेस बोर्ड को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (1) के अंतर्गत अपीलीय प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है और सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के सक्रिय प्रकटीकरण दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उपनिदेशक (लेखापरीक्षा और सतर्कता) को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उप निदेशक (ईडीपी) को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 के अंतर्गत दायित्वों के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए बोर्ड के पारदर्शिता अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। बोर्ड ने हर सूचना, जो प्रकट करना अपेक्षित है, को स्वप्रेरणा से, ऐसे प्ररूप और रीति में बोर्ड के आधिकारिक वेबसाइट के ज़रिए आवश्यक जानकारी का ऐसे प्रकार और रूप में प्रकट किया है, जो सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 (1) जनता के लिए सहज रूप से पहुँच योग्य है।

वर्ष 2021-22 के दौरान, भौतिक रूप से और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कुल 66 सूचना का अधिकार आवेदन प्राप्त हुए। सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कुल 16 अपीलें भी प्राप्त हुईं और निर्धारित समय के भीतर सभी मामलों में सूचना का प्रसार किया गया। इस अवधि के दौरान केंद्रीय सूचना आयोग की कोई सुनवाई नहीं हुई। आरटीई पंजीकरण शुल्क के रूप में 100/ रुपए प्राप्त हुए। केंद्रीय सूचना आयोग की वेबसाइट पर निर्धारित क्रम के अनुसार त्रैमासिक आरटीआई विवरणी (पहली तिमाही से चौथी तिमाही तक) का अद्यतनीकरण किया गया।

भविष्य की ओर

स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, वैश्विक मसाला क्षेत्र एक पुनरुत्थान की राह पर है, जो खाद्य में अधिक प्राकृतिक उत्पादों और घटकों के लिए बदलती ग्राहक प्राथमिकताओं से संवर्धित है। यह भारत के लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करता है, क्योंकि हम मसालों की दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक हैं। मसाले स्वाद और रंग देने वाले एजेंटों एवं परिरक्षक पदार्थों के रूप में उपयोग में हैं, और रिकॉर्ड किए गए इतिहास से परे हैं। हालांकि, मसालों और उनके सक्रिय अवयवों के उपयोग पर स्वास्थ्य विकारों के लिए संभावित सुधारात्मक या निवारक एजेंटों के रूप में बढ़ती रुचि के साथसाथ उच्च अंत मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए मसालों के औद्योगिक अनुप्रयोगों में वृद्धि ने मसाला उद्योग, विशेष रूप से न्यूट्रास्युटिकल और आहार पूरक क्षेत्रों के साथसाथ मसाला तेल, तैलीराल और अन्य नए उत्पादों के लिए कई संभावित रास्ते की शुरुआत की है।

वैश्विक मसाला क्षेत्र में नए विकास ने भारतीय उद्योग को बदलती वैश्विक आवश्यकताओं के साथ संरेखित करने हेतु खुद का कौशल बढ़ाने और उसको लैस करने की आवश्यकता है।

आयातक देशों के खाद्य नियमों ने खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के बारे में बढ़ती वैश्विक जागरूकता के साथ तालमेल बिठाया है, और खाद्य सुरक्षा नियमों के सख्त होने की एक सामान्य प्रवृत्ति है। मसालों के लिए, दुनिया भर में नियमित आधार पर नई नियामक आवश्यकताएं उभर रही हैं, और आने वाले वर्षों में भारतीय मसाला क्षेत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक प्रमुख मसालों के निर्यात योग्य अधिशेष उत्पादन बनाए रखना होगा जो इन नियमों के अनुरूप हैं।

इस मुद्दे को दो स्तरों पर संबोधित किया जाना चाहिए। पहला, मसाला उत्पादकों के स्तर पर जागरूकता और क्षमता निर्माण का सृजन होना चाहिए। दूसरे, भारतीय मसाला निर्यात को नवीनतम विश्वव्यापी नियामक आवश्यकताओं के साथ अद्यतन एक मजबूत निर्यात खेप निगरानी प्रणाली से गुजरना चाहिए। मसाला बोर्ड पूरे भारत में मसाला उत्पादन और निर्यात केंद्रों में इन दोनों पहलुओं को संबोधित करने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

भविष्य के हस्तक्षेप के प्रमुख क्षेत्र होंगे

- खरीददारों और उपभोक्ताओं द्वारा मांगे गए मसालों और मसालों के उत्पादों के स्थान परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले अवसरों का दोहन करने के लिए प्रसंस्करण और विनिर्माण क्षमताओं तथा अवसंरचना का उन्नयन/अनुकूलन करना।
- उपयुक्त प्रौद्योगिकियों और रणनीतियों के साथ नवीन उत्पादन प्रणालियों का विकास जो गुणवत्ता की चिंताओं के साथसाथ अन्य आपूर्तिकर्ताओं से प्रतिस्पर्धा को दूर करने के लिए खरीदारों की गुणवत्ता आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।
- उच्च खाद्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के लिए ट्रैसेबिलिटी और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आपूर्ति श्रृंखला का सुव्यवस्थित और कुशल प्रबंधन।
